आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

वसंत पंचमी

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 10 | उज्जैन, शुक्रवार 23 जनवरी, 2026 | माघ शुक्ल 5 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### ट्रम्प का यू-टर्न, यूरोपीय देशों पर 10% टैरिफ नहीं लगाएंगे

**दावोस।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प यूरोपीय देशों पर 10% टैरिफ लगाने से पीछे हट गए हैं। ये टैरिफ 1 फरवरी से लगने वाले थे। ट्रम्प ने बुधवार को कहा कि उन्होंने दावोस में नाटो चीफ जनरल मार्क रुट के साथ बातचीत के बाद यह फैसला लिया। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर लिखा कि उनकी नाटो चीफ के साथ ग्रीनलैंड को लेकर होने वाले समझौते की बुनियादी बातें तय हो गई हैं। अगर यह समझौता पूरा होता है, तो यह अमेरिका और नाटो के सभी देशों के लिए फायदेमंद होगा। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका, नाटो और दूसरे देश मिलकर पूरे आर्कटिक क्षेत्र की सुरक्षा पर काम करेंगे, जिसमें ग्रीनलैंड भी शामिल रहेगा। हालांकि ट्रम्प ने इस समझौते की पूरी जानकारी देने से मना कर दिया।

### केन्द्रीय मंत्री नड्डा तीन दिन के प्रवास पर जबलपुर आ रहे

**जबलपुर।** पूर्व भाजपा अध्यक्ष व केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा का तीन दिवसीय प्रवास पर गुरूवार को जबलपुर आगमन हो रहा है। नड्डा गुरूवार की शाम 5 बजे नई दिल्ली से वायुयान द्वारा जबलपुर आयेंगे। वे तीन दिनों तक विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार केन्द्रीय मंत्री नड्डा डुमना एयरपोर्ट से शाम 5.30 बजे लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के साउथ सिविल लाईन स्थित निवास पहुंचेंगे तथा यहां से शाम 6.30 बजे मदन महल थाना के समीप स्थित सांसद आशीष दुबे के कार्यालय के लिए रवाना होंगे। सांसद कार्यालय से आप शाम 7.40 बजे सुभाषचंद्र बेनर्जी मार्ग सिविल लाइन पचपेढी. स्थित पूर्व सांसद जयश्री बेनर्जी के निवास के लिए प्रस्थान करेंगे तथा रात्रि विश्राम करेंगे।

### मनोज मुंतशिर ने रहमान के बयान से जताई असहमति



**कहा- पिछले आठ सालों में पठान-जवान जैसी फिल्में 500 करोड़ क्लब में पहुंचीं**

**मुंबई।** ऑस्कर विनर म्यूजिक कंपोजर ए.आर. रहमान के हालिया बयान पर गीतकार मनोज मुंतशिर और संगीतकार मिथुन ने रहमान के विचारों से असहमति जताते हुए कहा है कि उन्हें कभी भी इंडस्ट्री में धर्म या जाति के आधार पर भेदभाव महसूस नहीं हुआ। बातचीत में मनोज मुंतशिर ने कहा कि ए.आर. रहमान पर पूरे देश को गर्व है और वह एक विशाल सोच और बड़े दिल वाले कलाकार हैं। उन्होंने कहा, मैं रहमान साहब की बहुत इज्जत करता हूं, लेकिन उनके इस बयान से सहमत नहीं हूं कि इंडस्ट्री में धर्म या जाति के आधार पर भेदभाव होता है। पिछले 10-12 सालों में मेरा अनुभव ऐसा नहीं रहा। उन्होंने आगे कहा कि जिन आठ सालों की बात की जा रही है, उसी दौर में पठान और जवान जैसी फिल्में 500 करोड़ रुपए क्लब में शामिल हुईं और दुनिया भर में भारत का नाम रोशन किया। मनोज ने कहा कि जिस इंडस्ट्री में जावेद अख्तर, साहिर लुधियानवी, मजरूह सुल्तानपुरी और नौशाद जैसे दिग्गज रहे हों, वहां भेदभाव की बात समझ से परे है। मनोज मुंतशिर ने यह भी कहा कि छावा जैसी फिल्म, जो वीर संभाजी महाराज पर आधारित है, उसका संगीत ए.आर. रहमान ने ही दिया है और आने वाली रामायण का संगीत भी वही तैयार कर रहे हैं, तो कृपया मुझे यह समझने में मदद करें कि आखिर जाति, धर्म और मजहब के नाम पर उनके साथ भेदभाव कैसे हो रहा है? वहीं संगीतकार मिथुन ने भी रहमान के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने व्यक्तिगत रूप से उनसे बहुत प्रेरणा ली है। मिथुन ने कहा, मैंने देखा है कि जब रहमान सर अपने ईमान और पहचान के साथ मंच पर प्रस्तुति देते हैं, तो हर धर्म और संस्कृति के लोग उन्हें सम्मान और प्यार देते हैं।

### बांग्लादेश में पाकिस्तान समर्थक इस्लामिक पार्टी सरकार बना सकती है

**ढाका।** बांग्लादेश में अगले महीने होने वाले आम चुनाव में एक बड़ा राजनीतिक उलटफेर देखने को मिल सकता है। लंबे समय तक राजनीति से बाहर रही पाकिस्तान समर्थक कट्टरपंथी पार्टी जमात-ए-इस्लामी पहली बार सरकार बनाने के बेहद करीब पहुंचती नजर आ रही है। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक हाल ही में हुए दो अलग-अलग सर्वे में जमात देश की दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। वह पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी को कड़ी टक्कर दे रही है। बांग्लादेश में 12 फरवरी को 300 संसदीय सीटों पर आम चुनाव होंगे। जमात-ए-इस्लामी वही पार्टी है जिसने 1971 में बांग्लादेश की आजादी का विरोध किया था और पाकिस्तानी सेना का साथ दिया था। देश की आजादी के बाद 1972 में इस पर बैन लगा दिया गया था।

### अविमुक्तेश्वरानंद को चेतावनी- माघ मेले से बैन कर देंगे

**प्रयागराज।** प्रयागराज में अविमुक्तेश्वरानंद और माघ मेला प्रशासन के बीच टकराव बढ़ता जा रहा है। 48 घंटे के अंदर प्रशासन ने अविमुक्तेश्वरानंद को दूसरा नोटिस भेजा है। इसमें मौनी अमावस्या के दिन बैरियर तोड़ने और जबरन भीड़ में बग्घी घुसाने को लेकर सवाल किए हैं। पूछा है कि क्यों न आपको हमेशा के लिए माघ मेले से बैन कर दिया जाए? अगर 24 घंटे के भीतर संतोषजनक जवाब नहीं मिला, तो संस्था को दी गई जमीन और सुविधाएं वापस ले लेंगे। अविमुक्तेश्वरानंद के मीडिया प्रभारी शैलेंद्र योगिराज ने कहा- प्रशासन ने बुधवार शाम 7 बजे शिविर के पीछे नोटिस चस्पा किया, जिस पर 18 जनवरी की डेट थी। अविमुक्तेश्वरानंद ने गुरुवार सुबह 8 बजे 3 पेज में दूसरे नोटिस का जवाब मेला ऑफिस भिजवाया।

---

### जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में सेना की गाड़ी 400-फीट गहरी खाई में गिरी

# 10 जवानों की जान गई, 11 को एयरलिफ्ट किया

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर





जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में गुरुवार को सेना की गाड़ी 400 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में 10 जवानों की मौत हो गई, जबकि 11 को एयरलिफ्ट कर उधमपुर मिलिट्री हॉस्पिटल भेजा गया है।

सेना के अधिकारी ने बताया कि गाड़ी में 21 जवान सवार थे। सभी डोडा से ऊपरी पोस्ट पर जा रहे थे। भद्रवाह-चंबा इंटरस्टेट रोड पर खन्नी टॉप के पास ड्राइवर ने गाड़ी से कंट्रोल खो दिया।

जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि इस हादसे से दुःखी हूं। इस घड़ी में पूरा देश शोक संतप्त परिवारों के साथ एकजुटता और समर्थन में खड़ा है। घायल सैनिकों को एयरलिफ्ट करके अस्पताल पहुंचाया गया है। वरिष्ठ अधिकारियों को बेहतरीन इलाज सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

#### हादसे पर किसने क्या कहा

**केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह** ने कहा जम्मू-कश्मीर के डोडा में हुए सड़क हादसे से मन अत्यंत व्यथित है। इस हादसे में हमने अपने जिन वीर जवानों को खोया है, उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं।

**रक्षामंत्री राजनाथ सिंह** ने कहा कि दुखी परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। घायल सैनिकों को मेडिकल केयर मिल रही है और सबसे अच्छा इलाज पक्का करने के लिए सभी जरूरी निर्देश दिए गए हैं।

**मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला** ने जान गंवाने वाले सैनिकों के परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। अब्दुल्ला ने त्वरित बचाव और निकासी प्रयासों की भी सराहना की।

**कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी** ने कहा कि सेना का वाहन गहरी खाई में गिरने की वजह से कई जवानों की शहादत का समाचार अत्यंत दुखद है। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें।

**राज्य की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती** ने कहा कि डोडा से आई दुखद खबर सुनकर बहुत दुख हुआ। मेरी गहरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। घायलों के जल्द ठीक होने के लिए प्रार्थना करती हूं।

**केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह** ने हादसे पर कहा कि आर्मी की गाड़ी के एक्सीडेंट के बारे में जानकर बहुत दुख हुआ। हर मुमकिन मेडिकल मदद दी जा रही है। हमारे बहादुर जवानों के लिए गहरी श्रद्धा दिखाने के लिए कोई भी शब्द काफी नहीं है।

---

### अखंड पूजा वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला

## धार-भोजशाला में दोपहर 12 बजे तक पूजा, फिर नमाज होगी

#### नमाज के बाद दोबारा पूजा कर सकेंगे

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल



मध्य प्रदेश में धार की भोजशाला में बसंत पंचमी पर हिंदू पक्ष की पूजा के साथ ही मुस्लिम समाज भी नमाज अता कर सकेगा। सुप्रीम कोर्ट ने संतुलित समाधान देते हुए कहा कि दोपहर 1 से 3 बजे तक नमाज के लिए परिसर के भीतर ही एक अलग और विशेष क्षेत्र उपलब्ध कराया जाएगा, जहां आने-जाने के लिए अलग प्रवेश और निकास मार्ग होंगे, ताकि नमाज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। वहीं, हिंदू समुदाय को भी पारंपरिक धार्मिक अनुष्ठान करने के लिए परिसर में अलग स्थान दिया जाएगा।

दरअसल, हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस ने 23 जनवरी को बसंत पंचमी पर पूरे दिन अखंड सरस्वती पूजा की अनुमति के लिए 20 जनवरी को याचिका दायर की थी। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने आज (22 जनवरी) फैसला सुनाया है। मामले की सुनवाई सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल पंचोली की पीठ ने की।

#### हिंदू पक्ष ने कहा- बसंत पंचमी पर दिनभर पूजन होंगे

- सुनवाई के दौरान हिंदू पक्ष के वकील ने कहा कि बीते कुछ वर्षों से बसंत पंचमी शुक्रवार को पड़ रही है। कल बसंत पंचमी है और सूर्योदय से सूर्यास्त तक पूजा, हवन और पारंपरिक अनुष्ठान होंगे।
- भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के वकील ने अदालत को आश्वस्त किया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने की पूरी व्यवस्था की जाएगी, जैसा कि पूर्व वर्षों में किया जाता रहा है।

#### मस्जिद पक्ष बोला- नमाज के बाद परिसर खाली कर देंगे

मस्जिद पक्ष के वकील ने कहा कि दोपहर 1 से 3 बजे के बीच नमाज अदा की जाएगी। इसके बाद परिसर खाली कर दिया जाएगा। हिंदू पक्ष की ओर से यह सुझाव दिया गया कि नमाज शाम 5 बजे के बाद कराई जाए, ताकि पूजा निर्बाध चल सके। इस पर मस्जिद पक्ष ने स्पष्ट किया कि जुमे की नमाज का समय बदला नहीं जा सकता। अन्य नमाजों के समय में बदलाव संभव है।

#### नमाज के लिए विशेष क्षेत्र उपलब्ध कराया जाएगा

सुप्रीम कोर्ट ने एक संतुलित समाधान अपनाते हुए कहा कि दोपहर 1 से 3 बजे तक नमाज के लिए परिसर के भीतर ही एक अलग और विशेष क्षेत्र उपलब्ध कराया जाएगा, जहां आने-जाने के लिए अलग प्रवेश और निकास मार्ग होंगे, ताकि नमाज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। इसी तरह हिंदू समुदाय को भी बसंत पंचमी के अवसर पर पारंपरिक धार्मिक अनुष्ठान करने के लिए परिसर में अलग स्थान उपलब्ध कराया जाएगा।

---

### चांदी 19,386 और सोना 3,099 सस्ता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चांदी की कीमतों में गुरुवार 22 जनवरी को गिरावट रही। इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, चांदी 5% या करीब 19 हजार प्रति किलो गिर गई।

चांदी सुबह 3,03,584 रुपए पर खुली और 2,99,711 रुपए पर बंद हुई। कल ये 3,19,097 लाख रुपए पर बंद हुई थी और कारोबार के दौरान इसने 3,20,075 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

### वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने-काटने की प्रक्रिया का आज आखिरी दिन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के तहत वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने, काटने और सुधार की प्रक्रिया का 23 जनवरी आखिरी दिन है। इसी बीच कांग्रेस ने इस पूरी प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाते हुए बीजेपी पर सुनियोजित तरीके से वोटर लिस्ट से नाम कटवाने की साजिश का आरोप लगाया है।

कांग्रेस का दावा है कि सिर्फ 10 दिनों में करीब 11 लाख वोटरों के नाम काटने के लिए भारतीय जनता पार्टी द्वारा बूथ लेवल ऑफिसर्स को बड़े पैमाने पर फॉर्म-7 उपलब्ध कराए गए हैं। आरोप है कि इन फॉर्मों का इस्तेमाल विशेष रूप से एससी, एसटी, अल्पसंख्यक और कांग्रेस के परंपरागत वोट बैंक को मतदाता सूची से बाहर करने के लिए किया जा रहा है। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि जिन फॉर्म-7 के जरिए वोटर के नाम हटाने की प्रक्रिया चल रही है, वे प्री-प्रिंटेड (पहले से भरे हुए) हैं। इन फॉर्मों में विधानसभा क्रमांक, विधानसभा का नाम, जिस मतदाता का नाम हटाना है, उसका नाम और विवरण पहले से दर्ज है।

### हमारे पूर्वज धर्म का सत्य जानते थे : भागवत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दुनिया के देश आजकल अपने स्वार्थ के साथ चल रहे हैं। हर कोई चाहता है कि मेरा स्वार्थ सिद्ध होना चाहिए, मेरा हित होना चाहिए, मैं बढ़ता रहूं, बाकि लोगों का क्या होगा वो बाद का सवाल है।

सभी इसी सोच के साथ चल रहे हैं। लेकिन भारत देश और भारत के लोग कभी भी इस सोच के साथ नहीं चले, न ही चल रहे हैं और न ही चलेंगे, क्योंकि वो धर्म जानते हैं। यह ये बातें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने डीडवाना-कुचामन जिले के छोटी खाटू कस्बे में जैन श्वेतांबर तेरापंथ धर्मसंघ के 162वें मर्यादा महोत्सव में कहीं। इस दौरान भागवत ने कई मुद्दों पर अपनी बात रखी। मर्यादा महोत्सव में सरसंघचालक ने कहा कि एक महत्वपूर्ण बात हमारे पूर्वजों को पता चली, बाकि दुनिया को पता नहीं चली... वो बात यह है कि हम सब लोग दिखते अलग-अलग हैं, विश्व में सर्व बातें दिखती अलग-अलग हैं, लेकिन मूल में सब एक है। भागवत ने कहा कि धर्म के पीछे जो सत्य है वो बाकि दुनिया नहीं जानती, हमारे पूर्वज जानते थे।

---

### मुंबई समेत 15 नगर निगम में महिला महापौर होंगी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र के 29 नगर निगमों में से मुंबई समेत 15 में महिलाएं मेयर होंगी। गुरुवार को मुंबई में लॉटरी सिस्टम से इन्हें चुना गया। परभणी नगर निगम पर महिला महापौर को लेकर आपत्ति दर्ज की गई है।

लॉटरी सिस्टम पर शिवसेना नेता और मुंबई की पूर्व मेयर किशोरी पेडनेकर ने विरोध किया। उन्होंने दावा किया कि यह फैसला लेने के नियम बिना किसी को बताए बदल दिए गए। पिछले दो मेयर सामान्य वर्ग के थे, इसलिए नई मेयर अन्य पिछड़ा वर्ग या अनुसूचित जनजाति वर्ग से होना चाहिए था। 29 में से 12 सीटें एसटी, एससी, ओबीसी कैटेगरी के लिए आरक्षित की गई हैं, जबकि 17 सीटें सामान्य वर्ग के लिए हैं। शिंदे के गढ़ ठाणे में महापौर एससी कैटेगरी का होगा।

### वक्फ बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष अलीम कुरैशी गिरफ्तार

#### वक्फ बोर्ड के नाम पर फर्जी नियुक्ति पत्र, ब्लैकमेलिंग करने का भी आरोप

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल




मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड के नाम पर कूट रचित दस्तावेज तैयार कर लोकायुक्त संगठन में शिकायतें दर्ज कराने और इसके जरिए ब्लैकमेलिंग करने के गंभीर आरोप में भोपाल जिला वक्फ बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष अलीम कुरैशी को शाहजहांनाबाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। मामला थाना शाहजहांनाबाद में पदस्थ उप निरीक्षक द्वारा दर्ज एफआईआर के अनुसार सामने आया।

21 मार्च 2025 की जांच के दौरान वक्फ बोर्ड की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉक्टर फरजाना गजाल के कथन दर्ज किए गए। उन्होंने अपने आवेदन की पुष्टि करते हुए बताया कि लोकायुक्त में प्रस्तुत किए गए नियुक्ति आदेश वक्फ बोर्ड द्वारा जारी नहीं किए गए थे।

जांच में पूर्व मुख्य कार्यपालन अधिकारी मोहम्मद अहमद खान के बयान भी दर्ज किए गए। उन्होंने स्पष्ट किया कि लोकायुक्त में लगाए गए आदेश पत्र उनके द्वारा जारी मूल आदेश से पूरी तरह भिन्न हैं। केवल आदेश क्रमांक और दिनांक समान हैं, जबकि भाषा, शब्द और प्रारूप अलग हैं। साथ ही दस्तावेज पर किए गए हस्ताक्षर भी उनके वास्तविक हस्ताक्षर से मेल नहीं खाते, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि हस्ताक्षर की नकल करने का प्रयास किया गया।

### विधायक के पोते को संभालने वाली युवती ने किया सुसाइड

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर के 3 नंबर विधायक गोलू शुक्ला के पोते को संभालने का काम करने वाली युवती ने बुधवार को घर पर सुसाइड कर लिया। शाम को पिता जब घर पहुंचे तो बेटी को फंदे पर देखा। उसके माता-पिता गोलू शुक्ला के भाई बब्बी शुक्ला के घर पर काम करते हैं। पुलिस को मृतिका के घर से किसी तरह का सुसाइड नोट नहीं मिला है। मामले की जांच की जा रही है।

बाणगंगा पुलिस के मुताबिक नेहा (19) पुत्री रवि यादव, निवासी भगत सिंह नगर खारच्चा का शव उसके पिता ने बुधवार शाम को फंदे पर देखा था। नेहा विधायक गोलू शुक्ला के भतीजे और बब्बी के बेटे यश के बच्चे को संभालने का काम करती थी।

बुधवार को तबीयत ठीक नहीं लगने के चलते नेहा बंगले पर नहीं गई थी। नेहा की मम्मी बब्बी शुक्ला के यहां काम पर थीं। वहीं, पिता उनके फार्म हाउस पर काम करते है। वह काम से निपटने के बाद नगर निगम जोन पर थे।

---

## राहुल गांधी ने सिर पर गमछा बांधा, कंधे पर कुदाल रखी

### मनरेगा बचाओ सम्मेलन में बोले- वीबी-जीराम-जी जुमला है, गरीबों के हक पर हमला है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को नई दिल्ली में कहा कि वे वीबी-जीराम-जी बिल के बारे में नहीं जानते। उन्होंने कहा, वीबी-जीराम-जी जुमला है, गरीबों के हक पर हमला है। राहुल ने गरीबों से अपील की कि वे इस नए बिल के विरोध में एकजुट हों।

राहुल रचनात्मक कांग्रेस के राष्ट्रीय मनरेगा श्रमिक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन में राहुल और खड़गे ने सिर पर गमछा बांधा, कंधे पर कुदाल रखी और देशभर से मजदूरों की लाई मिट्टी पौधों में डाली।

सम्मेलन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को आरोप लगाया कि सरकार का मनरेगा को निरस्त करना महात्मा गांधी के नाम को लोगों की स्मृति से मिटाने की कोशिश है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी संसद के आगामी बजट सत्र में इस मुद्दे को मजबूती से उठाएगी।

राहुल ने कहा कि मनरेगा गरीबों को अधिकार देने के लिए लाई गई योजना थी। इसका उद्देश्य जरूरतमंदों को काम देना था। यह योजना सरकार के तीसरे स्तर यानी पंचायती राज के माध्यम से चलाई जानी थी। अधिकार शब्द महत्वपूर्ण था। सभी गरीब लोगों को मनरेगा के तहत काम करने का अधिकार था। पीएम मोदी-भाजपा उस कन्सेप्ट को खत्म करना चाहती है।

#### कांग्रेस देशभर में कर रही बिल का विरोध

उन्होंने कहा, कुछ साल पहले सरकार 3 काले कृषि कानून लाई थी। लेकिन हम सभी के एकजुट होकर दबाव बनाया और कानूनों को रद्द करवा दिया। नए कानून में केंद्र सरकार काम और पैसा देने का फैसला करेगी और भाजपा शासित सरकारों को हमेशा प्राथमिकता मिलेगी। राहुल ने कहा, पहले जो मजदूरों को मिलता था, वह अब ठेकेदारों और अफसरों को दिया जाएगा। भाजपा चाहती है कि संपत्ति कुछ ही हाथों में रहे ताकि गरीब लोग अडानी-अंबानी पर निर्भर रहें, यही उनका भारत का आदर्श है। वे ऐसा भारत चाहते हैं, जहां राजा ही सब कुछ तय करे। सम्मेलन में देश भर के श्रमिकों ने भाग लिया और अपने कार्यस्थलों से मुट्ठी भर मिट्टी लाकर खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की उपस्थिति में प्रतीकात्मक रूप से पौधों में डाली।

### सांसद शक्ति सिंह के भतीजे ने पत्नी को गोली मारकर की खुदकुशी



एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

गुजरात से कांग्रेस के राज्यसभा सांसद शक्तिसिंह गोहिल के भतीजे यशराज सिंह गोहिल ने पत्नी की गले में गोली लगने से हुई मौत के बाद आत्महत्या कर ली। यशराज की शादी दो महीने पहले ही हुई थी।

पुलिस के मुताबिक यशराज ने बुधवार रात 11.45 बजे 108 पर कॉल करके एंबुलेंस को बुलाया था। कॉल में यशराज ने पत्नी राजेश्वरी के घायल होने की बात कही थी। मौके पर पहुंची मेडिकल टीम ने राजेश्वरी को मृत घोषित कर दिया। इससे पहले यशराज ने एंबुलेंस टीम को बताया कि उससे लाइसेंसी पिस्टल से गलती से गोली चल गई थी, जो सीधे पत्नी के गले में जा लगी। मेडिकल टीम जब राजेश्वरी का शव एंबुलेंस में रखने के लिए बाहर गई, तभी यशराज ने कमरे में जाकर खुद को गोली मार ली।

## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का गुरुवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

### नवीन औद्योगिक क्षेत्र भेरू डूंगरी को लेकर शाजापुर लघु उद्योग भारती ने एमपीआइडीसी की कार्यपद्धति पर सवाल उठाए

# छोटे उद्योगों को भूखंड की बजाय बड़े को प्राथमिकता, रेट भी बढाए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर/ उज्जैन

शाजापुर नगर से करीब 5 किलोमीटर दूर एबी रोड पर भेरू डूंगरी औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया गया है। इसमें छोटे उद्योगों को प्राथमिकता की बजाय मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम बडे उद्योगों को तरजीह देने की निती पर काम कर रहा है।छोटे की बजाय यहां बडे भूखंड रखे जा रहे हैं दर भी बडा दी गई है। इससे छोटे उद्योगों को जमीन लेने में ही परेशानी आ रही है। इससे लोकल फार वोकल की मंशा दरकिनार की जा रही है। लद्यु एवं कुटीर उद्योगों को प्रोत्साहन की बजाय उन्हें हताश किया जा रहा है। एमपीआईडीसी के अधिकृत सूत्रों के अनुसार सभी कार्य शासन निती एवं नियमों के अनुसार अंजाम दिए गए हैं।

नवीन औद्योगिक क्षेत्र भेरू डूंगरी को लेकर लघु उद्योग भारती ने औद्योगिक विकास निगम उज्जैन की कार्य पद्धति पर सवाल खडे किए हैं। संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं शाजापुर के स्थापत्य अध्यक्ष रहे दिनेश तिवारी के अनुसार इस जमीन को हमने खोजा एवं सर्वे करवाया था। इसके बाद जमीन जिला उद्योग केंद्र को दी गई थी जो कि अब उज्जैन औघोगिक विकास निगम के पास है। 115 बीघा जमीन का विकास करने के बाद यहां 130-140 रूपए प्रति वर्गफीट की दर कर दी गई है। यहीं नहीं छोटे उद्योगों के लिए छोटे भूखंड नहीं रखे गए हैं। सीधे बडे उद्योगों के मान से ही 10 हजार वर्ग फीट से ज्यादा के ही भूखंड रखे जा रहे हैं। निगम ने अन्य जिलों में 3 से 10 हजार वर्गफीट के भूखंड रखे हैं फिर यहां ऐसा क्यों किया जा रहा है। दुसरे जिलों में दर 70-80 रूपए रखी गई जबकि यहां करीब दोगूनी दर रखी जा रही है।



### मांगे नहीं मानी तो संघ आंदोलन करेगा

श्री तिवारी के अनुसार भूखंडों की दरें 130 रुपया स्क्वायर फिट है उसे कम करके 80 रुपए स्क्वायर फीट की जावे। भूखंड आवंटन की प्रक्रिया में स्थानीय युवा उद्यमियों को प्रथम प्राथमिकता दी जावे, शासन की योजनाओं में पहले आओ पहले पाओ की नीति लागू की जावे। शाजापुर क्षेत्र के युवा नवीन उद्यमियों ने अपने-अपने प्रस्ताव बनाकर एमपीआईडीसी को उद्योगों के उत्पादन की 290 की सूची एक वर्ष पूर्व लिखित में एवं ऑनलाइन प्रस्तुत कर दी गई थी, जिसमें 3,5, 8 और 10 हजार स्क्वायर फीट के भूखंडों की मांग की गई थी । इसके तहत 12 हजार रोजगार मध्यप्रदेश इंडस्टरीज डेवलपमेंट कॉरपोरेशन ने वर्तमान नक्शे में सिर्फ 10 हजार स्क्वायर फीट से अधिक के भूखंडों शासन ने प्रस्तावित किए हैं जो कि अनुचित होकर न्याय संगत नहीं है। भूखंडों का आकार 3-8 हजार वर्ग फीट में किया जाए । अगर जल्द ही ऐसा नहीं किया गया तो शाजापुर के साथ लघु उद्योग भारती संगठन को आंदोलन की तैयारी करना होगी,उसमें धरना,प्रदर्शन किया जाएगा।

### पर्याप्त पानी नहीं

श्री तिवारी के अनुसार शासन से संघ ने 18 करोड का प्रोजेक्ट स्वीकृत करवाया था उसके बाद मक्सी में पानी पूर्ति होने लगी । वर्तमान में यह भी अपर्याप्त स्थिति हो रही है। ऐसे में भेरू डूंगरी में पानी की व्यवस्था की जावे, शासन प्रशासन की मंशा है कि स्थानीय स्तर पर उद्योग स्थापित हो और छोटे-छोटे कुटीर उद्योगों को प्राथमिकता दी जावे पर ऐसा प्रतीत नहीं हो रहा है।

### विधायक को ज्ञापन

श्री तिवारी के अनुसार पिछले दिनों स्थानीय रेस्ट हाउस पर विधायक भीमावद का शाल एवं श्रीफल से लघु उद्योग भारती के समस्त पदाधिकारी ने स्वागत करते हुए उन्हें सभी समस्याओं से अवगत करवाते हुए ज्ञापन दिया गया है। विधायक ने आश्वासन दिया शासन प्रशासन स्तर पर जो भी हो सकता है उसका शीघ्र निराकरण करने का प्रयास करूंगा।

### शासन निती एवं नियमानुसार काम

एमपीआईडीसी की कार्यपद्धति पर उठे सवालों को लेकर क्षेत्रीय कार्यपालिक अधिकारी राजेश राठौर का कहना है कि भेरू डूंगरी औद्योगिक क्षेत्र विकास शासन निती एवं नियमानुसार काम है। पानी एनवीडीए से पर्याप्त मिलना तय है। उसके लिए क्षेत्र में पानी की खपत बढने पर यह संभव होगा। यह मामला संभाग स्तरीय बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव के समक्ष रखा जा चुका है। दर को लेकर शासन को प्रस्ताव भेजा गया था। शासन ने वर्तमान दर को न्यूनतम ही माना है। छोटे प्लाट की स्थिति में शासन निती अनुसार 33 प्रतिशत खुला क्षेत्र छोडा जाना है ऐसे में छोटे उद्योगों के पास कार्य के लिए पर्याप्त जमीन ही नहीं बचेगी। इसके चलते 5 हजार वर्ग फीट से शुरूआत की गई है। संघ के सार्थक पहल पर 26 जनवरी उपरांत शाजापुर में बैठक रखकर वहां के उद्योगपतियों से चर्चा की जाकर संपूर्ण जानकारी दी जाएगी।

## सडकों पर निशान नजर आने लगे...

लंबे समय बाद शहर के मुख्य चौराहों पर आवागमन को लेकर व्यवस्थित स्थिति बनने लगी है। सडकों पर नियमों से आवागमन को लेकर सफेद वर्दी ने चिंता लेते हुए तमाम संकेतकों के पास सडक पर भी संकेतक पुतवा दिए हैं। शहर के मुख्य चौराहा सहित पुराने आरटीओ तिराहा देवास मार्ग पर भी संकेतक पुत गए हैं। जागरूकता माह के अंतर्गत इस काम को अंजाम दिया जा रहा है। खास तो यह है कि जागरूकता का माह समाप्ति की और है लेकिन इस दौरान चौराहों के आवागमन पर एक नजर मारी जाए तो इसे रश्म अदायगी की स्थिति ही दिखाई देगी।




आवागमन में संकेतकों एवं नियमों का पालन गिनती के ही वाहन चालक करते देखे जा सकते हैं। अधिकांश की स्थिति सिर्फ स्वयं को वाहन चलाने की ही रहती है और नियमों को नजरअंदाज करने की प्रवृत्ति साफ तौर पर देखी जा सकती है, वह भी इतनी बडी संख्या में की देखने वाला भी यह सोचने पर मजबूर हो जाता है कि यह स्थिति जागरूकता से सुधरेगी ? एक नहीं अनेक चौराहों एवं तिराहों पर इस स्थिति को देखा जा सकता है। मार्ग के आवागमन में भी यही स्थिति देखी जाती है। प्रतिस्पर्धा से चलने वाले व्यवसायिक वाहनों से प्रति दिन ही मंदिर क्षेत्र में जाम लग रहा है। वर्दी आवागमन की इस उलझन की गठान को खोल रही है। कहने के मायने ये हैं कि जो दिखाई दे रहा है उसे लेकर साफ तौर पर कहा जा सकता है कि इस जागरूकता में समाज की भागीदारी ही नहीं है। समाज की इसके प्रति रूझान ही नहीं है। ऐसे में जागरूकता कैसे आए यह सवाल खडा हो रहा है। जागरूकता के लिए वर्दी पूरी मशक्कत कर रही है लेकिन परिणाम ढाक के तीन पात जैसे नजर आ रहे हैं। खुसूर झफुसूर है कि वर्दी की जागरूकता से परे रहने वालों को इसका खामियाजा भूगतना ही है। परिवहन के बदलते दांडिक प्रावधान के तहत अगर वाहन चालक नहीं सुधरे तो एक दिन उन्हें ही परेशानी उठानी है। उस दौरान वर्दी सिर्फ मजे लेगी और वाहन चालक जेब ढीली करेगा ।

## विभिन्न मांगों को लेकर पेंशनरों ने सोंपा ज्ञापन

**उज्जैन।** सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारी पेंशनर्स महासंघ ने अपनी विभिन्न मांगो एवं समस्याओं के निराकरण हेतु मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर अपनी विभिन्न मांगों का जल्द निराकरण करने की मांग की है । मांगों का निराकरण नहीं होने की वजह से पेंशनर्स में भारी असंतोष व्याप्त है। मांगों का शीघ्र निराकरण करने की मांग की है। नहीं तो उन्हें आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। ज्ञापन देते समय प्रदेश कार्य समिति सदस्य नरेश चंद्र त्यागी, श्रीमती चौहान, विद्या दुबे, देविका मोरे, संध्या निर्गुडकर, आनंदीलाल सोनी, कृष्णा चौबे, सीताराम परमार, महेंद्र पारे आदि पेंशनर्स मोजूद थे।

# विरोध जताया, हजारों नाम हटाने का दावा किया, दबाव में काम का आरोप

### कांग्रेस का एसआईआर में गडबडी का आरोप

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया पर उज्जैन में सियासत गरमा गई है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया है कि इस प्रक्रिया की आड़ में चुनिंदा रूप से कांग्रेस विचारधारा से जुड़े मतदाताओं के नाम सूची से काटे जा रहे हैं। इसमें बीएलओ को दबाव में लेकर ऐसा करवाया जा रहा है ।गुरुवार को तराना विधायक एवं जिला अध्यक्ष महेश परमार के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने संकुल भवन स्थित कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर जिला निर्वाचन अधिकारी को इस पूरी प्रक्रिया पर आपत्ति दर्ज कराई। इस दौरान नागदा के पूर्व विधायक दिलीप गुर्जर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

महेश परमार ने आरोप लगाया कि उज्जैन जिले की सभी विधानसभा सीटों-नागदा-खाचरौद, महिदपुर, तराना, घट्टिया, बड़नगर, उज्जैन उत्तर और उज्जैन दक्षिण ‌‌झ में हजारों वैध मतदाताओं के नाम फॉर्म-7 के माध्यम से बिना समुचित जांच के हटाए जा रहे हैं।



परमार ने दावा किया कि बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर फॉर्म भरवाए गए थे, जिसकी एक प्रति मतदाता के पास और दूसरी बीएलओ के पास है। इसके बावजूद फर्जी आपत्तियां लगाकर नाम हटाए जा रहे हैं। उन्होंने इसे "लोकतंत्र पर सीधा हमला" बताया।

महेश परमार ने आगे दावा किया कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 15 से 20 हजार कांग्रेस समर्थक मतदाताओं के नाम हटाने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने बताया कि कई मामलों में एक साथ तीन-चार नामों पर आपत्ति दर्ज कराई जा रही है, जबकि आपत्ति दर्ज कराने वाला व्यक्ति सत्यापन के समय उपस्थित नहीं होता।

पूर्व विधायक गुर्जर ने कहा कि सैकड़ों लोग एसडीएम कार्यालय गए थे और उन्होंने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी। उन्होंने सवाल उठाया कि अब भारतीय जनता पार्टी के लोग इन नामों को क्यों चुनौती दे रहे हैं। गुर्जर ने निष्पक्ष कार्रवाई की मांग करते हुए चेतावनी दी कि ऐसा न होने पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

### दबाव का आरोप

विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) प्रक्रिया के दौरान प्ररूप-7 का दुरुपयोग कर मतदान केन्द्र क्षेत्र से बाहर के व्यक्तियों द्वारा एक समान प्रिंटेड / टाइप आपत्तियाँ पर फर्जी हस्ताक्षर के माध्यम से बीएलओ पर राजनैतिक दबाव बनाकर वैध मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से विलोपित करने के सुनियोजित राजनैतिक षडयंत्र किया जा रहा है।

### जांच की मांग

विधायक श्री परमार ने ज्ञापन में जांच की मांग करते हुए प्रारूप -7 के आवेदनों को लेकर बीएलओ से शपथ पत्र लिए जाने,आवेदक का सत्यापन घर जाकर करने एवं उसके बावजूद नाम कटने पर बीएलओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग रखी।इसके साथ ही निर्वाचन आयोग के निदेर्शों के अनुसार का पालन किए जाने की मांग की गई ।यह भी मांग की गई की यदि प्रारूप-7 की आपत्तिकर्ता की आपत्ति यदि झूठी पायी जाती है तो आपत्तिकर्ता के खिलाफ निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 31 एवं अन्य सुसंगत विधिक प्रावधानों के अंतर्गत कठोर दंडात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए जाए।उज्जैन जिले की समस्त विधानसभा क्षेत्र नागदा-खाचरोद, महिदपुर, तराना, घटिया, बडनगर, उज्जैन (उत्तर), उज्जैन (दक्षिण) के समस्त मतदान केन्द्रो पर राजनैतिक दलो के व्यक्तियों / पदाधिकारियों द्वारा बीएलओ को प्ररूप-7 में नाम काटने हेतू दी गई आपत्तियों की सूची / प्ररूप-7 तत्काल नाम सहित मतदान केन्द्रवार उपलब्ध कराने हेतू मांग की गई।

### उज्जैन नगर निगम ने सुधार नहीं किया, महापौर बोले- पानी में पेड़ों की जड़ें इसलिए काटा

# नल से कीड़े निकलने की शिकायत पर कनेक्शन काटा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

रविवार को जिस नल से कीड़े निकलने का वीडियो वायरल होने के बाद उस नल को ठीक करने की जगह उज्जैन नगर निगम के कर्मचारियों ने नल कनेक्शन ही काट दिया।

इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से लगातार हो रही लोगों की मौत के बाद भी उज्जैन की पाइप लाइनों में दूषित पेयजल सप्लाई हो रहा है। उज्जैन में रविवार को गणगौर दरवाजे के सामने लगे सरकारी नल से पानी भरने के दौरान पानी में बड़ी संख्या में कीड़े दिखाई देने का एक वीडियो वायरल हुआ था। इसी नल से जुड़ी सभी पाइप लाइन सीवेज के पानी से होकर आ रही थी। वार्ड 21 के कार्तिक चौक सिंह पुरी, खटीक वाड़ा में बीते कई महीनों से गंदा पानी आ रहा है। कई बार शिकायत की, लेकिन कोई निराकरण नहीं हुआ। पीएचई कर्मचारियों ने नल कनेक्शन की सप्लाई लाइन ठीक करने की जगह उस नल के कनेक्शन को ही काट दिया, जिस नल से रोजाना सैकड़ों लोग पानी भरते थे।

### कनेक्शन काटने की बात स्वीकारी

महापौर मुकेश टटवाल ने कनेक्शन काटने की बात स्वीकार करते हुए बताया कि पानी में पेड़ों की जड़ आ रहीं थी। इसलिए कनेक्शन काट दिया। उन्होंने यह भी बताया कि उक्त क्षेत्र में बोरिंग से पानी दिया जा रहा है। जबकि मौके पर कोई बोरिंग नजर नहीं आया। बुधवार को जल कार्य समिति प्रभारी ने दावा किया था कि घरों में साफ पानी सप्लाई हो रहा है।

# वसंत पंचमी आज: विद्यार्थी व कलाकार करते हैं मां शारदा की आराधना

पं राहुल शुक्ल ▸▸ उज्जैन

ज्ञान व कला की देवी मां सरस्वती का आविर्भाव माघ शुक्ल पक्ष की पंचमी को हुआ था इसलिए वसंत पंचमी ,मां सरस्वती का जन्मदिन माना जाता है। इस दिन विद्यार्थी व कलाकार मां शारदा को प्रसन्न कर ज्ञान व विवेक का आशीष चाहते हैं। मां शारदा को ही विद्या ,संगीत व कला की देवी माना गया है।

सरस्वती के जन्म की कथा

सनातन धर्मग्रंथो मे त्रिदेवियो का उल्लेख है जिसमे लक्ष्मी को धन, काली को शक्ति व सरस्वती को ज्ञान की देवी कहा गया है। मां शारदा के जन्म की कहानी बडी ही रोचक है। प्रजापिता ब्रह्माजी ने सृष्टी की रचना तो की पर ये सृष्टी वाकहीन होने से ब्रह्मा को कुछ सूनापन लग रहा था। उन्होने अपने कमण्डल से जल लेकर अभिमंत्रित किया और जो ही उसे पृथ्वी पर फैंका वैसे ही एक श्वेत वस्त्रधारी देवी प्रकट हुई जिनके चार हाथ थे और जो वाद्य वीणा लिए थीं । देवी सरस्वती ने जैसे ही वीणा के तारों को खींचा वैसे ही सृष्टी मे स्वर व संगीत का उद्भव हुआ। नदियों का जल कल्लोल करने लगा, वृक्ष की पत्तियों मे सरसराहट होने लगी, पक्षी चहकने लगे और भ्रमर गुंजन करने लगे। स्वरयुक्त का अनुपम रूप देख ब्रह्माजी प्रसन्न हुए । जिस दिन सृष्टि संगीतमय व वाकयुक्त हुई वह दिवस भी वसंत पंचमी है अतः ये हमारे लिए बहुत ही महत्वपूर्ण दिवस है।

### मां सरस्वती का स्वरूप


मां सरस्वती का स्वरूप बहुत ही सुन्दर व निराला है। देवी श्वेत वस्त्र पहने , सफेद हंस पर विराजित हैं। उनके एक हाथ मे जपमाला है तथा दूसरे हाथ में कमण्डल है, तीसरे हाथ मे वीणा है और चौथा हाथ अभय मुद्रा मे वर दे रहा है। मां शारदा श्वेत वस्त्र पहने हैं जो पवित्रता व सादगी का परिचायक है। हंस उनका वाहन है जो दूध और पानी को पृथक करने का गुण रखता है उसी प्रकार मां हमे ज्ञान व अज्ञान मे विभेद, शुद्ध व अशुद्ध मे भेद करने का संदेश दे रही हैं।



सिंहपुरी का स्याही माता सरस्वती मंदिर



उत्तराखंड स्थित सरस्वती मां मंदिर



उत्तराखंड मे मंदिर के पास सरस्वती नदी उद्गम स्थल

### सरस्वती के चार रूप व चार हस्त

सरस्वतीजी के चार रूप हैं क्रमशः भारती , सरस्वती,शारदा व हंसवाहिनी। इसके अलावा कुछ ग्रंथों मे उनके अन्य नाम मिलते हैं जैसे वीणावादिनी, महामाया,श्रीविद्या, राजराजेश्वरी, ललिता,गायत्री,ब्रह्मचारिणी, ख्याता, कुमुदी, बुधमाता, वागीश्वरी, राहिनी,मातंगी आदि।

### दसमहाविद्या मे से एक

सनातन धर्म मे दसमहाविद्या की पूजा का धार्मिक महत्व है। गुप्त नवरात्र और चैत्र नवरात्र मे साधक व तांत्रिक लोग शक्ति के दस रूपों की साधना पूरी निष्ठा व समर्पण से करते हैं। उन दस महाविद्या मे एक देवी हैं मातंगी ,जिन्हे सरस्वती का रूप ही माना गया है। तांत्रिक त्रिलोचन के अनुसार मां मातंगी को श्वेत रंग बहुत पसंद है। उन्हे श्वेत आसन पर आह्वान करके विराजित किया जाता है और नेवैद्य भी सफेद दुग्ध की खीर या खोए का चढाया जाता है। मातंगी देवी प्रसन्न होने पर साधक को अपना बच्चा समझकर रात्रि मे स्वप्न मे आकर समस्याओ का निराकरण करती हैं। देवी शारदा के चार हाथ क्रमशः ज्ञान, कला,धर्म व बुद्धि को इंगित करते हैं।

### वीणावादिनी और वास्तु

वास्तुशास्त्र के अनुसार ज्ञान व संगीत की देवी मां शारदा की घर मे जो मूर्ति पूजा मे रखी जाती है वह पीतल या कांसे की हो और उसकी ऊंचाई 4 से 10 इंच तक हो। यदि घर मे अलग से पूजाघर हो तो मां शारदा की 20 इंच तक की मूर्ति प्रतिष्ठित कर सकते हैं। सरस्वतीजी की मूर्ति पूर्व या उत्तरपूर्व जिसे ईशान कोण भी कहते हैं वहीं पर स्थापित करना चाहिए। मां की मूर्ति सही दिशा मे रखने से आध्यात्मिक चेतना, ऊर्जा , प्रगति व सकारात्मक तरंगों का उद्भव होता है।

### सरस्वती का मंत्र

ज्ञान की पिपासा किसे नहीं होती और विद्यार्थी व कलाकार अपनी सफलता के लिए मां को प्रसन्न करने के लिए विधि-विधान से पूजा करते हैं । सरस्वती के वराकांक्षी साधकों को स्फटिक की माला से निम्नलिखित बीज मंत्र का जाप पूरी श्रद्धा से करना चाहिए

ॐ ऐं ह्रीं क्लीं महासरस्वती दैव्ये नमः। इससे साधक को बुद्धि, धन व वाकसिद्धि तीनों ही प्राप्त होती है।

सर स्वतीजी को मनाने व आशीष पाने के लिए एक सरल मंत्र है:

ॐ ऐं सरस्वत्यै ऐं नमः।

उक्त मंत्र का जाप करके मां शारदा को पके हुए मीठे केसरिया चावल, पीले बूंदी के लड्डू, मालपुए , मिश्री, गुड या गाय के दूध की खीर अर्पित करना उत्तम होता है ।मां को सफेद कमल या पीले फूल बहुत प्रिय हैं। कमल पुष्प, जहां सात्विक गुण व चेतना लिए होता है वहीं पीला रंग नवीन ऊर्जा और सौभाग्य का प्रतीक है ।विद्यार्थी अपनी नवीन कॉपी व पेन आदि पूजा मे रखें और फिर उसे प्रयोग करें तो परिणाम अनुकूल मिलते हैं।

तेरहवां पुण्य स्मरण




स्व.बाबूलालजी यादव
सरपंच (समाज सेवी)
"आप दूर रहकर भी सदा हमारे पास हैं
दिल में हमारे सदा आपका एहसास है।
आपकी समृतियाँ हमारी धरोहर है
आपका आदर्श हमारा मार्गदर्शक है।
श्रद्धा सुमन
कैलाशचन्द्र यादव, रमेश यादव, सुरेश यादव, मोहन यादव
गोविंद यादव, राजेन्द्र यादव, गोपाल यादव (पूर्व पार्षद), संतोष यादव
(पूर्व पार्षद एवं झोन अध्यक्ष), सुभाष यादव, नवीन यादव (पूर्व म.प्र. भाजयुमो सदस्य)
हेमन्त, शरद, विकास, पवन, राहुल, भारत, यश, आयुष, कृष्णा, शुभम्, वासू, यशवंत,
प्रशांत, अभिषेक, अभिमन्यु, हर्षवर्धन, गोरांश, समर्थ (सागर), कियांश, अव्यांश, श्रीजय, उद्धव
श्री नागेश्वर यादव परिवार, नानाखेड़ा, उज्जैन

दैनिक अवन्तिका
सब पे नज़र, सबकी ख़बर
नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार
इंदौर | उज्जैन | शुक्रवार 23 जनवरी 2026 | www.awantika.com


## वेस्टर्न डिस्टरबेंस और दो साइक्लोनिक सिस्टम के असर से 23-24 जनवरी को उत्तरी जिलों में बारिश और कोहरा रहेगा

# 25 जनवरी से मावठा और कोहरे के बाद बढ़ेगी ठिठुरन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



मध्यप्रदेश में मौसम एक बार फिर करवट लेने वाला है। मावठा गिरने और सुबह-शाम कोहरा छाने के बाद प्रदेश में सर्दी और तीखी होगी। मौसम विभाग भोपाल के मुताबिक, गुरुवार को ग्वालियर-दतिया सहित 5 जिलों में मध्यम कोहरा दर्ज किया गया, जबकि शुक्रवार से उत्तरी मध्यप्रदेश में बारिश के आसार बन रहे हैं। सबसे अहम बात यह है कि 25 जनवरी से न्यूनतम तापमान 2 से 3 डिग्री तक गिर सकता है।मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, पश्चिम-उत्तर भारत और उत्तरप्रदेश के ऊपर दो साइक्लोनिक सकुर्लेशन सक्रिय हैं। इसके साथ ही एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस भी असर दिखा रहा है। ये सभी सिस्टम आगे बढ़ रहे हैं, जिसका असर पहले यूपी-बिहार में नजर आया और अब 24 जनवरी से मध्यप्रदेश में भी दिखेगा। इस दौरान बादल छाए रहेंगे और कुछ इलाकों में हल्की बारिश हो सकती है। हालांकि 23 जनवरी को ही ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़ और छतरपुर में बारिश के संकेत हैं।



### सिस्टम गुजरते ही बढ़ेगी ठिठुरन

मौसम विभाग का कहना है कि जैसे ही ये सिस्टम आगे बढ़ेंगे, उत्तर से ठंडी हवाओं की रफ्तार बढ़ेगी। इसका सीधा असर तापमान पर पड़ेगा और रात का पारा 2 से 3 डिग्री तक नीचे आ सकता है।

### मंदसौर सबसे ठंडा, कई जिलों में सर्दी

प्रदेश में ठंड का असर साफ नजर आ रहा है। मंगलवारझबुधवार की रात मंदसौर सबसे ठंडा रहा, जहां न्यूनतम तापमान 5.1 डिग्री दर्ज किया गया। राजगढ़ 6.2, नौगांव 7, शाजापुर 7.1, कटनी के करौंदी 7.6, दतिया 7.9, खजुराहो 8, रीवा 8.2, शिवपुरी 9 और पचमढ़ी में 9.2 डिग्री तापमान रहा।पांच बड़े शहरों में ग्वालियर सबसे ठंडा रहा, जहां न्यूनतम तापमान 9 डिग्री दर्ज किया गया। भोपाल में 10.8, इंदौर में 12.2, उज्जैन में 12 और जबलपुर में 12.5 डिग्री सेल्सियस रहा।

**ठंड के लिए इसलिए खास है जनवरी-** मौसम विभाग के अनुसार, जिस तरह मानसून के चार महीने (जून, जुलाई, अगस्त और सितंबर) में से दो महीने जुलाई-अगस्त अहम रहते हैं और इन्हीं में 60 प्रतिशत या इससे अधिक बारिश हो जाती है, ठीक उसी तरह दिसंबर और जनवरी में कड़ाके की ठंड पड़ती है।

इन्हीं दो महीने में प्रदेश में उत्तर भारत से सर्द हवाएं ज्यादा आती हैं, इसलिए टेम्परेचर में अच्छी-खासी गिरावट आती है। सर्द हवाएं भी चलती हैं। पिछले 10 साल के आंकड़े यही ट्रेंड बताते हैं। वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) के एक्टिव होने से जनवरी में मावठा भी गिरता है। पिछले साल कई जिलों में बारिश हुई थी।

### उत्तरी मप्र में कोहरा

फिलहाल प्रदेश के उत्तरी हिस्से कोहरे की गिरफ्त में हैं। गुरुवार सुबह ग्वालियर, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़ और छतरपुर में मध्यम कोहरा रहा, जबकि भोपाल, इंदौर, उज्जैन समेत कई जिलों में हल्का कोहरा छाया रहा।

**क्या है वेस्टर्न डिस्टरबेंस-** मौसम विभाग के मुताबिक, वेस्टर्न डिस्टरबेंस पश्चिम से आने वाला हवाझबादलों का सिस्टम होता है। इसके सक्रिय होने पर पहाड़ों में बर्फबारी और मैदानी इलाकों में बारिश होती है। सिस्टम गुजरने के बाद उत्तर से ठंडी हवाएं चलती हैं, जिससे दिन-रात सर्दी का असर बढ़ जाता है।

## न्यूज ब्रीफ

### संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत सर्वे कार्य जारी

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुरूप सुशासन एवं स्वराज के लिए प्रतिबद्ध विकसित मध्यप्रदेश के लक्ष्य के अंतर्गत शासन के समस्त विभागों द्वारा संचालित योजनाओं और सेवाओं का पूरा लाभ ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों, तहसील एवं जिला स्तर पर उसके पात्रता प्राप्त हितग्राहियों तक समय सीमा में पहुंच सके इसलिए प्रदेश भर में 'संकल्प से समाधान' अभियान प्रारंभ हो गया है। यह अभियान आगामी 31 मार्च तक चलाया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य है कि हर पात्र व्यक्ति को केंद्र व राज्य सरकार की प्रमुख कल्याणकारी योजनाओं (जैसे किसान कल्याण, लाड़ली बहना, वृद्धापेंशन, आवास आदि) का समय पर लाभ मिल सके। जिले में अभियान के पहले चरण (12 जनवरी से 15 फरवरी) में पंचायत स्तर के अमले द्वारा घर-घर जाकर सर्वे का कार्य किया जा रहा है। साथ ही हितग्राहियों से आवेदन एकत्रित कर उन्हें शासकीय योजनाओं के बारे में जानकारी भी प्रदान की जा रही है। इसी कड़ी में बुधवाार को जिले की बडनगर जनपद पंचायत के ग्राम ओरडी और घट्टिया जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत रुणजी में घर-घर जाकर निर्धारित प्रारुप में सर्वे का काम किया गया। साथ ही पात्र हितग्राहियों से विभिन्न योजनाओं के आवेदन भी प्राप्त किए गए।

### सिंहस्थ तैयारी: भूखी माता मंदिर के समीप शिप्रा पर पुल निर्माण

**उज्जैन।** सिंहस्थ 2028 में करीब 30 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान शासन और प्रशासन लगा रहा है। इसके हिसाब से ही व्यवस्थाएं भी जुटाई जा रही है। ऐसे में भीड़ प्रबंधन के लिए शिप्रा के किनारों पर 29 किमी के नए घाट बनाए जा रहे हैं। इसके अलावा शहर में 800 करोड़ से अधिक की लागत से 20 से अधिक पुल-आरओबी के निर्माण भी करवाए जा रहे हैं। इनमें से कुछ ब्रिज शिप्रा नदी पर बनाए जा रहे हैं ताकि नदी को पार करने में मदद मिले। भूखी माता मंदिर के सामने शिप्रा नदी पर पुल निर्माण चल रहा है। यह पुल सिंहस्थ के दौरान भीड़ प्रबंधन में बहुत कारगर होगा। निर्माण एजेंसियां समय सीमा में और गुणवत्ता के साथ प्रोजेक्ट्स को पूरा करने में जुटी हुई हैं।

### उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा इंदौर में करेंगे ध्वजारोहण

**इंदौर।** इंदौर में गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को आयोजित होने वाले मुख्य समारोह की व्यापक तैयारियां जारी है। मुख्य समारोह में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ध्वजारोहण करेंगे। इंदौर में यह समारोह सुबह 9 बजे से नेहरू स्टेडियम में आयोजित किया जायेगा। इस समारोह में परेड सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। कलेक्टर शिवम वर्मा ने आज अधिकारियों के दल के साथ नेहरू स्टेडियम पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को सभी तैयारियां निर्धारित समय से पूर्व कार्यक्रम की गरिमा के अनुरुप पूर्ण करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर एडीएम रोशन राय, अपर आयुक्त नगर निगम अभय राजनगांवकर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे। इस अवसर पर कलेक्टर शिवम वर्मा ने तैयारियों की विभागवार समीक्षा की। बताया गया कि समारोह में विभिन्न प्लाटूनों द्वारा परेड भी प्रस्तुत की जायेगी। राज्य शासन की योजनाओं, कार्यक्रमों तथा उपलब्धियों पर आधारित 13 से अधिक नयनाभिराम झाँकियां भी विभिन्न विभागों द्वारा निकाली जायेंगी।

## लाखों खर्च के बावजूद हालत ठीक नहीं

# गंगेड़ी का श्मशान अवैध खनन से धंसा, गोठड़ा में मार्ग पानी में बहा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

ग्रामीणों की सुविधा के नाम पर हर दूसरे गांव में श्मशान घाट बनाए गए, जिन्हें मनरेगा व मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना जैसे मदों से सहायता मिली थी। 10 सालों में 609 ग्राम पंचायतों में 102 शांतिधाम का निर्माण हुआ, लेकिन अधिकांश की स्थिति खराब है।

जर्जर स्थिति, टूटते चबूतरे, अधूरे निर्माण और पहुंच मार्गों की कमी जैसी समस्याएं रहवासियों को प्रभावित कर रही हैं। नियम यह है कि पंचायतों को श्मशान स्थल पर बुनियादी सुविधाएं और पहुंच मार्ग विकसित करना चाहिए, लेकिन कई जगह यह पूरा नहीं हो पाया है। श्मशान घाटों पर अधिकांश शांतिधाम का चबूतरा टूट चुका है या मिट्टी में मिल गया है। कुछ जगह केवल बाउंड्री वाल और रंगाई-पुताई जैसे काम हुए हैं, जबकि राशि के अनुसार काम नहीं दिखता है। कई शांतिधाम ऐसे हैं जहां कोई सीमेंटेड रास्ता नहीं है और अंतिम संस्कार के लिए उज्जैन तक जाना पड़ता है।

हासामपुरा श्मशान घाट में सड़क अधूरी छोड़ी गई, क्योंकि जमीन का मामला अटका था और यहां से ब्रिज निर्माण भी होना है, इन सब कारणों के चलते काम बाकी है। रानाबड़ में जनसहयोग से काम हो रहा है, इतनी ही जानकारी है।

नरेंद्र सिंह चावड़ा,
हासामपुरा सरपंच

बृजराज खेड़ी में श्मशान की बाउंड्री वाल आगे तक बढ़ाई थी, जिसके चलते ज्यादा खर्च हो गया। साथ ही कुछ कार्य और करवाएंगे। ग्राम गंगेडी का श्मशान घाट भी बनवाना है।

**मुकेश आंजना,**
**सरपंच प्रतिनिधि गंगेड़ी**



### कई ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को अंतिम संस्कार के लिए शहर पर निर्भर रहना पड़ता है

- **गोठड़ा** : त्रिवेणी संगम के पास बने मुक्तिधाम तक सड़क ढही हुई है। कान्ह नदी के पानी के भराव से यहां कटाव हो गया है और रास्ता भी समाप्त हो चुका है। वहीं दूसरी तरफ घाट निर्माण में भी इसका हिस्सा आ रहा है।
- **गंगेड़ी:** श्मशान धाम अवैध खनन का शिकार हो चुका है। नेशनल हाई-वे निर्माण के लिए मिट्टी खनन के कारण एक तरफ की मिट्टी गायब हो गई है और स्थल धंसने की कगार पर है, जिससे यहां तालाब जैसा निर्माण हो गया है।
- **डेंडिया** : शांतिधाम का चबूतरा ही टूटा हुआ है। निर्माण के बाद उस पर प्लास्टर तक नहीं किया, जिससे इसका उपयोग नहीं हो पा रहा है।
- **रानाबड़** : शांतिधाम तक जाने की सड़क नहीं बनी और चबूतरा भी गायब था। अब जनसहयोग से चबूतरा व बाउंड्री वाल का निर्माण कर रहे है।
- **जवासिया रेलवे लाइन के पास घाट:** यहां तक पहुंचने का कोई पक्का रास्ता नहीं है। पूरा मार्ग कच्चा है, जिसके कारण ग्रामीण अंतिम संस्कार के लिए उज्जैन तक जाना पड़ता है।
- **बृजराज खेड़ी:** मुख्यमंत्री अधोसंरचना में 15 लाख की लागत दिखाई थी, लेकिन केवल बाउंड्री वाल, गेट और बेंच हैं। निर्माण के 1 साल के अंदर ही मुख्य चबूतरे का शेड टूटने लगा है। इसके अलावा यहां केवल कच्चा मैदान पड़ा है।
- **हासामपुरा:** 10 लाख की राशि से बन रहे घाट में बाउंड्री वाल, चबूतरा और रंगाई-पुताई है, लेकिन मुख्य मार्ग से जुड़ने वाली सड़क केवल आधी बनी है, बावजूद इसके कार्य पूरा बोर्ड लगा दिया गया।

### कलेक्टर सिंह ने की रबी उपार्जन के तैयारियों की समीक्षा



**उज्जैन।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने रबी उपार्जन वर्ष 2026-27 की तैयारियों की समीक्षा बुधवार दोपहर कलेक्टर कार्यालय सभागृह में की। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि उपार्जन किए गए गेहूं को रखने के लिए गोडाउन पर्याप्त संख्या में सुनिश्चित करें। उपार्जित गेहूं के परिवहन के लिए सभी संबंधित अधिकारी समन्वय कर कार्य करें। कृषकों को भुगतान समय पर सुनिश्चित करें। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने ब्लॉक वार उपार्जन का प्लान बनाकर देने और कृषकों की सुविधा के लिए उपार्जन केन्द्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।बैठक में जानकारी दी कि इस वर्ष लगभग 8 लाख मैट्रिक टन गेहूं का उपार्जन किया जाएगा।

### हाईकोर्ट में होगा ध्वजारोहण

**इंदौर।** मध्यप्रदेश हाई कोर्ट की खंडपीठ इंदौर में गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को सुबह 9 बजे खंडपीठ के प्रशासनिक न्यायमूर्ति ध्वजारोहण करेंगे।

### गणित के माध्यम से सृजनात्मकता को बढ़ावा दिया जा सकता है : डॉ. गुप्ता

## माधव कॉलेज में सेमिनार आयोजित



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

आज हम श्रीनिवास रामानुजन की जयंती को गणित दिवस के रूप में मना रहे हैं । इस अवसर पर यह याद रखना चाहिए कि गणित एक शुष्क विषय समझा जाता है । यह विषय विज्ञान, कला और सर्जनात्मकता का संगम है । संगीत और स्वर, दोनों गणितीय अनुपात पर आधारित हैं । हमारी जरूरत कला और सृजनात्मकता को एक साथ जोड़ने की है । लियोनार्डो द विंची जैसे कलाकारों ने अपनी कला में ज्यामितीय अनुपात का प्रयोग किया । आज के समय की जरूरत अंतर्विषयक सोच है । इसका उपयोग किया जाना चाहिए। यह उद्गार प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस माधव कॉलेज में श्रीनिवास रामानुजन की 138 वीं जयंती गणित दिवस के अवसर पर आयोजित सेमीनार में मुख्य अतिथि के रूप में मप्र लोक सेवा आयोग के परीक्षा नियंत्रक एवं प्रख्यात गणितज्ञ डॉ वी के गुप्ता ने व्यक्त किए। शुभारंभ कार्यक्रम में सारस्वत अतिथि कालिदास कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ वंदना गुप्ता ने कहा कि भारत की ज्ञान परम्परा पहले आस्था का विषय थी, लेकिन अब पाठ्यक्रम का हिस्सा है । हमारी संस्कृति और आस्था बताती है कि वेद ज्ञान का भण्डार हैं । भारतीय ज्ञान परम्परा बहुत समृद्ध है ।आस्था को प्रयोगशाला में भी सिद्ध किया जा सकता है। आज का कार्यक्रम तारीफ के काबिल है । शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के डॉ विपिन वर्मा ने श्रीनिवास रामानुजन के जीवन का परिचय दिया ।

प्रो सुमन जैन ने कहा कि गणित हमें तर्क करना और समस्याओं का समाधान करना सिखाता है। कार्यक्रम को डॉक्टर अनुराधा यादव ने भी संबोधित किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य प्रो कल्पना वीरेंद्र सिंह ने कहा कि गणितज्ञ के दिमाग में केवल गणित ही रहता है । आज के सन्दर्भ में ऐसा कार्यक्रम आयोजित किया जाना बड़ा अच्छा सन्देश है, क्योंकि गणित एक प्रधान विषय है। कार्यालय में बड़ी संख्या छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद उज्जैन संभाग में अलर्ट

### भोजशाला पूजा-नमाज पर फैसला, 12 बजे तक पूजा फिर 4 बजे से पुन: अनुमति



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मध्यप्रदेश के धार स्थित भोजशाला में पूजा और नमाज को लेकर सुप्रीम कोर्ट के ताजा आदेश के बाद उज्जैन समेत पूरे संभाग में पुलिस प्रशासन अलर्ट पर है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि भोजशाला परिसर में हिंदू पक्ष सुबह से दोपहर 12 बजे तक पूजा कर सकेगा।

दोपहर 12 बजे के बाद मुस्लिम पक्ष नमाज अदा करेगा। इसके बाद शाम 4 बजे से हिंदू पक्ष को पुनः पूजा की अनुमति दी गई है। यह निर्णय हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस की ओर से दायर याचिका पर आया है। संगठन ने 20 जनवरी को याचिका दायर कर 23 जनवरी को बसंत पंचमी के अवसर पर पूरे दिन अखंड सरस्वती पूजा की अनुमति मांगी थी। इस मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल पंचोली की पीठ ने की, जिस पर 22 जनवरी को फैसला सुनाया गया। उज्जैन में पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी है।

## 25 जनवरी को नर्मदा जयंती पर बन रहे हैं दुर्लभ योग...

# शुभ मुहूर्त में विधि-विधान से मनाई जाएगी

### अमरकंटक में उमड़ती है श्रद्धालुओं की भीड़

### साध्य, शुभ और रवि योग का संयोग

### नर्मदा जल से शिव अभिषेक का विशेष महत्व

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मध्य प्रदेश की जीवनरेखा कही जाने वाली मां नर्मदा केवल एक नदी नहीं, बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र हैं। हर साल माघ महीने में जब नर्मदा जयंती आती है, तब अमरकंटक से लेकर ओंकारेश्वर, महेश्वर, होशंगाबाद और जबलपुर तक पूरा नर्मदा तट भक्तिमय माहौल में डूब जाता है। घाटों पर दीप जलते हैं, भजन-कीर्तन गूंजते हैं और हजारों श्रद्धालु मां नर्मदा में आस्था की डुबकी लगाते हैं।

साल 2026 में नर्मदा जयंती को लेकर अभी से तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। श्रद्धालु यह जानना चाहते हैं कि इस बार नर्मदा जयंती कब है, कौन-सी तिथि सबसे शुभ मानी जा रही है और इस दिन पूजा-पाठ करने से क्या लाभ मिलता है। हम यहां नर्मदा जयंती 2026 से जुड़ी हर जरूरी जानकारी आसान भाषा में विस्तार से दे रहे हैं।



### मध्य प्रदेश में नर्मदा जयंती का विशेष महत्व

नर्मदा जयंती का सबसे ज्यादा महत्व मध्य प्रदेश में माना जाता है, क्योंकि मां नर्मदा का उद्गम यहीं अमरकंटक में हुआ था। अमरकंटक को मां नर्मदा का मायका कहा जाता है। नर्मदा जयंती के दिन यहां विशेष मेले, धार्मिक आयोजन और भव्य आरती का आयोजन किया जाता है। ओंकारेश्वर में ज्योतिर्लिंग दर्शन के साथ मां नर्मदा की पूजा होती है। महेश्वर, होशंगाबाद और जबलपुर में भी घाटों को सजाया जाता है। लाखों श्रद्धालु नर्मदा नदी में स्नान कर पुण्य लाभ प्राप्त करते हैं। प्रशासन की ओर से भी सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर विशेष इंतजाम किए जाते हैं।

### नर्मदा जयंती की शुभ तिथि

वैदिक पंचांग के अनुसार, माघ माह के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि 25 जनवरी को देर रात 12 बजकर 39 मिनट पर प्रारंभ होगी और 25 जनवरी को ही रात 11 बजकर 10 मिनट पर समाप्त होगी। सूर्योदय तिथि मान्य होने के कारण नर्मदा जयंती 25 जनवरी 2026 को मनाई जाएगी। ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार, नर्मदा जयंती पर साध्य और शुभ योग का संयोग बन रहा है। इसके साथ ही सर्वार्थ सिद्धि योग और रवि योग का भी निर्माण हो रहा है। इन योगों में पूजा, स्नान और दान करने से साधक को मनोकामना पूर्ति और सौभाग्य वृद्धि का आशीर्वाद मिलता है। इस दिन ब्रह्म बेला में उठकर मां नर्मदा का ध्यान करें। घर की स्वच्छता के बाद यदि संभव हो तो नर्मदा नदी में स्नान करें। नर्मदा जल से भगवान शिव का अभिषेक करें। इसके बाद जप-तप, दान-पुण्य और मां नर्मदा की विधिवत पूजा करें। नर्मदा परिक्रमा यात्रा का समापन भी इसी दिन किया जाता है।

**न्यूज-कॉलम**



## चंद्रशेखर आजाद नगर में गौ सम्मान अभियान हेतु कार्यकारिणी का गठन

**आलीराजपुर।** भारतीय संस्कृति में गाय को गोमाता के रूप में पूजा जाता है एवं इसे अत्यंत पवित्र माना जाता है। गाय न केवल एक पशु है, बल्कि हमारे धर्म, संस्कृति और कृषि व्यवस्था का अभिन्न अंग है। आज देश में गोवंश की स्थिति अत्यंत दयनीय है। उसकी तस्करी, अवैध वध व गोपालकों द्वारा उचित देखभाल में कमी के कारण उनकी संख्या में भारी गिरावट आयी है। यह हमारे देश और संस्कृति के लिए गंभीर चिंता का विषय है। आगामी 27 अप्रेल 2026 को होने जा रहे है गौ सम्मान दिवस पर देश की सभी तहसीलों में नवीन कार्यकारिणी का गठन किया जाने हेतु जिला समिति ने चंद्रशेखर आजाद नगर में कालिका माता मन्दिर पर हिन्दू समाज के गौभक्त सदस्यों के साथ बैठक कर तहसील कार्यकारिणी गठित की। डॉ. के.सी. गुप्ता द्वारा इस अभियान के बारे में बताया व इस अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी दी। स्थानीय गौभक्तों ने गौ अभियान को सफल बनाने हेतु प्रचार करने व गौमाता को राष्ट्र माता घोषित करवाने हेतु संकल्प लिया व इस संदेश को गांव-गांव तक पहुँचाने का आश्वासन दिया।

## पेंशनर संघ ने कहा 6वें वेतनमान के 32 महीने के एरियर का भुगतान हो सरकार कोर्ट का आदेश नहीं मान रही

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

बुरहानपुर में सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारी महासंघ ने बुधवार को अपनी लंबित मांगों को लेकर मोर्चा खोल दिया। प्रदेश संगठन के आह्वान पर पेंशनर्स ने मुख्यमंत्री और कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर अपनी नाराजगी जाहिर की।

महासंघ ने साफ कहा कि सरकार उनकी जायज मांगों को लगातार अनदेखा कर रही है, जिससे बुजुर्ग पेंशनर्स को आर्थिक और मानसिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। महासंघ की सबसे प्रमुख मांग छठे वेतनमान के 32 महीने के एरियर का भुगतान है। जिलाध्यक्ष देविदास विश्वकर्मा ने बताया कि हाईकोर्ट के आदेश और कैबिनेट के फैसले के बावजूद अब तक यह राशि नहीं मिली है, जो सीधे तौर पर आदेशों की अवहेलना है।



इसके अलावा, पेंशनर्स ने मध्य प्रदेश राज्य पुनर्गठन अधिनियम की धारा 46(6)ए को हटाने की मांग की है। उनका कहना है कि छत्तीसगढ़ बने दशक बीत गए, लेकिन आज भी पेंशन संबंधी कामों के लिए छत्तीसगढ़ की सहमति लेनी पड़ती है, जिससे पेंशनर्स का नुकसान हो रहा है।

**महंगाई भत्ता और आयु सीमा में छूट की मांग**

पेंशनर्स ने केंद्र सरकार की तर्ज पर स्वीकृति की तारीख से ही महंगाई भत्ता और महंगाई राहत देने की मांग की है। साथ ही, वर्तमान में 80 वर्ष की उम्र के बाद मिलने वाली 20 प्रतिशत अतिरिक्त पेंशन की सुविधा को 65 वर्ष की आयु से ही लागू करने का आग्रह किया है, ताकि अधिक से अधिक बुजुर्गों को इसका लाभ मिल सके। महासंघ ने यह भी मांग रखी है कि पेंशनर की मृत्यु होने पर परिवार को 50 हजार रुपए की अनुग्रह राशि (एक्सग्रेसिया) दी जाए।

ज्ञापन सौंपने के दौरान पेंशनर्स के प्रदेश संगठन मंत्री दिलीप इंगले सरकार को दो टूक चेतावनी दी कि यदि इन मांगों पर जल्द विचार नहीं किया गया, तो आने वाले समय में प्रदेश स्तर पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। महासंघ के अनुसार, उन्होंने अपनी 9 प्रदेशस्तरीय मांगों की सूची प्रशासन को सौंप दी है और अब वे आर-पार की लड़ाई के लिए तैयार हैं। ज्ञापन का वाचन जिलाध्यक्ष देविदास विश्वकर्मा द्वारा किया गया

इस अवसर पर महासंघ के प्रदेश संगठन मंत्री दिलीप इंगले, मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय चौधरी, निशा प्रसाद, शांताराम निंभोरे, जय प्रकाश चौधरी, सुरेश पवार, सुनीता कनाडे, विनोद यादव, कैलाश राठौड़, उमेश रूपेरी एवं भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष अंकित वैद्य,महामंत्री सतीश महाजन उपस्थित रहें।

## डिप्टी कलेक्टर सुश्री निर्मला कलमे ने प्राथमिक विद्यालय मालवई का किया औचक निरीक्षण

**आलीराजपुर।** जिले की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर द्वारा अधिकारियों को विद्यालयों के नियमित निरीक्षण एवं शैक्षणिक गुणवत्ता की समीक्षा हेतु समय-समय पर विद्यालयों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए। इसी के परिपालन में आज प्राथमिक विद्यालय पटेल फलिया, मालवई का औचक निरीक्षण डिप्टी कलेक्टर एवं डीपीसी सुश्री निर्मला कलमे द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान भारत सरकार द्वारा संचालित निपुण भारत अभियान के अंतर्गत मध्यप्रदेश के मिशन अंकुर के तहत स्नरुह (बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान) मॉड्यूल की समीक्षा की गई।डीपीसी सुश्री कलमे ने निरीक्षण के दौरान संस्था प्रभारी एवं समस्त शिक्षकों को बच्चों में समझ विकसित करने, आधारभूत संख्या ज्ञान तथा शब्द ज्ञान को मजबूत करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही कक्षा 2 के विद्यार्थियों से जोड़-घटाव एवं हिंदी भाषा की समझ से संबंधित प्रश्न पूछे,जिसमें कुछ बच्चे संतोषजनक उत्तर देने में सक्षम पाए गए, जबकि कुछ बच्चे अपेक्षा के अनुरूप उत्तर नहीं दे सके। इस पर डिप्टी कलेक्टर द्वारा विद्यालय के शिक्षकों को कमजोर विद्यार्थियों की पहचान कर उनके शैक्षणिक स्तर में सुधार हेतु विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। साथ ही शिक्षण कार्य की गुणवत्ता बढ़ाने एवं निपुण भारत के लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से प्राप्त करने के निर्देश दिए।



## सहेली ग्रुप का सेवा भाव, परिक्रमा वासियों के लिए चद्दरों का वितरण



**मंडलेश्वर।** माँ नर्मदा तट पर स्थित सदाव्रत आश्रम एवं माँ नर्मदा आश्रय स्थल पर नर्मदा परिक्रमा पर आने वाले परिक्रमावासियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सहेली ग्रुप मंडलेश्वर द्वारा सेवा कार्य किया गया। ग्रुप की ओर से परिक्रमावासियों के रात्रि विश्राम हेतु आवश्यक चद्दरें आश्रम प्रबंधन को भेंट की गईं।इस अवसर पर सहेली ग्रुप की संस्थापिका श्रीमती रीटा जोशी ने जानकारी देते हुए बताया कि ये चद्दरें आश्रम में ठहरने वाले परिक्रमावासियों के उपयोग में लाई जाएँगी, जिससे उन्हें रात्रि विश्राम के दौरान सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि नर्मदा परिक्रमा पर आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा करना सौभाग्य की बात है और यह कार्य सभी सदस्यों के सहयोग से संभव हो पाया है।गत वर्ष भी ग्रुप की ओर से आश्रम में परिक्रमावासीयों के लिए पूजा पाठ करने के लिए पटिए भेट किया गए थे।सहेली ग्रुप की महिलाओं ने सामाजिक सेवा की भावना से यह पहल की, जिसकी आश्रम प्रबंधन एवं परिक्रमावासियों ने सराहना की। इस सेवा कार्य के लिए सहेली ग्रुप की समस्त महिला सदस्यों का हृदय से आभार व्यक्त किया गया।यह पहल न केवल सेवा भाव को दशार्ती है, बल्कि समाज में सकारात्मक संदेश भी देती है कि सामूहिक प्रयासों से जरूरतमंदों की सहायता की जा सकती है।

## कलेक्टर ने प्रतिभाशाली क्रिकेट खिलाड़ी बाजिद को 20 हजार रुपये की सहायता स्वीकृत की

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर

रणछोड़ राय मार्ग, आलीराजपुर निवासी खिलाडी श्री बाजिद पिता श्री सजाउद्दीन मकरानी ने कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर से अनुरोध किया कि वे विगत कई वर्षों से क्रिकेट खेल में निरंतर अभ्यास कर क्रिकेट में अपने भविष्य का निर्माण करना चाहता है , उन्होंने स्कूल एवं कॉलेज के समय में स्टेट लेवल लेदर टूर्नामेंट में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन किया है , किंतु इस खेल के लिए उपयुक्त सामग्री क्रय करने के लिए आर्थिक रूप मजबूत नहीं है । आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण आगामी दिनों में आयोजित होने वाली इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु उपयुक्त क्रिकेट बैट सहित अन्य समाग्री उपलब्ध नहीं है जिसके कारण उन्हे इस प्रतियोगिता से वंचित होना पडेगा । कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने खिलाड़ी की प्रतिभा और लगन को देखते हुए खिलाडी बाजिद को नया क्रिकेट बैट एवं किट सहित अन्य खेल सामग्री के लिए 20 हजार रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की। उन्होंने बाजिद को आगामी प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन के लिए अग्रिम बधाई देते हुए कहा कि खेल जगत के क्षेत्र में कड़ी मेहनत करना जरूरी है , जिससे उनकी प्रतिभा में ओर अधिक निखार आएगा और वे ओर अधिक बेहतर प्रदर्शन करने के योग ?य बन सकते है । अच्छा मुकाम हासिल कर वे अपने जिले के साथ-साथ अपने माता-पिता का नाम रोशन करें।



इस अवसर पर खिलाड़ी श्री बाजिद ने कलेक्टर श्रीमती माथुर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि खिलाड़ियों को प्रोत्साहन एवं आवश्यक खेल सामग्री उपलब्ध कराए जाने से लक्ष्य प्राप्त करने में काफी मदद मिलती है। इसके लिए उन्होंने तत्कालीन कलेक्टर एवं मध्यप्रदेश शासन के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। इस दौरान जिला खेल अधिकारी सुश्री संतरा निनामा, बाजिद के पिता सहित अन्य उपस्थितजन मौजूद रहे।

## विमलनाथ भगवान के जन्मकल्याणक पर भक्ति और उल्लास से मनाया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बाग

जैन धर्म के 13 वे तीर्थंकर भगवान विमलनाथ दादा के जन्मकल्याणक के शुभ अवसर पर बाग नगर में जैन समाज द्वारा एक अत्यंत सुंदर, भक्तिमय और मन को छू लेने वाला आयोजन किया गया। सुबह की शुरूआत ढोल-नगाड़ों की मधुर ध्वनि के साथ हुई, जब भव्य जुलूस निकाला गया। हर चेहरे पर भक्ति की चमक दिखाई दे रही थी और हर कदम में श्रद्धा झलक रही थी।



जुलूस के पश्चात सायंकाल स्वामीवात्सल्य (सामूहिक भोजन) का आयोजन हुआ, जहाँ सभी ने प्रेम, अपनापन और समानता के भाव से भोजन ग्रहण किया। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो पूरा समाज एक परिवार के रूप में एकत्रित हो गया हो। इसके बाद हुए जाप, आरती एवं भक्ति के पावन क्षणों ने वातावरण को अत्यंत शांत, पवित्र और आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। प्रभु के समक्ष आरती का पावन लाभ सेक्रेट्री परिवार द्वारा लिया गया।

इस सुंदर आयोजन में छोटे बच्चों से लेकर बड़े-बुजुर्गों तक सभी ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ भाग लिया। विमलनाथ दादा के जन्मकल्याणक के इस शुभ अवसर ने धर्म, अहिंसा, प्रेम और उत्तम संस्कारों का अमूल्य संदेश प्रदान किया।

## ब्लाक शिक्षा अधिकारी श्री मालवीय का सेवानिवृत्ति पर सुवासरा में सम्मान हुआ



**सुवासरा।** विकासखंड शिक्षा अधिकारी के पद से सेवा निवृत्त हुए नागूलाल मालवीय का सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह सुवासरा के समस्त शिक्षा विभाग द्वारा किया गया इस अवसर पर स्वागत भाषण राकेश वर्मा ने दिया गया बीआरसीसी भगवती शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन में शक्ति होती है सुवासरा तहसील शिक्षा विभाग में उत्कृष्ट कार्य के लिए जानी जाती है राजेश गुप्ता ने कहा कि सुवासरा के शिक्षक सृजन शील है हमने कोरोना काल में संकल्प लेकर हॉस्पिटल परिसर में मरीजों के परिजनों के लिए रेस्ट हाउस बनाया सेवानिवृत बीईओ नागूलाल मालवीय ने कहा कि में भले ही विभागीय तौर पर सेवानिवृत हो गया लेकिन सदैव आपके बीच रहकर शिक्षा और संगठन के लिए कार्य करता रहूंगा कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती भानुप्रिया यादव सहित बीआरसीसी सीतामऊ भगवती शर्मा बीएसी कोमल राठौर बलवंत लोहार प्राचार्य तेजेंद्र जैन माणकलाल मांदलिया सचिन त्रिवेदी डीके जैन बालाराम राठौर पी सी पाटीदार सहित शिक्षा विभाग के सैकड़ों शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन विभाग के वरिष्ठ राजेश गुप्ता द्वारा किया गया आभार उमेश शिल्पी द्वारा व्यक्त किया गया।

## मूकबधिर कल्याणी महिला को बड़वानी पुलिस ने दिलाया त्वरित न्याय

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बड़वानी श्री जगदीश डावर के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में तथा कोतवाली थाना प्रभारी श्री दिनेश कुशवाह के नेतृत्व में बड़वानी पुलिस द्वारा एक मूकबधिर, विधवा एवं कल्याणी महिला को त्वरित न्याय दिलाते हुए मानवीय संवेदनशीलता का परिचय दिया गया।

आवेदिका (परिवर्तित नाम सुमन) द्वारा प्रत्यक्ष रूप से आवेदन प्रस्तुत कर बताया गया कि उसका विवाह लगभग 6-7 वर्ष पूर्व सुधीर के साथ हुआ था, जिनका ६ माह पूर्व निधन हो गया। आवेदिका के दो छोटे बच्चे हैं, एक 5 वर्षीय पुत्र एवं एक 1 वर्षीय पुत्री। पति की मृत्यु के पश्चात सास द्वारा आवेदिका को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। सास द्वारा बच्चों को जबरन छीनकर ले जाना, मारपीट एवं पारिवारिक विवाद की स्थिति उत्पन्न की जा रही थी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली थाना प्रभारी श्री दिनेश कुशवाह द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए महिला अधिकारी को निराकरण हेतु निर्देशित किया गया। ऊर्जा महिला हेल्प डेस्क की टीम द्वारा दोनों पक्षों को थाना बुलाकर काउंसलिंग की गई एवं समझाइश दी गई।

समझाईश के दौरान सास द्वारा भविष्य में किसी भी प्रकार का विवाद न करने, बच्चों को मां से अलग न करने तथा प्रेम एवं सहयोग से रहने का आश्वासन दिया गया। दोनों पक्षों की सहमति से आपसी समझौता संपन्न हुआ एवं घरेलू विवाद का शांतिपूर्ण समाधान किया गया।

अपने दोनों बच्चों को अपने पास पाकर मूकबधिर कल्याणी महिला अत्यंत प्रसन्न हुई एवं अपने पिता के साथ सुरक्षित रूप से घर गई। इस सराहनीय कार्यवाही में उप निरीक्षक ललिता चौहान, उप निरीक्षक शीला, एएसआई श्रीमती रेखा यादव, काउंसलर अनीता चोयल एवं आरक्षक सुशीला निंगवाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।।

## म.प्र. शिक्षक संघ द्वारा 28 जनवरी को भोपाल में मुख्यमंत्री का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बाग

उक्त कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आज मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के आह्वान पर सभी शिक्षक संघ की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें राज्य शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष विजय भावसार आजाद अध्यापक शिक्षक संघ अध्यक्ष योगेश राठौर ब्लॉक अध्यक्ष जगदीश अलावा मध्य प्रदेश शिक्षक संघ बाग और आदिवासी विकास मंच के ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ठाकुर की उपस्थिति में सामूहिक बैठक का आयोजन किया गया जिसमे भोपाल कार्यक्रम के संबंध में चर्चा कर योजना बनाई गई।

उक्त बैठक को सभी अध्यक्षों के अलावा मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के जिला कार्यकारणी सदस्य अंतर सिंह गेहलोद ने कहा कि आज की बैठक कर्मचारी एकता को प्रदर्शित करती है



संगठन में शक्ति है सभी शिक्षक संघ संगठित होकर शिक्षक हित में शासन से लड़ाई लड़े तो शासन भी शिक्षकों की एकता एक मंच पर देखकर शिक्षकों की मांगों का जल्दी से जल्दी निराकरण करने के लिए मजबूर होगी।

ब्लॉक उपाध्यक्ष मगन सिंह जमरा हरिओम शर्मा प्रेम सिंह मंडलोई के द्वारा अपने विचार व्यक्त किए साथ ही मध्य प्रदेश शिक्षक संघ बाग की महिला प्रमुख अलका राठौर सजन अहरवाल वैशाली दिघे दीप्ती अजनारिया ने सभी शिक्षक साथियों से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता के लिए निवेदन किया इस अवसर पर आज बैठक में परम सिंह चौहान नरसिंह मेडा लालू डावर किशोर भाभर नारायण जमरा पारू अहोरिया दिनेश बघेल पदम चौहान श्री मति शिल्पा दिवेकर सहित अनेक शिक्षक साथी ने उपस्थित होकर कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सभी शिक्षक साथियों से निवेदन किया।

## भाजपा के पूर्वी मंडल में दिपक पाटीदार बने महामंत्री एवं रवि परमार बने मीडिया प्रभारी

**खरगोन** ।भारतीय जनता पार्टी ने खरगोन नगर के पूर्वी मंडल की कार्यकारिणी की घोषणा की ।पूर्वी नगर मंडल अध्यक्ष अभिलाष अत्रे ने प्रदेश अध्यक्ष हेमन्त खंडेलवाल के निर्देश एवं भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती नंदा ब्रह्मणे की सहमति से पूर्वी मंडल कार्यकारिणी की घोषणा की जिसमे 28 सदस्यीय कार्यकारिणी में 8 उपाध्यक्ष,2 महामंत्री,8 मंत्री सहित अन्य पद शामिल है ।कार्यकारिणी में दिपक पाटीदार हमेशा भाजपा केहमेशा सशक्त कार्यकर्ता रहे हैं आज उनको महामंत्री का दायित्व मिला है। पत्रकार रविन्द्र परमार की नियुक्ति मीडिया प्रभारी के महत्वपूर्ण पद पर की गई है। वहीं पूर्व भाजपा जिलाअध्यक्ष राजेंद्र सिंह राठौर (दादा) ने भाजपा का दुपट्टा डालकर बधाई शुभकामनाए दी रविन्द्र परमार ने अपनी निडर,निर्भीक कलम के माध्यम से पत्रकारिता जगत में अपनी अलग पहचान बनाई है । रविन्द्र परमार सामाजिक व धार्मिक कार्यो में भी सदैव अग्रणी रहते हुए ,आम जनता की आवाज को अपनी कलम के माध्यम से हमेशा उठाते रहते है । रविन्द्र परमार की भाजपा के पूर्वी मंडल मीडिया प्रभारी के पद पर नियुक्ति से भाजपा कार्यकताओं में खुशी का माहौल है ।सभी ने रविन्द्र परमार को इस महत्वपूर्ण नव दायित्व की बधाई व शुभकामनाएं दी साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की ।

## ज्ञान गंगा यज्ञ में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की भव्य कथा

**मंडलेश्वर।** नगर के समीप श्रीनगर कॉलोनी में चल रहे श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान गंगा यज्ञ के अंतर्गत पांचवे दिन की कथा श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में संपन्न हुई। कथा वाचक पंडित श्री पंकज मेहता गुरुजी ने भगवान श्रीकृष्ण जी के पावन जन्मोत्सव का सुंदर और भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने श्रीकृष्ण जन्म की दिव्य लीलाओं, उनके अवतार के उद्देश्य तथा भक्तों के जीवन में उनके महत्व के बारे में सरल भाषा में समझाया।कथा के दौरान जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण जी के जन्म का प्रसंग आया, पूरा पंडाल भक्ति से सराबोर हो गया। श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन के साथ श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाया। नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। भक्तों ने नृत्य-भजन करते हुए भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की खुशी मनाई।पंडित श्री पंकज मेहता गुरुजी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का अवतार धर्म की रक्षा, अधर्म के नाश और मानवता को प्रेम, करुणा व सत्य का मार्ग दिखाने के लिए हुआ। उन्होंने बताया कि श्रीकृष्ण का जीवन हमें कर्मयोग, भक्ति और विश्वास का संदेश देता है।कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## बैंक घोटाले के पीड़ितों ने विधायक मंजू दादू से मुलाकात की

**नेपानगर।** नेपानगर में नागरिक बैंक घोटाले के पीड़ितों ने विधायक मंजू दादू से मुलाकात की और अपनी जमा राशि वापस पाने के लिए मदद की गुहार लगाई। 3 साल पहले बैंक के कर्मचारियों ने आपसी मिलीभगत से 8 करोड़ 85 लाख रुपये का गबन किया था, जिसके बाद पुलिस ने 16नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। हालांकि, आरोपियों की गिरफ्तारी के बावजूद गबन की राशि वसूल नहीं हो सकी है, जिससे जमाकर्ता परेशान हैं । विधायक मंजू दादू ने कहा कि वे पीड़ितों की समस्याएं सुनेंगे और समस्या का समाधान निकालने के लिए काम करेंगे। उन्होंने कहा कि वे कोर्ट में निवेदन करेंगे कि जिन लोगों ने बैंक से पैसा लिया है, उनकी प्रॉपर्टी को सरकारी तौर पर बेचकर जमा कताओं को उनकी राशि वापस दी जाए ।



## गणतंत्र दिवस समारोह में प्रभारी मंत्री श्री लोधी होंगे मुख्य अतिथि

**खण्डवा।** गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को हर्षोल्लास एवं समारोह पूर्वक मनाया जाएगा। गणतंत्र दिवस पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के मंत्री तथा खण्डवा जिले के प्रभारी मंत्री श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। प्रभारी मंत्री श्री लोधी स्टेडियम ग्राउण्ड में आयोजित कार्यक्रम में ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे और मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 को मनाया जाएगा

**खण्डवा।** 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस आगामी 25 जनवरी को मनाया जाएगा। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री ऋषव गुप्ता विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को सम्मानित करेंगे। इसके साथ ही कार्यक्रम में नए मतदाताओं को फोटो युक्त मतदाता पहचान पत्र वितरित किए जाएंगे।

## प्रधानमंत्री ने स्वच्छ भारत अभियान का शुभारंभ किया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा स्वच्छ भारत अभियान का शुभारम्भ किया गया था जो आज जन आंदोलन बन गया है। इसी कड़ी में गत दिनों मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा "वॉश ऑन व्हील्स एप "का शुभारम्भ किया गया था। वॉश ऑन व्हील्स कार्यक्रम के तहत कोई भी ग्रामीण ऐप के माध्यम से ऑनलाइन बुकिंग कर स्वछता मित्रों के द्वारा शौचालय की सफाई करवा सकता है। स्वछता मित्र व्यक्तिगत शौचालय के साथ-साथ सार्वजानीक संस्थाओं जैसे -स्कूल ,पंचायत भवन ,आंगनवाड़ी भवन आदि के शौचालय भी साफ करते हैं।उज्जैन जिले की खाचरौद जनपद में विगत 5 दिसम्बर को कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह द्वारा बेरछा क्लस्टर अनुश्रवण शिविर में वॉश ऑन व्हील्स का शुभारंभ किया गया था। स्वछता मित्रों ने ट्रेनिंग लेने के पश्चात फील्ड पर काम करना शुरू किया। अभियान का प्रचार प्रसार जैसे- गाँव-गाँव में मुनादी करके ,गाँवों के लोकल व्हाट्सप्प ग्रुप के माध्यम से ,बैनर ,फ्लेक्स के माध्यम से ,ब्लॉक के समस्त शासकीय अमले के माध्यम से वृहद स्तर पर किया गया।वर्तमान में खाचरौद जनपद में बड़े स्तर पर ग्रामीण जन वॉश ऑन व्हील्स अभियान के तहत शौचालय की सफाई करवा रहे हैं। अभी तक खाचरौद जनपद में 2321 शौचालयों की सफाई की वॉश ऑन व्हील्स एप में डिमांड दर्ज हो चुकी है, जो कि प्रदेश में सर्वाधिक है। खाचरौद जनपद के बाद छिंदवाड़ा जिले की जुन्नारदेव जनपद 2022 और बिछुआ जनपद 1742 डिमांड के साथ क्रमशः दूसरे और तीसरे नंबर पर है।खाचरौद जनपद में वर्तमान में 8 स्वच्छता मित्र 130 पंचायतों के 219 गाँवों में शौचालय सफाई का कार्य डिमांड के आधार पर कर रहे हैं। जिन्हें महीने में 20 हजार से अधिक की आय प्राप्त हो रही है जिससे सभी स्वछता मित्र बेहद प्रसन्न हैं।

## अभ्युदय म.प्र. कार्यक्रम के तहत ग्राम उत्सव का सफल आयोजन

**उज्जैन,** । मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड उज्जैन के अंतर्गत ग्राम नवाखेड़ा में ग्रामोत्सव से अभ्युदय मध्य प्रदेश कार्यक्रम के तहत ग्राम उत्सव का सफल आयोजन बुधवार को किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्राम स्तर पर सामाजिक सहभागिता, प्रतिभाओं के प्रोत्साहन एवं जनजागरूकता को बढ़ावा देना था।इस अवसर पर श्री अरुण व्यास, विकासखंड समन्वयक,मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, नवांकुर संस्था देवी अवंतिका सामाजिक युवा कल्याण संस्था से सुश्री करुणा सितोले ने ग्रामोत्सव के महत्व पर अपने विचार व्यक्त करते हुए ग्रामीण विकास में सामूहिक सहभागिता की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम के दौरान ग्राम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभावान व्यक्तियों एवं खेलकूद में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की समाप्ति पर समरसता रैली निकाली गई। ग्रामोत्सव में श्री दीपक शर्मा, श्री कालू सिंह, श्री चंद्रकांत परब, सुश्री लता भोंसले, समिति सदस्य, ग्रामीणजन, मातृशक्तियां एवं बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

खास न्यूज

## बेग में छुपाकर 2 युवक ला रहे थे अवैध शराब

**उज्जैन।** इंदौर-नागदा बायपास मार्ग से बाइक पर आ रहे 2 युवकों के पास अवैध शराब होने की सूचना मिलने पर नीलगंगा थाना पुलिस ने सांवराखेडी मार्ग पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास घेराबंदी की। 2 युवक बाइक पर झोले लेकर आते दिखाई दिये। पुलिस टीम दोनों को रोकने का प्रयास किया, उन्होने भागने की कोशिश की, लेकिन पहले से मुस्तैदी पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया। उनके झोलों की तलाशी ली गई तो उसमें देशी शराब के 350 क्वार्टर भरे होना सामने आये। अवैध शराब का परिवहन होने की पुष्टि के चलते दोनों को थाने लाया गया, जहां पूछताछ में उनके नाम रितिक उर्फ भूरा पिता विनोद परमार 21 साल निवासी जयसिंहपुरा और हिमांशु पिता राजेश धानक 19 साल निवासी ध्रुवनगर होना सामने आये। प्रधान आरक्षक भंवरलाल यादव ने बताया कि दोनों के खिलाफ आबकारी एक्ट अधिनियम की धारा 34 (2) का प्रकरण दर्ज किया गया है। उनके पास से बरामद शराब 31 हजार 500 रूपये सामने आई है। पूर्व में दोनों अवैध शराब के कारोबार में शामिल होना सामने आये है। गुरूवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया था, जहां से जेल भेजा गया है।

## ग्रिल तोड बालगृह से भागे बालकों का नहीं मिला सुराग

**उज्जैन।** लालपुर बालगृह से 3 दिन पहले बाथरूम की ग्रिल तोडकर तडके 5 बजे भागे 2 बालकों का गुरूवार शाम तक सुराग नहीं मिल पाया। थाना प्रभारी कमल निगवाल ने बताया कि एक बालक गजियाबाद का रहने वाला है, दूसरा पुरानी दिल्ली का निवासी है। उनके परिजनों से संपर्क किया जा रहा है। उनकी तलाश में बस स्टेंड, रेलवे स्टेशन के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी देखे गये है। लेकिन दोनों का कुछ पता नहीं चल पाया है। अब तकनीकी साक्ष्यों से उनकी तलाश के प्रयास शुरू किये गये है। सभी रेलवे स्टेशनों की जीआरपी और आरपीएफ थाना पुलिस को भी सूचना भेजी गई है। बालगृह से बालकों के भागने का यह पहला मामला नहीं है, पूर्व में भी कई बार बालक भाग चुके है। जो कुछ महिनों बाद उनके घरों पर ही मिलना सामने आये है। उक्त दोनों बालकों के संबंध में भी आशंका जताई जा रही है कि वह भागकर घर ही पहुंचेगें।

## शिविर में 178 बस चालकों की जांची गई दृष्टि क्षमता



**उज्जैन।** सडक सुरक्षा, जीवन रक्षा माह में यातायात पुलिस अभियान चलाकर सडक दुर्घटनाओं में कमी लाने के प्रयास किये जा रहे और वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। गुरूवार नागरिकों के जीवन की रक्षा का प्राथमिकता देते हुए एएसजी नेत्र अस्पताल के सहयोग से निश्शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया और बस चालकों की दृष्टि क्षमता को जांचा। डीएसपी दिलीपसिंह परिहार ने बताया कि शिविर में 178 बस चालकों का नेत्र परीक्षण किया गया। इस दौरान 33 चालकों की दूर दृष्टि में समस्या होना सामने आई। जिन्हे तत्काल उपचार और आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया। डीएसपी परिहार के अनुसार शिविर का आयोजन एएसपी आलोक शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया था। जिसका मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि यात्री परिवहन से जुडे वाहन चालकों की दृष्टि क्षमता सुरक्षित रहे, जिससे सडक दुर्घटनाओं की संभावना को कम किया जा सके तथा यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो।

## ट्रेलर चालक ने तोड़ा था यातायात पोल, केस दर्ज

**उज्जैन।** शास्त्रीनगर क्षेत्र में लगा यातायात का पोल 11 जनवरी को क्षतिग्रस्त हो गया था। जिसके चलते पोल पर लगी बत्ती, कैमरे और कंट्रोल मशीन भी क्षतिग्रस्त हुई थी। मामले की शिकायत नवनीत पिता महेश यादव निवासी शास्त्रीनगर ने नीलगंगा थाना पुलिस को दर्ज कराई थी। पुलिस ने जांच के 10 दिन बाद बुधवार रात ट्रेलर क्रमांक एमपी 13 झेड एच 9368 के चालक पर बीएनएस की धारा 281 का प्रकरण दर्ज कर लिया।

## 410 ग्राम स्मैक के साथ पकडाये तस्करों को भेजा जेल

**उज्जैन।** एसटीएफ टीम द्वारा 19 जनवरी को आगररोड स्थित नायरा पेट्रोल पंप के पास लवखेडी हनुमान मंदिर के पास से क्रेटा कार क्रमांक एमपी 13 झेड टी 2343 में मादक पदार्थ स्मैक की खरीद-फरोख्त करते अभिषेक सोनकर, अजय प्रजापति निवासी जबलपुर और जयदीप परिहार निवासी आलोट रतलाम को गिरफ्तार कर 410 ग्राम स्मैक 41 लाख की बरामद की थी। तीनों को पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया था। गुरूवार को रिमांड खत्म होने पर कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है। एसटीएफ उपपुलिस अधीक्षक योगेन्द्र यादव ने बताया कि तीनों से महत्वपूर्ण सुराग मिले है। जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई जारी रखी जायेगी।

### पत्थर-लाठियों से फोडी बसे, दुकानों में तोड़फोड़ के बाद बाजार बंद

# तराना में मामूली बात पर हुए विवाद ने लिया उग्र रूप







## बजरंग दल सदस्य घायल, थाने का घेराव, 6 पर नामजद प्रकरण दर्ज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

तराना में गुरूवार शाम 2 समुदाय के युवकों में मामूली बात पर हुए विवाद ने उग्र रूप ले लिया। कुछ देर में मामला हिंसक हो गया। बसों पर लाठी-पत्थर बरसाये गये। दुकानों में तोडफोड की गई। पुलिस ने तत्काल स्थिति को नियंत्रण में लिया और 6 लोगों के खिलाफ नामजद प्रकरण दर्ज किया।

तराना की शुक्ला गली में रहने वाला सोहिल पिता सोनू ठाकुर बजरंग दल सदस्य है। शाम 7.30 बजे के लगभग पर मंदिर के पास खडा था, उसी दौरन इशान मिर्जा ने कहा कि यहां क्यों खडा है। इसी बात पर दोनों के बीच तनातनी हो गई। इशान के भाई सपान मिर्जा, शादाब उर्फ हैडली, सलमान मिर्जा, रिजवान मिर्जा और साथी नावेद अन्य साथियों के साथ आ गये। उन्होने सोहिल ठाकुर पर हमला कर दिया। जैसे ही सोहिल के घायल होने की खबर साथियों को लगी, मामले ने तूल पकड लिया। एक पक्ष लाठी, पत्थर लेकर निकला और बस स्टेंड क्षेत्र में खडी बसों में तोडफोड शुरू कर दी। दुकानों में भी तोडफोड की गई। तनाव की स्थिति बनते ही पुलिस ने मोर्चा संभाला, उज्जैन से भी फोर्स रवाना किया गया, एएसपी गुरूप्रसाद पाराशर भी तराना पहुंच गये थे। एसडीओपी भविष्य भास्कर पुलिस टीम के साथ स्थिति को नियंत्रण में करने के लिये मैदान में आ गये। कुछ देर में हिंसक मामला शांत कराया लिया गया। वहीं बजरंग दल और सर्व हिन्दू समाज के सदस्य तराना थाने पर एकत्रित हो गये। हमला करने वालों पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई। तराना थाना पुलिस के अनुसार सोहिल ठाकुर की शिकायत पर मामले में सपान, इशान, शादाब, सलमान, रिजवान और नावेद सहित अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। बताया जा रहा है कि तोडफोड में 11 से अधिक बस के कांच फोडे गये है। कुछ दुकानों को भी क्षतिग्रस्त किया गया और मारपीट हुई। तनाव की स्थिति बनती देख तराना में बाजार पूरी तरह से बंद हो गया था। हर तरफ पुलिस गश्त के साथ निगरानी रख रही थी।



### घायल को सिर में चोंट उज्जैन रैफर

तराना थाना पुलिस के अनुसार सोहिल ठाकुर को सिर में चोंट लगी थी, उन्हे अस्पताल भेजा गया, जहां से उज्जैन रैफर किया गया है। साथी चरक अस्पताल लेकर पहुचे थे। डॉक्टरों ने सिर में लगी चोंट देख तत्काल ऑपरेशन थियेटर में भेजा। फिलहाल सोहिल का उपचार चल रहा है। तराना में तनाव की खबर और कुछ लोगों के घायल होने की खबर से चरक अस्पताल में भी अलर्ट जारी कर दिया गया था। डॉक्टर और स्टॉफ तत्काल ड्युटी पर पहुंच गये थे। देवासगेट थाना प्रभारी अनिला पाराशर और पुलिस टीम भी अस्पताल में दिखाई दी।

### इनका कहना ...

तराना में 2 पक्षों के बीच तत्कालीन विवाद हुआ था। स्थिति को देखते हुए उज्जैन से फोर्स रवाना किया गया है। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। 6 लोगों के खिलाफ नामजद प्रकरण दर्ज किया गया है। जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

**प्रदीप शर्मा, एसपी**

## मकर संक्रांति पर छत से गिरे युवक की हुई मौत

**उज्जैन।** मकर संक्रांति पर पतंगबाजी करते समय छत से गिरे युवक की 8 दिन बाद गुरूवार को निजी अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा है। देवासगेट थाना क्षेत्र के बहादूरगंज में 14 जनवरी की शाम दोस्त की छत से पतंगबाजी करते समय मनीष पिता लक्ष्मण पंवार 29 साल गिर गया था। तीन मंजिला मकान से गिरने पर उसे सिर में गंभीर चोंट लगी थी। दोस्त उसे चरक अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर होना बताई थी। मनीष को परिजन उपचार के लिये निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जहां 8 दिन चले उपचार के बाद गुरूवार दोपहर को मनीष की मौत हो गई। घटनाक्रम के बाद देवासगेट थाना पुलिस ने मामला जांच में लिया था। मौत की खबर सामने आने के बाद मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है।

**कमरे में फंदे पर लटका मिला युवक-** चिमनगंज थाना क्षेत्र के उंडासा मार्ग पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास विजयनगर में रहने वाले लक्ष्मीनारायण उर्फ लक्की पिता मांगीलाल पंवार 35 साल ने गुरूवार शाम फांसी लगा ली। कमरे में फंदे पर शव लटका देख परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव फंदे से उतार चरक अस्पताल पहुंचाया। मामले में मर्ग कायम किया गया है। शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम कराया जायेगा। संभावना जताई जा रही है कि पारिवारिक विवाद के चलते लक्ष्मीनारायण ने आत्मघाती कदम उठाया है। थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया के अनुसार घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजनों के बयान दर्ज किये जायेंगे।

## अपराध नियंत्रण पर हुई समीक्षा



**उज्जैन।** पुलिस कप्तान ने गुरूवार को पुलिस कंट्रोलरूम पर कानून व्यवस्था और अपराध नियंत्रण को लेकर जिले के सभी अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान अब तक नववर्ष में दर्ज अपराधिक मामलों और गत वर्ष के पेडिंग अपराधों का निराकरण भी जल्द करने के निर्देश दिये गये। पुलिस कंट्रोलरूम पर आयोजित समीक्षा बैठक में जिले के सभी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, नगर पुलिस अधीक्षक, उपपुलिस अधीक्षक, एसडीओपी और थाना प्रभारी उपस्थित हुए थे। कप्तान प्रदीप शर्मा ने जिले में अपराधों पर नियंत्रण और कानून व्यवस्था को सुदृ? बनाये रखने के लिये प्रभावी कार्रवाई के निर्देश सभी को दिये। जिले में घटित अपराधों, लंबित मामलों, गंभीर एवं संवेदनशील प्रकरणों, महिला अपराधों, साइबर अपराधों के साथ कानून-व्यवस्था से जुडे विषयों की समीक्षा की गई। सभी थाना प्रभारियों से उनके क्षेत्र में दर्ज मामलों की विस्तारपूर्वक जानकारी लेकर त्वरित कार्रवाई के लिये आदेशित किया। रात्रि गश्त सतत बनाये रखने, संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी के साथ आगामी समय में शांति, सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान रखने की बात कहीं। समीक्षा के दौरान जनसुनवाई को प्रभावी बनाने, आम नागरिकों के साथ बेहतर संवाद स्थापित करने पर विशेष जोर दिया गया। कप्तान ने कहा कि उज्जैन पुलिस जनसुरक्षा, कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण के लिए पूर्णत- प्रतिबद्ध है। इस दिशा में निरंतर समीक्षा एवं आवश्यक कार्रवाई की जाती रहेगी। कप्तान नववर्ष में तीसरी बार अपराधों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित कर चुके है।

# शराब के साथ गिरफ्त में आया जानलेवा हमले में फरार बदमाश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



जानलेवा हमले में 5 माह से फरार इनामी बदमाश बुधवार-गुरूवार रात जहरीली शराब के साथ पंवासा थाना पुलिस की गिरफ्त में आया गया। बदमाश के गिरफ्त में आने की खबर मिलने पर देवासगेट थाना पुलिस ने बदमाश को एक दिन की रिमांड पर पूछताछ के लिये लिया है।

पंवासा थाना एएसआई संतोष राव ने बताया कि बुधवार-गुरूवार रात 11.30 बजे के लगभग खबर मिली थी कि नौलखी बीड के सामने ग्राम जैवंतपुरखेडा में एक व्यक्ति खडा है। जिसके पास प्लास्टिक की केन में कच्ची शराब है, वह बेचने की फिराक में है। खबर सामने आने पर तत्काल प्रधान आरक्षक विनोद ठाकुर, आरक्षक अमरनाथ, पंकज पाटीदार और सैनिक गोवर्धन के साथ बीड के आसपास घेराबंदी की गई। टीम द्वारा प्लास्टिक की केन लेकर आता दिखाई दिया। जिस पर छुपकर नजर रखी गई और करीब आते ही पकडा गया। उसके पास से केन जप्त की गई, जिसमें हाथ भट्टी पर बनी 5 लीटर कच्ची जहरीली शराब बरामद हो गई। पूछताछ करने पर नाम राकेश उर्फ जटा पिता पवन प्रजापत 25 साल निवासी ग्राम नवाखेडा इंदौररोड थाना नानाखेडा सामने आया। मामले में आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) का अपराध कायम कर अपराधिक ,रिकार्ड खंगाला गया। जिसके चलते पता चला कि आरोपी बदमाश प्रवृति का है और जानलेवा हमले के मामले में देवासगेट थाना क्षेत्र से फरार चल रहा है। उसकी गिरफ्तारी पर 10 हजार का इनाम भी है। उसे गुरूवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से पूछताछ के लिये देवासगेट थाना पुलिस ने एक दिन की रिमांड पर लिया है।

**कुख्यात बदमाश के साथ मिलकर मारे थे चाकू**

देवासगेट थाना एसआई राधेश्याम आवलिया ने बताया कि पंवासा थाना पुलिस की गिरफ्त में आया बदमाश राकेश उर्फ जटा कुख्यात बदमाश छैनू का साथी है। 16 अगस्त 2025 को उसने कुख्यात बदमाश और उसकी पत्नी के साथ मिलकर रेलवे स्टेशन पर चाय का ठेला लगाने वाले शाहरूख पठान पर चाकू से जानलेवा हमला किया था। उसके बाद से राकेश फरार चल रहा था। उसके कुख्यात साथी छैनू और उसकी पत्नी गिरफ्तारी कर ली गई थी, जिन्हे जेल भेजा गया था। राकेश की गिरफ्तारी नहीं होने पर 10 हजार का इनाम घोषित किया गया था। रिमांड अवधि में चाकू बरामद करने का प्रयास किया जायेगा।

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार द्वारा संपत्ति स्वामी सीताबाई पति बनेसिंह निवासी ग्राम कल्याणपुरा, तहसील व जिला उज्जैन से उनके स्वत्वाधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नं. 24/1 रकबा 0.6200 हेक्टर में से रकबा 0.1550 हेक्टर अर्थात उपरोक्त कृषि भूमि में से 1/4 भाग स्थित ग्राम कल्याणपुरा, पटवारी हल्का खजुरिया रेहवारी तहसील उज्जैन जिला उज्जैन, म.प्र. प.ह.नं. 89 में स्थित हैं को मय जमीन तला व हवाई हक सहित क्रय करने का लिखित अनुबंध संपत्ति स्वामी एवं मेरे पक्षकार के मध्य किया गया हैं। यह कि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त संपत्ति के विक्रय मुल्य की धनराशि बाबत बयाना राशि अदा कर दी हैं और उपरोक्त अनुसार मेरे पक्षकार द्वारा नियत अवधि में शेष विक्रय धनराशि संपत्ति स्वामी को अदाकर विक्रय पत्र की रजिस्ट्री का संपादन संपत्ति स्वामी से उनके हित में करवाई जाना हैं। इस सूचना प्रकाशन के द्वारा सूचित किया जाता हैं कि उपरोक्त संपत्ति के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या किसी विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार कोई ऋण भार टेक्स मेंटेनेंस बकाया हो या उक्त संपत्ति पर कोई भी व्यक्ति, संस्था आदि किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, विभाग, बैंक आदि इस सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तूत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके अन्यथा उक्त अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित संपत्ति के दस्तावेज विक्रय पत्र / रजिस्ट्री का संपादन अपने हित में करवा ली जावेगीं व बाद किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। इति दिनांक 22-01-2026 उज्जैन

**अभिषेक सिकरवार एडवोकेट**
**कार्यालय डी-3, भरतपुरी कॉम्प्लेक्स, उज्जैन सिटी ऑफीस 15, कलालसेरी चौक, उज्जैन मो. 98273-80500, 70001-92470**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भवन पुराना म्यु. क्रमांक 3/1354, वर्तमान भूखण्ड नम्बर 38 का एक भाग चन्द्रशेखर आजाद मार्ग, गली नं. 11. मोहल्ला खटीकवाड़ा, उज्जैन में स्थित है। उक्त भवन को जमालउद्दीन अंसारी पिता अब्दुल्ला, निवासी-चितेरा बाखल द्वारा दिनांक 28/08/1961 को रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र दस्तावेज नं. 1ए/1683 के माध्यम से क्रय की थी। श्री जमालउद्दीन अंसारी का इंतकाल दिनांक 26-01-1988 को हो जाने के पश्चात् उक्त सम्पत्ति उनके पुत्रगण मेहमूद अंसारी तथा मोहम्मद सलीम पुत्रगण मरहूम जमालउद्दीन अंसारी को मुस्लिम उत्तराधिकार के अन्तर्गत प्राप्त हुई और वे उक्त सम्पत्ति के संयुक्त स्वामी हुए और उज्जैन नगर पालिक निगम, उज्जैन में भी संयुक्त रूप से उनका नामांतरण दर्ज हुआ। उक्त सम्पत्ति श्री आकिब जावेद पिता मोहम्मद अली, निवासी-18/2, वीर दुर्गादास मार्ग, गली नं. 02. उज्जैन द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र के माध्यम से मेहमूद अंसारी तथा मोहम्मद सलीम पुत्रगण मरह्म जमालउद्दीन अंसारी से क्रय की गई है तथा उसका आधिपत्य प्राप्त किया गया है और त्वामी एवम् अधिपति हुए हैं। पूर्व स्वामीगण मेहमूद अंसारी और मोहम्मद सलीम द्वारा सम्पत्ति विक्रय करते समय उनके पिता जमालउद्दीन के नाम का उक्त रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र दस्तावेज नं. 1ए/1683 दिनांकित 28-08-1961 गुम हो जाना बताया है तथा उक्त विक्रय-पत्र की प्रमाणित प्रति दी है। श्री आकिब जावेद द्वारा अब उपरोक्त क्रय की गई सम्पत्ति को मेरी पक्षकार बैंक युको बैंक, शाखा सब्जी मण्डी, तेलीवाड़ा चौराहा, उज्जैन में बंधक रखकर ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। ऐसी स्थिति में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त विक्रय-पत्र दस्तावेज नं. 1ए/1683 दिनांकित 28-08-1961 के आधार पर कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार का संव्यवहार न करे और यदि किसी व्यक्ति, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय संस्था/बैंक अथवा किसी निकाय ने कोई हक अर्जित किया हो या उक्त सम्पत्ति में किसी भी पक्ष का अन्य किसी प्रकार से कोई हक/हित अथवा हिस्सा निहित हो या मेरी पक्षकार बैंक से होने वाले ऋण संव्यवहार पर किसी भी पक्ष को कोई आपत्ति हो तो ऐसा व्यक्ति/संस्था आदि इस जाहिर सूचना से 07 दिवस की अवधि में मेरी पक्षकार बैंक में मय दस्तावेज के आपत्ति दर्ज करावें, बाद मियाद यदि मेरी पक्षकार बैंक द्वारा उपरोक्त भूखण्ड सम्पत्ति को बंधक रखकर ऋण प्रदान कर दिया जावेगा और उसके पश्चात् किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं रहेगी और मेरी पक्षकार बैंक द्वारा प्रदत्त ऋण का प्रथम भार उक्त सम्पत्ति पर रहेगा, जो सर्वसाधारण पर बंधनकारक होगा व किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उज्जैन, दिनांक 21-01-2026


**विरेन्द्रसिह तोमर, एडवोकेट**
**88-ए, मंगल कॉलोनी, सेठी नगर के पास, उज्जैन, मो. 7987694036, 99938-13101**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूखण्ड स्वामी श्रीमती कृष्णा शर्मा पति श्री संतोष शर्मा, निवासी 31, ओम निकेतन, केशवनगर, उज्जैन म.प्र. के एकल स्वत्व व स्वामित्व का एक भूखण्ड क्रमांक ई-7 ए/10 जो कि क्षिप्रा विहार योजना पी-1/87, उज्जैन म.प्र.0 में स्थित हैं। विक्रीत भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 46.50 वर्गमीटर हैं। जिसके पूर्व में भूखण्ड क्रमांक ई-7ए/8, पश्चिम में सड़क कॉलोनी की, उत्तर में भूखण्ड क्रमांक ई-7ए/9, दक्षिण में भूखण्ड क्रमांक ई-7ए/11 हैं तथा भूखण्ड स्वामी श्रीमती उषारानी जायसवाल पति श्री अशोक जी, निवासी 107, गौतम मार्ग, नामदारपुरा, उज्जैन म.प. के एकल स्वत्व व स्वामित्व का एक भूखण्ड क्रमांक ई-8 ए/10 जो कि क्षिप्रा विहार योजना पी-1/87, उज्जैन म.प्र. में स्थित हैं। विक्रीत भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 45.00 वर्गमीटर हैं। जिसके पूर्व में रास्ता कॉलानी का, पश्चिम में भूखण्ड क्रमांक ई-8 ए/13, ई-8 ए/12 का भाग, उत्तर में भूखण्ड क्रमांक ई-8ए/11, दक्षिण में भूखण्ड क्रमांक ई-8ए/9 है। उपरोक्त दोनों भूखण्डों को मय तल भूमि के हवाई हक सहित मेरे पक्षकार ने क्रय अनुबंधित व्यक्ति क्रिशन देव सिंह ठाकुर पिता श्री पूरण सिंह ठाकुर, निवासी 125, संत हिरदाराम सिटी, ग्राम हामूखेड़ी, उज्जैन म.प्र. से क्रय करने का तय कर दस्तावेज अनुबंध पत्र का संपादन भी स्वयं के हित में करवा लिया हैं, जल्द ही दस्तावेज विक्रय पत्र का पंजीकरण होना हैं। उक्त संपत्ति के सम्बंध में यदि किसी भी व्यक्ति का कोई हक, हिस्सा, स्वत्व, स्वामित्व, क्लेम, अधिकार, सुखाधिकार एवं राईट्स, दावा, झगड़ा आदि हो या उक्त संपत्ति कहीं पर विक्रय, रहन, बय, दान, मार्टगेज या अन्य किसी भी प्रकार से अनुबंध, अन्तरण, हस्तान्तरण की हुई हो या किसी शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, सोसायटी, कार्यालय, शासकीय/अर्द्धशासकीय/ अशासकीय बैंक, वित्तीय संस्था या साहुकारी आदि का कोई ऋण, भार, क्लेम आदि बाकी हो या किसी न्यायालय में उक्त संपत्ति से सम्बंधित कोई आपत्ति/वाद विचाराधीन हो या स्थगन हो तो वह इस ज़ाहिर सूचना के प्रकाशन से 15 पंद्राह दिन में मय दस्तावेज के मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय में अपनी आपत्ति या क्लेम प्रस्तुत करें अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त संपत्ति का दस्तावेज विक्रय-पत्र का संपादन एवं निष्पादन कर पंजीकरण करा लिया जायेगा। उसके बाद कोई आपत्ति दावा झगड़ा क्लेम आदि मान्य नहीं होगा। इस सूचना के पश्चात उक्त वर्णित संपत्ति को खरीदने का कोई अनुबंध, रजिस्ट्री, विक्रय-पत्र या उसके सम्बंध में कोई व्यवहार आदि नहीं करें। सूचित हो।

इति दिनांक 22/01/2026, स्थान: उज्जैन

**शकील एहमद एडवोकेट**
**सुहाना पैलेस 34. शू मार्केट लखेरवाड़ी उज्जैन**
**मो. 87707-18997, 6263402802**



# मन को कल्पवृक्ष बनाए

आपका मन पांच अलग-अलग अवस्थाओं में हो सकता है। आपका मन निष्क्रिय हो सकता है, इसका मतलब हुआ कि यह सक्रिय नहीं है। यह शुरूआती अवस्था में है। अगर आप इसे ऊर्जावान बनाते हैं, तब यह सक्रिय हो जाता है, पर बिखरा हुआ रहता है। अगर आप इसे और ऊर्जावान बनाते हैं, तो यह बिखरा तो नहीं रहता, मगर आगे-पीछे होता रहता है। अगर आप इसे और ऊर्जावान बनाते हैं, तो यह एक लक्ष्य पर केंद्रित हो जाता है। जब इसे और ऊर्जावान बनाते हैं, तो यह सचेतन हो जाएगा। अगर आपका दिमाग सचेतन है, तो यह जादू बन जाता है; तब यह परे जाने के लिए एक सेतु बन जाता है।

निष्क्रिय मन से समस्या नहीं होती। ऐसा इंसान जो सरल मन वाला है, जिसकी बुद्धि अभी उत्तेजित नहीं है, उसे समस्या नहीं होती। वह ठीक से खाता है और अच्छे से सोता है। सिर्फ वे लोग नहीं सो सकते, जो सोच सकते हैं! सरल दिमाग वाले लोग, तथाकथित बुद्धिजीवियों की तुलना में अपने शरीर के सारे क्रिया-कलाप काफी अच्छी तरह से करते हैं। उनके अंदर एक तरह की शांति होती है। एक निष्क्रिय मानव दिमाग इंसानी प्रकृति की तुलना में जानवर प्रकृति के ज्यादा करीब होता है। कुछ लोग, जब आध्यात्मिक अभ्यास की शुरूआत करते हैं, तो उन्हें मानसिक प्रखरता के एक नए स्तर का अनुभव हो सकता है। अगर माहौल ठीक नहीं है, तो वे उसे संभाल नहीं पाते। उनके ह्यसिस्टमह्न में ऊर्जा के नए स्तर से पैदा हुई मन की प्रखरता को कुछ लोग व्याकुलता समझ सकते हैं। ऐसे लोग, जिनका मन बहुत बिखरा हुआ है, उन्हें आध्यात्मिक अभ्यास के बाद इसमें सुधार का अनुभव होता है। अब मन इधर-उधर होने लगता है- एक दिन इस तरफ, अगले दिन दूसरी तरफ। हालांकि, बिखरे होने की तुलना में यह काफी बड़ा सुधार है, क्योंकि पहले हर पल मन दस जगह पर भटकता था।

अगर मन पहले से ही इधर-उधर डोलने वाला है और आप इसे ज्यादा ऊर्जावान बनाते हैं, तो धीरे-धीरे यह एक बिंदु पर केंद्रित होने लगता है। यह और भी अच्छा है, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण यह है कि मन को सचेतन हो जाना चाहिए। यह आपका कंप्यूटर, कार या अंतरिक्ष यान नहीं, बल्कि मानव मन है, जो इस अस्तित्व की सबसे चमत्कारिक चीज है, बशर्ते आप सचेतन होकर इसका इस्तेमाल करें। ऐसा क्यों होता है कि किसी इंसान को सफलता बड़ी आसानी से और सहज मिल जाती है, जबकि दूसरे को संघर्ष करना पड़ता है? इसकी वजह यह है कि पहला इंसान जो चाहता है, वैसा ही सोचता है, जबकि दूसरा अपने ही खिलाफ सोचता है।

एक सुस्थापित और सुव्यवस्थित मानव मन को कल्पवृक्ष कहते हैं, यानी एक ऐसा पेड़, जो मनचाहा वरदान देता है।



सम्पादकीय

## नफरती बोल पर चोट

देश में कुछ नेता और संगठन ऐसे हैं, जो अक्सर नफरती बोल के सहारे अपनी सियासत को अंजाम देते रहते हैं। इसी कड़ी में तमिलनाडु के उप-मुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन भी शामिल हैं, जिन्होंने सनातन पर प्रतिकूल टिप्पणी की थी। मद्रास उच्च न्यायालय ने उदयनिधि की उस टिप्पणी को हेट स्पीच या नफरती बोल माना है। नफरती बोल का यह मामला साल 2023 का है और इसका ऐसा संज्ञान पहले ही लिया जाना चाहिए था। विशेष रूप से राजनीति और सोशल मीडिया पर जब उदयनिधि के नफरती बोल की निंदा हुई, तब तमिलनाडु में भाजपा नेता अमित मालवीय के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर दी गई थी। मद्रास उच्च न्यायालय ने उसे अब रद्द कर दिया है। लगे हाथ, उच्च न्यायालय ने यह भी कहा है कि किसी नफरती भाषण पर प्रतिक्रिया देने वाले को दंडित करना अनुचित है, जबकि भाषण देने वाले के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। अदालत ने माना है कि नफरती बोल की आलोचना के खिलाफ मामला दर्ज करना खराब मिसाल है।

वास्तव में, किसी भी नफरती बोल को देखने की दृष्टि समान होनी चाहिए। ऐसा नहीं लगना चाहिए कि किसी समुदाय की सहानुभूति के लिए किसी अन्य समुदाय को निशाना बनाया जा रहा है। किसी समुदाय के साथ सख्ती और किसी के साथ नरमी नाजायज ही कही जाएगी। अच्छा समाज तर्कपूर्ण भी होना चाहिए। दुर्भाग्य से, समाज में यह आम ध्वनि देखी जाती है कि सनातन या उसके तत्वों को बहुत आसानी से निशाना बना दिया जाता है। परिपक्व हो रहे गणतंत्र देश की स्वस्थ राजनीति के लिए जरूरी है कि किसी भी जाति-धर्म को निशाना न बनाया जाए। कहीं कमी है, तो मिल-जुलकर दूर की जाए। ध्यान रहे, निशाना न बनाने का संयम सबसे पहले नेताओं को बरतना होगा। कोई राजनीतिक दल हो या कोई नेता, नफरती बोल से तौबा करने में ही सबकी भलाई है। मद्रास उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति एस श्रीमाथी की अवश्य प्रशंसा होनी चाहिए। स्वयं उप-मुख्यमंत्री रहते हुए कुछ भी बोल देना और दूसरों को आलोचना से रोकना कानून-व्यवस्था का दुरुपयोग है। अदालत ने उचित ही इस चिंताजनक प्रवृत्ति पर गहरी निराशा व्यक्त की है। अदालत ने अफसोस भी जताया है कि मंत्री के भाषण के लिए उनके खिलाफ कोई मामला दर्ज नहीं किया गया। यहां यह गुहार या उम्मीद अदालतों से अवश्य होनी चाहिए कि नफरती बोल को इतनी आसानी से कतई बरी न किया जाए।

बसंत पंचमी के शुभ प्रसंग पर विशेष

# जीवन में आनंद, ज्ञान और नवचेतना का पर्व





आचार्य शैलेन्द्र पाराशर
(दैनिक अवन्तिका)

भारतीय सांस्कृतिक चेतना में माघ शुक्ल पंचमी का विशेष स्थान है। यह तिथि ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती के प्राकट्योत्सव, ऋतुराज वसंत के आगमन और सृजनात्मक ऊर्जा के उत्सव के रूप में जानी जाती है। यही दिवस छायावादी काव्यधारा के प्रमुख स्तंभ महाकवि सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की जयंती का भी साक्षी है। इन सभी संदर्भों से स्पष्ट होता है कि बसंत पंचमी केवल एक धार्मिक या पारंपरिक पर्व नहीं, बल्कि भारतीय सभ्यता के बौद्धिक, सांस्कृतिक और नैतिक आत्मबोध का प्रतीक है।

आज का समाज तीव्र तकनीकी परिवर्तन, उपभोक्तावादी प्रवृत्तियों और मानसिक तनाव के दौर से गुजर रहा है। ऐसे समय में बसंत पंचमी का संदेश और अधिक प्रासंगिक हो जाता है। यह पर्व स्मरण कराता है कि जीवन में संतुलन केवल भौतिक प्रगति से नहीं, बल्कि ज्ञान, विवेक और प्रकृति के साथ सामँजस्य से आता है। जब ज्ञान विवेक से कट जाता है और विकास प्रकृति-विरोधी हो जाता है, तब उसका परिणाम सामाजिक असंतुलन, पर्यावरणीय संकट और मानसिक अशांति के रूप में सामने आता है।

वसंत ऋतु का आगमन प्रकृति में स्पष्ट परिवर्तन का संकेत देता है। माघ मास में खेतों में लहलहाती सरसों के पीले फूल, वृक्षों पर फूटती नई कोपलें, आम्रवृक्षों में मंजर और पक्षियों का कलरव-ये सभी दृश्य केवल सौंदर्य के नहीं, बल्कि जीवन की निरंतरता और नवसृजन के प्रतीक हैं। प्रकृति अपने ढंग से यह संदेश देती है कि पुराना छोड़कर नया अपनाना ही जीवन का शाश्वत नियम है। यह नियम व्यक्ति, समाज और राष्ट्र-तीनों पर समान रूप से लागू होता है।

बसंत पंचमी का केंद्रबिंदु है-ज्ञान की आराधना। माँ सरस्वती को विद्या, बुद्धि, विवेक, वाणी और संस्कृति की अधिष्ठात्री देवी माना गया है। यह धारणा केवल आस्था तक सीमित नहीं, बल्कि सामाजिक यथार्थ से गहराई से जुड़ी हुई है। किसी भी सभ्यता की दिशा और दशा इस बात पर निर्भर करती है कि वह ज्ञान का उपयोग किस उद्देश्य से करती है। इतिहास गवाह है कि जब ज्ञान मानव-कल्याण का साधन बना, तब समाज ने उन्नति की, और जब वही ज्ञान सत्ता, अहंकार या विनाश का उपकरण बना, तब पतन अपरिहार्य हुआ।

आज सूचना और तकनीक के इस युग में ज्ञान की मात्रा अभूतपूर्व रूप से बढ़ी है, किंतु विवेक और प्रज्ञा का संकट भी उतना ही गहराया है। त्वरित सूचना, सोशल मीडिया और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के इस दौर में यह प्रश्न अत्यंत प्रासंगिक है कि क्या हम वास्तव में अधिक ज्ञानी हो रहे हैं या केवल अधिक सूचनाभारित।

बसंत पंचमी इसी आत्ममंथन का अवसर प्रदान करती है। यह पर्व स्मरण कराता है कि ज्ञान का अंतिम लक्ष्य केवल दक्षता नहीं, बल्कि मानवता, संवेदनशीलता और सामाजिक उत्तरदायित्व है।

वसंत ऋतु हमें परिवर्तन का साहस भी सिखाती है। जैसे प्रकृति पुराने पत्तों को त्याग कर नई कोपलों को जन्म देती है, वैसे ही समाज को भी जड़ परंपराओं, संकीर्ण पूर्वाग्रहों और अप्रासंगिक विचारों का पुनर्मूल्यांकन करना चाहिए। परिवर्तन से भयभीत होना प्रकृति के नियम के विरुद्ध है। जो समाज परिवर्तन को स्वीकार करता है, वही समय के साथ आगे बढ़ता है।

ललित कलाओं, साहित्य और संगीत के क्षेत्र में बसंत पंचमी का विशेष महत्व है। वसंत राग, बसंती रंग और सृजनात्मक वातावरण कलाकारों और साधकों को नई ऊर्जा प्रदान करता है। कला किसी भी समाज की संवेदना और चेतना का दर्पण होती है। जब समाज कला और संस्कृति से कटने लगता है, तब उसका बौद्धिक और नैतिक क्षरण प्रारंभ हो जाता है।वस्तुतः सरस्वती की आराधना सांस्कृतिक चेतना के संरक्षण का भी प्रतीक है।

आधुनिक शहरी जीवन में मनुष्य निरंतर प्रकृति से दूर होता जा रहा है। सीमेंट और कांक्रीट के विस्तार ने हरियाली, मौन और खुले आकाश को सीमित कर दिया है। इसका प्रभाव मनुष्य के मानसिक स्वास्थ्य पर स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रहा है। बसंत पंचमी इस दूरी को पाटने का प्रतीकात्मक अवसर है। यह पर्व याद दिलाता है कि प्रकृति केवल उपभोग की वस्तु नहीं, बल्कि जीवन की अनिवार्य शर्त है।

बसंत पंचमी पर बालकों का अक्षरारंभ और विद्यारंभ संस्कार यह रेखांकित करता है कि किसी भी राष्ट्र का भविष्य उसकी शिक्षा-प्रणाली और संस्कारों पर निर्भर करता है। विद्या को सभी धनों में श्रेष्ठ इसलिए माना गया है, क्योंकि वही मनुष्य को आत्मबोध, विवेक ,आत्मज्ञान और दीर्घकालीन आनंद की ओर ले जाती है।

अतः बसंत पंचमी का संदेश है-ज्ञान को विवेक से जोड़ना, विकास को प्रकृति-अनुकूल बनाना और परिवर्तन को जीवन का स्वाभाविक नियम स्वीकार करना। ऋतुराज वसंत केवल मौसम नहीं, बल्कि समाज और मनुष्य के भीतर नई चेतना के संचार का आह्वान है। यहीं इस पर्व की स्थायी प्रासंगिकता और सार्थकता है। बसंत पंचमी का पर्व आनंद के साथ मनाएँ।

## वसंतोत्सव



वंदन वाणी की देवी के रूप का,
वंदन है वाणी के हर स्वरूप का,
वन्दन वेद, ज्ञान के कोश अकूत का,
वंदन वाणी, वीणा के सहज रूप का। 1
सनातन के अनवरत क्रम का,
सकल ज्ञान विद्याओं के अनुक्रम का,
सकल धरा के सम्यक पराक्रम का,
सरल सहज योग है यह परिश्रम का। 2
नेति नेति के सुखद स्मरण का,
नारायण के प्रतीक श्री चरण का,
नर से श्री नारायण के वरण का,
नमन वाणी और वीणा के योग करण का,
नतमस्तक है ज्ञान संस्कृति के
कण कण का। 3
तल से शिखर तक की यात्रा है,
तम से लेकर प्रकाश की पराकाष्ठा है,
तन से मन तक पहुंचाए वह व्यवस्था है,
तपन से ज्ञान परंपराओं की अवस्था है। 4
उत्सव हैं यह अनंत ऊर्जा के मान का,
उत्सव है यह अनंत ज्ञान के योगदान का,
उत्सव है धरा धाम की माटी महान का,
उत्सव हैं भारत के मान सम्मान का। 5
तम मिटाने जहां गुरु शिष्य पधारे,
तन मन से लगे जहां असीमित जयकारे,
तलक जाएंगे अनंत ज्ञान के नारे,
तृप्त होते जहां हर मानव के प्यारे। 6
सभी दिशाओं में विराजित जहां वाघेश्वरी,
सब मिलकर गाते गीत मां प्यारी,
सब मिलकर भगवा ध्वज का मान बढ़ाए,
सतकर्मों से मां भारती को पुष्प चढ़ाते हैं। 7
वंदन है सम्राट महाराज भोज के
पावन धाम को,
वंदन है हमारा पावन
धरा धाम का,
वंदन है, गढ़कालिका,
कालभैरव विक्रांत को,
वंदन मां नर्मदे को जो
चरण छूती चतुर्भुज प्रभु
श्रीराम का। 8



पं.रामगोपाल शर्मा
(दैनिक अवन्तिका)

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 23 जनवरी 2026 शुक्रवार
सूर्योदय - 07:13 सूर्यास्त 18:04
माघ मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 10:30 से 12:00 तक
तिथि - पंचमी 25:46 उपरांत षष्ठी
नक्षत्र - पूर्वाभाद्रपद 14:33 उपरांत उत्तराभाद्रपदा
योग - परिघ 15:59 उपरांत शिव
करण - बव
चन्द्रमा - कुंभ में है। 08:34 पर मीन में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - सावान मास 03 तारिख

**मेष-** रोजगार मिलेगा। अप्रत्याशित लाभ होगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**वृषभ-** विवाद न करें। नौकरी करने वालों को ऐच्छिक स्थानांतरण एवं पदोन्नति मिलने की संभावना है।

**मिथुन-** विवाद से क्लेश होगा। शारीरिक कष्ट संभव है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी।

**कर्क-** आपसी मतभेद, मनमुटाव बढ़ेगा। किसी से मदद की उम्मीद नहीं रहेगी। आर्थिक समस्या बनी रहेगी।

**सिंह-** धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। कानूनी बाधा दूर होकर लाभ होगा। पूँजी निवेश बढ़ेगा।

**कन्या-** पहले किए गए कार्यों का लाभदायी फल आज मिल सकेगा। संतान के कामों से खुशी होगी।

**तुला-** शारीरिक क‍्?ट से बाधा संभव है। भागदौड़ रहेगी। घर-परिवार का सहयोग प्राप्त होगा।

**वृश्चिक-** राजकीय सहयोग मिलेगा। कार्यकुशलता सहयोग से लाभान्वित होंगे। काम में मन लगेगा।

**धनु-** पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग को सफलता मिलेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें।

**मकर-** नए कार्यों, योजनाओं की चर्चा होगी। लाभदायी समाचार आएँगे। समाज में आपके कार्यों की प्रशंसा होगी।

**कुंभ-** प्रयास सफल रहेंगे। प्रशंसा प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। लाभ होगा। व्यवसाय अच्छा चलेगा।

**मीन-** कार्य क्षेत्र में नई योजनाओं से लाभ होगा। लगन, मेहनत का उचित फल मिल सकेगा। क्रोध एवं उत्तेजना पर संयम रखें।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
( भरदीवाले ) 9926034545

समसामयिक

## ज्ञान, बुद्धि ,कला और संगीत की देवी मां सरस्वती के उपासना का दिवस



डॉ. बी.आर. नलवाया,
(दैनिक अवन्तिका)

भारत में माघ शुक्ल की पंचमी को बसंतोत्सव का त्यौहार बसंत का मौसम आने की खुशी में मनाया जाता है। शरद ऋतु का अवसान और ग्रीष्म ऋतु का शुभारंभ , इसी दिन से होता हैं। बसंत पंचमी के दिन जगह-जगह माँ सरस्वती-शारदा की पूजा-अर्चना की जाती है। श्रीकृष्ण ने देवी सरस्वती का पूजन माघ शुक्ल पंचमी को सबसे पहले किया था । तब से सरस्वती पूजन प्रचलन बसंत पंचमी के दिन मनाने? की परंपरा चली आ रही है। ? इस दिन को पर्व की रूप में मनाने का एक कारण सरस्वती जयंती का दिन होता है। बसंत पंचमी का त्योहार पश्चिम बंगाल व उड़ीसा राज्य में श्री पंचमी के नाम से मनाया जाता है। बंगाल के निवासियों का कहना है-- कि यह प्रथा यहाँ प्राचीन काल से चली आ रही, इस पर्व का यह महत्व है ,कि बसंत ऋतु आते ही? प्रकृति का कण-कण खिल उठता है। इसी दिन ज्ञान की देवी सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ भारत के लोग अपनी कलम, वाद्य यंत्र की पूजा कर माँ की आराधना करते हैं। यह बसंत पंचमी पर्व दक्षिण एशिया- के भारत, बाग्लादेश, नेपाल और कई राष्ट्रो में बड़े उल्लास से मनायी जाती है। शास्त्रों में बंसत पंचमी को ऋषि पंचमी से ,तो पुराणों-शास्त्रों तथा अनेक काव्यग्रंथों में भी अलग-अलग ढंग से चित्रण करने का उल्लेख मिलता है। वसंत और बसंत एक ही शब्द है ,बसंत ऋतु का स्वागत करने के लिए माघ महीने के पांचवे दिन एक बड़ा उत्सव मनाया जाता है, जिसमें विष्णु ओर कामदेव की पूजा होती है। सरस्वती के 108 नामों में इन्हें शिवानुजा (शिव की छोटी बहन) कहकर भी संबोधित किया जाता है। सरस्वती को वाणी,शारदा, वागेश्वरी, भगवती सहित अनेक नामों से संबोधित किया जाता है। ये सभी प्रकार के ब्रह्म, विद्या- बुद्धि एवं वाक् प्रदाता है। संगीत की उत्पति करने के कारण ये संगीत का अधिष्ठात्री देवी भी कहलाती है। बौद्ध व दिगंबर जैन परंपरा के अनुसार श्रुत पंचमी पर्व, ज्ञान की आराधना का महान पर्व है जो भाई-बधुओ को वीतरागी संतों की वाणी सुनने ,आराधना करने, और प्रभावना बांटने का संदेश देता है , वही सरस्वती का उल्लेख वैदिक साहित्य में एक नदी और एक देवी दोनों रूपो में आता है, वाक देवी के रूप में वह हिन्दू बौद्ध, जैन के लिये समान रूप में पूज्य है। हंस या वाहन मयूर पर सरस्वती जैन । परंपरा में ऋतुदेवी के नाम से विख्यात है।आराधना के पूर्व - सरस्वती साधकों को साधना शुद्धता के साथ चरित्रवान होना चाहिए। मांस-मद्द जैसे तामसिक पदार्थों के सेवन का त्याग करना चाहिए। भारत में प्राचीन काल से ही विद्या और बुद्धि कौशल प्रखरता हेतु ₹गायत्री मंत्र₹ का विधान प्रचलित रहा है। पौराणिक काल में उतरने पर सावित्री यानी गायत्री, और सरस्वती देवी में तत्वतः भेद नहीं रहा। दोनो की उपासनाओं का एक ही मूल - फल है-बुद्धि का विकास । अतः सरस्वती साधना के दिन से गायत्री मंत्र का पाठ और भावार्थ भी बच्चों को समझाया जाना चाहिए।

### क्यों होता है सरस्वती पूजन ?

मान्यता है कि भगवान विष्णु की आज्ञा से ब्रह्मा ने सृष्टि का निर्माण किया। इस निर्माण में उन्हें कुछ कमी लगी, तब ब्रह्मा ने अपने कंमडल से जल छिड़का। तब एक सुंदर चतुर्भुजी स्त्री का प्राकट्य हुआ। जिनके एक हाथ में वीणा, दूसरे में पुस्तक, तीसरे में माला व चौथा हाथ वर मुद्रा में था। जैसे ही उन्होंने वीणा का मधुरनाद किया तो संसार के समस्त जीव-जंतुओं को वाणी प्राप्त हो गई। संगीत की उत्पत्ति भी सरस्वती देवी के द्वारा ही हुई, इसलिए इन्हें वाणी व संगीत की देवी कहा जाता है। पुराणों के अनुसार भगवान कृष्ण ने प्रसन्न होकर सरस्वती को यह वरदान दिया कि वसंत पंचमी के दिन तुम्हारी पूजा की जाएगी। तब से इस दिन सरस्वती की आराधना की जाती है।

## बसंत : भारतीय चेतना में नवजीवन और संघर्ष का प्रतीक



डॉ. नरेन्द्र मेहता
(दैनिक अवन्तिका)

भारत त्योहारों का देश है। इसी श्रृंखला में बसंत पंचमी अथवा श्रीपंचमी एक हिन्दू त्योहार है। इस दिन विशेष रूप से विद्या की देवी सरस्वतीजी की पूजा की जाने की भारतीय संस्कृति की परम्परा है। इस दिन महिलायें पीले वस्त्र धारण करती हैं। यह त्योहार भारत की ही नहीं अपितु पश्चिमो×र बांगलादेश, नेपाल आदि देशों में बड़ी श्रद्धा-आस्था से मनाने की परम्परा है।

भारत तथा नेपाल में वर्षभर को छः ऋतुओं में विभाजित किया गया है उनमें बसंत अधिकांश लोगों का सबसे प्रिय मौसम है। बसंत में चारो तरफ फूलों की बहार देखने का अवसर होता है, खेतों में पीली-पीली सरसों का सोना बरसने-चमकने लगता है, जौ एवं गेहूँ की बालियाँ पूरे यौवन पर रहती है। आमों के पेड़ों पर बौर दिखाई देने लगते हैं तो दूसरी तरफ रंग बिरंगी तितलियाँ फूलों पर अठखेलियाँ करती दृष्टिगोचर होने लगती हैं। बसंत पंचमी माघ महिने के शुक्ल पक्ष के पाँचवें दिवस मनाई जाती है। इस दिन भगवान विष्णु, कामदेव और माता सरस्वती की धूमधाम से अर्चना वंदना की जाती है। भारत में अधिकांश शिवाविद् इस दिन माँ शारदे की वंदना कर अधिक ज्ञानवान होने की प्रार्थना करते हैं। बसंत में प्रकृति प्रसन्न होकर खिल उठती है। मानव ही नहीं अपितु पशु-पक्षी चहक उठते हैं। बसंत पंचमी एक तरह से कलाकारों, लेखक, गायक, नृत्यकार, कवि, वादक और संगीतज्ञों की दिवाली जैसा त्योहार है, क्योंकि ये सब इसी दिन अपने उपकरणों की पूजा करते हैं।

ऐसा पुराणों में उल्लेख है कि ब्रह्माणी ने भगवान विष्णु की आज्ञा से सृष्टि रचना के साथ ही मनुष्य योनि की रचना की है। मनुष्य की रचना के पश्चात चारों ओर मौन दिखाई पड़ा तथा ब्रह्माणी ने विष्णु की स्वीकृति से जल छिड़का जिससे पृथ्वी पर जलकण गिरते ही कम्पन होने लगा तथा वृक्षों के मध्य एक अद्भुत शक्ति प्रकट हुई। इस प्राकट्य में चतुभुर्जी सुन्दर स्त्री एक हाथ में वीणा तथा दूसरा हाथ वर मुद्रा में था, शेष दो हाथों में ग्रंथ एवं माला सुशोभित थी। ब्रह्मा ने देवी से वीणा बजाने का अनुरोध किया। बस जैसे ही वीणा का मधुर नाद हुआ सृष्टि के समस्त प्राणियों को वाणी प्राप्त हो गई। ब्रह्माजी ने इस देवी को सरस्वती कहा। संगीत की उत्प×ि की देवी भी यही है। वसंतपंचमी माता सरस्वती का जन्म दिवस त्यौहार है। ऋग्वेद में सरस्वती (भगवती) का वर्णन है तथा बताया गया है-

प्रणो देवी सरस्वती वाजेभिर्वजिनीवती धीनामणित्रयवस्तु। तात्पर्य यह है कि ये श्रेष्ठ चेतना सरस्वती मानव बुद्धि-प्रज्ञा एवं मनोवृत्तियों की रक्षक है। सरस्वती उत्तम आचरण मेधा, और समृद्धि की देवी है। बसंत पंचमी की पूजा भगवान श्रीकृष्ण का उनकी प्रसन्नता पर दिया गया वरदान है।

बसंत पंचमी त्रेतायुग की देन है। श्रीराम सीताहरण के बाद रावण की खोज में दक्षिण में गये। खोज में दण्डकारण्य भी गये थे। इस वन में शबरी की कुटिया में श्रीराम पधारे। शबरी ने श्रीराम को चख-चखकर मीठे बेर भेंट किये। दण्डकारण्य वन वर्तमान में गुजरात और मध्यप्रदेश में माना जाता है। डांग गुजरात का एक जिला है। यहाँ आज भी शबरी का आश्रम है। ऐसा माना गया है कि श्रीराम बसंत पंचमी को ही यहाँ आये थे। अतः आज भी राम जिस शिला पर बैठे थे उसकी पूजा आज के दिन होती है। यहाँ शबरी माता का मंदिर भी है।

इस दिन माँ सरस्वती की पूजा रोली, पीले फूल, गुलाल, पीली मिठाई एवं आम की मंजरी से करना चाहिये। परम्परानुसार छात्र-छात्राओं को माता सरस्वती का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिये अपनी पाठयपुस्तकों को सरस्वती माँ की मूर्ति या चित्र के सामने रख देना चाहिये। इस दिन अध्ययन-अध्यापन कार्य नहीं करना चाहिये।

धर्म-आस्था

## दूरदर्शी, साहसी और वैज्ञानिक महाराजा राजा भोज

### सम्राट राजा भोज जयंती पर विशेष



हेमेन्द्र क्षीरसागर
(दैनिक अवन्तिका)

बसंत पंचमी को 1000 ई. को मालवा में अवतरित भोजदेव, राजा भोज परमार या पंवार वंश के नवें राजा थे। उनके जीवन का अधिकांश युद्धक्षेत्र में बीता तथापि उन्होंने अपने राज्य की उन्नति में किसी प्रकार की बाधा न उत्पन्न होने दी। स्तुत्य, सांस्कृतिक गौरव के जो स्मारक हमारे पास हैं, उनमें से अधिकांश राजाओं के राजा भोज की देन हैं। चाहे विश्वप्रसिद्ध भोजपुर मंदिर हो या विश्वभर के शिवभक्तों के श्रद्धा के केंद्र उज्जैन स्थित महाकालेश्वर मंदिर, धार की भोजशाला हो या भोपाल का विशाल तालाब ये सभी राजा भोज के सृजनशील व्यक्तित्व की अनुपम भेंट हैं। राजा भोज नदियों को चैनलाइज या जोड़ने के कार्य के लिए भी पहचाने जाते हैं। आज उनके द्वारा खोदी गई नहरें और जोड़ी गई नदियों के कारण ही नदियों के इस पानी का लाभ आम लोगों को मिल रहा है। भोपाल शहर इसका बड़ा तालाब इसका उदाहरण है। वो कालजई सोच आज देश के लिए पावन धारा बन गई। उसी दिशा में सरकार नदी जोड़ो अभियान को प्रमुखता से ले रही है।

**प्रतिकृति भोजशाला में** - दिग्दर्शी, राजा भोज ने जहां भोज नगरी (वर्तमान भोपाल) की स्थापना की वहीं धार, उज्जैन और विदिशा जैसी प्रसिद्ध नगरियों को नया स्वरूप दिया। उन्होंने केदारनाथ, रामेश्वरम, सोमनाथ, मुण्डीर आदि मंदिर भी बनवाए, जो हमारी समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर हैं। समृद्ध संवाहक राजा भोज ने शिव मंदिरों के साथ ही सरस्वती मंदिरों का भी निर्माण किया। राजा भोज ने धार, मांडव तथा उज्जैन में 'सरस्वती कण्ठभरण' नामक भवन बनवाए थे। जिसमें धार में 'सरस्वती मंदिर' सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। पहले इस मंदिर में मां वाग्देवी की मूर्ति होती थी। मुगलकाल में मंदिर परिसर में मस्जिद बना देने के कारण यह मूर्ति अब ब्रिटेन के म्यूजियम में रखी है। इस मूर्ति की प्रतिकृति भोजशाला में है।

**संयुक्त सेना एकत्रित-** पराक्रमी, गुजरात में जब महमूद गजनवी (971-1030 ई.) ने सोमनाथ का ध्वंस किया तो यह दुःखद समाचार शैव भक्त राजा भोज तक पहुंचने में कुछ सप्ताह लग गए। उन्होंने इस घटना से क्षुब्द होकर सन 1026 में गजनवी पर हमला किया और वह क्रूर हमलावर सिंध के रेगिस्तान में भाग गया। तब राजा भोज ने हिंदू राजाओं की संयुक्त सेना एकत्रित करके गजनवी के पुत्र सालार मसूद को बहराइच के पास एक मास के युद्ध में मारकर सोमनाथ का बदला लिया और फिर 1026-1054 की अवधि के बीच भोपाल से 32 किमी पर स्थित भोजपुर शिव मंदिर का निर्माण करके मालवा में सोमनाथ की स्थापना कर दी।

**जीवन ज्योत** - बतौर, परमारवंशीय राजाओं ने मालवा के एक नगर धार को अपनी राजधानी बनाकर 8 वीं शताब्दी से लेकर 14वीं शताब्दी के पूर्वार्ध तक राज्य किया था। उनके ही वंश में हुए परमार वंश के सबसे महान अधिपति महाराजा भोज ने धार में 1000 से 1055 ईसवीं तक शासन किया। वह महादानी और धर्मात्मा थे। उनके बारे में प्रसिद्ध था कि वह ऐसा न्याय करते कि दूध और पानी अलग-अलग हो जाए। अपने शासन काल के अंतिम वर्षों में भोज परमार को पराजय का अपयश भोगना पड़ा। गुजरात के चालुक्य राजा तथा चेदि नरेश की संयुक्त सेनाओं ने लगभग 1060 ई. में भोज परमार को पराजित कर दिया। इसके बाद ही उसकी मृत्यु हो गई और भारत के वीर महाराजा का अस्त हुआ। अभिप्रेरित, महामना की जीवन ज्योत से बच्चा-बच्चा राजा भोज बन सकता है।

**नव साहसाक-** महाराजा भोज के साम्राज्य के अंतर्गत मालवा, कोंकण, खानदेश, भिलसा, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, चित्तौड़ एवं गोदावरी घाटी का कुछ भाग शामिल था। राजा भोज को उनके कार्यों के कारण उन्हें 'नव साहसाक' अर्थात 'नव विक्रमादित्य' भी कहा जाता था। महाराजा भोज इतिहास प्रसिद्ध मुंजराज के भतीजे व सिंधुराज के पुत्र थे। उनकी पत्नी का नाम लीलावती था। राजा भोज खुद एक विद्वान होने के साथ-साथ काव्यशास्त्र और व्याकरण के बड़े जानकार थे और उन्होंने बहुत सारी किताबें लिखी थीं।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

### आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2200-2990 चना काबली- 5191-8391, चना बड़ा- 46811-5530, बटला- 2812, मसूर- 5601, तिल्ली- 5681-8711, सोयाबीन- 2631-5841, मैथीदाना- 4064-4541, मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,55,500, रवा- 1,55,300 चांदी- टंच- 3,00,000 पाट- 2,98,000।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## जिला स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स की जूडो एवं बॉक्सिंग खेल की प्रतियोगिता हुई

**गुना।** खेलो एमपी यूथ गेम्स अंतर्गत जिला स्तरीय प्रतियोगिता के दूसरे दिन उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 2 के नोडल खेल केन्द्र पर विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सहायक संचालक शिक्षा विभाग कु प्रेरणा गुप्ता, प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय एचएन जाटव, एपीसी, एसके शिवहरे, क्रीडा अधिकारी देवेन्द्र पटेरिया रहे। मुख्य अतिथियों द्वारा खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर मैच प्रारंभ कराये गये जिसमें शिवपुरी, दतिया एवं अशोकनगर जिले के खिलाडियों ने बॉक्सिंग, कुश्ती एवं जूडो खेलों में भाग लिया। इसके अतिरिक्त लगोरी, कबडडी, खो-खो, हॉकी, बास्केटवॉल की खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन भी विभिन्न खेल मैदानों पर किया गया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विकासखंड गुना, बमौरी, राधौगढ, चांचौडा एवं आरोन के लगभग 600 खिलाडियों ने भागीदारी जिला स्तर पर चयनित खिलाडी संभाग एवं राज्य स्तर पर भागीदारी करेगें।

## अवैध मदिरा के विरुद्ध आबकारी एवं पुलिस विभाग की संयुक्त कार्यवाही

### जमीन में गाड़कर रखी थी टंकिया



**गुना।** जिले के धरनावदा थाना क्षेत्र अंतर्गत बुधवार को ग्राम मुरादपुर में अवैध मदिरा के विरुद्ध आबकारी एवं पुलिस विभाग की संयुक्त कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में लगभग 16 लाख रुपये की मदिरा एवं लाहन जब्त कर नष्ट किया गया। दरअसल यह कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल गुना एवं पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान एवं संदीप शर्मा उपायुक्त संभाग ग्वालियर के निर्देशन में अवैध मदिरा के विनिर्माण, विक्रय, संग्रह, परिवहन एवं जहरीली शराब के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी गुरुप्रसाद केवट के मार्गदर्शन में आबकारी वृत्त गुना 1 के प्रभारी राधाकिशन अटारिया, धरनावादा थाना प्रभारी प्रभात कटारे एवं झागर चौकी प्रभारी अनिल कदम द्वारा ग्राम मुरादपुर में पारदियो के डेरो में दबिश दी गई। मौके पर आबकारी एवं पुलिस बल देख कर पारदियो में अफरा तफरी मच गयी। कार्यवाही के दौरान चलती हुई भट्टी एवं लाहन पाया गया। नाले में भारी मात्रा में टंकिया गाढ़ी हुई थी जिनमे भारी मात्रा में लाहन भरा हुआ था। लोहे एवं प्लास्टिक की बड़ी टंकियों में लगभग 15 हजार किलोग्राम गुड़ लाहन था जिससे मदिरा बनाने की तैयारी चल रही थी। लाहन को लाने की असमर्थता के कारण मौके पर ही सैंपल लेकर नष्ट कर दिया। 60 लीटर, 70 लीटर एवं 75 लीटर कुल 205 लीटर हाथ भट्टी मदिरा भी जब्त की गई। आरोपीया महिला बुखारा पत्नी धर्मराज पारदी, राखी पत्नी जोनू पारदी एवं कावेरी पारदी के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किए गए, कुल 06 प्रकरण पंजीकृत किया गये। उक्त लाहन एवं मदिरा का अनुमानित मूल्य 16 लाख रुपये है।

### समय पर नहीं खुलते आंगनबाडी केंद्र

## जितने बच्चे दर्ज हैं उतने कभी नहीं आते, ग्रामीणों ने व्यवस्थाओं में सुधार की रखी मांग



**सारंगपुर।** उदनखेड़ी क्षेत्र की ग्राम पंचायत उदनखेड़ी व आसपास के आंगनबाडी केंद्रों पर आए दिन लापरवाही के मामले सामने आते रहते है। इनमें ज्यादातर जगह आंगनबाडी समय पर नहीं खुलती हैं। कुछ समय से खुल जाती हैं तो वहां न तो बच्चे रहते हैं और न ही आंगनबाडी कार्यकर्ता व सहायिका। इतना ही नहीं रजिस्टर में दर्ज संख्या अनुसार बच्चे भी कभी आंगनबाडी नहीं आते हैं। समाजसेवी रमेशचंद्र शर्मा ने बताया कि आंगनबाडी में जितने बच्चे दर्ज हैं उतने कभी नहीं आते हैं। कभी तो मात्र दो तो कभी चार बच्चे ही उपस्थित रहते हैं, लेकिन भोजन सभी बच्चों का आता है। ग्रामीणों ने कहा कि उदनखेड़ी में पांच आंगनवाड़ी केंद्र है जो पुराने स्कूल भवन में संचालित है, जिनमें से सभी अक्सर पर न तो समय पर खुलते है और न ही समय पर बंद होते है। ग्रामीणों ने अपने गांव के आंगनबाडी केंद्रों में व्यवस्थाओं में शीघ्र सुधार की मांग की है। इस मामले परियोजना अधिकारी का कहना है कि आपके के माध्यम से जानकारी मिली है। जल्द ही जांच कराकर लापरवाही आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं को कारण बताओ नोटिस जारी कर कार्रवाई की जाएगी।

**नाम संशोधन की जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम विवेक कुमार जायसवाल पिता श्री सत्यनारायण जायसवाल था। जो अब परिवर्तित होकर विवेक जायसवाल पिता श्री सत्यनारायण जायसवाल हो गया है। अतः भविष्य में मुझे अब मेरे इसी नए नाम से जाना व पहचाना जाए।

**विवेक जायसवाल**
HIG- 218, बिरला हॉस्पिटल के सामने, किशोरी सदन, महाश्वेता नगर, उज्जैन (म.प्र.)

### चांचौड़ा एसडीएम ने ग्राम लामाखेड़ा में

# एसडीएम ने शैक्षणिक, सामाजिक एवं स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

### विद्यालय, मुक्तिधाम एवं उप स्वास्थ्य केंद्र से जुड़े विषयों पर त्वरित कार्रवाई

दैनिक अवन्तिका ▶▶ गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के मार्गदर्शन में ₹साप्ताहिक ग्राम भ्रमण एवं निरीक्षण अभियान₹ के अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी चांचौड़ा रवि मालवीय द्वारा तहसील कुंभराज के ग्राम लामाखेड़ा का भ्रमण एवं निरीक्षण किया गया। इस दौरान जनपद सीईओ चांचौड़ा, तहसीलदार कुंभराज सहित विभागीय अधिकारी तथा ग्रामवासी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान हाई स्कूल लामाखेड़ा में कक्षा नवमी एवं दसवीं के छात्र-छात्राओं से कैरियर संबंधी विषयों पर चर्चा कर भविष्य के लिए सही विषय चयन हेतु मार्गदर्शन दिया गया तथा प्राचार्य को विद्यालय में नियमित कैरियर गाइडेंस गतिविधियां आयोजित करने का सुझाव दिया गया।

विद्यालय के मुख्य द्वार पर सभी शिक्षकों के मोबाइल नंबर एवं पढ़ाए जाने वाले विषयों की जानकारी प्रदर्शित होने पर प्राचार्य एवं विद्यालय प्रबंधन का उत्साहवर्धन किया गया। दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय में विद्युत व्यवस्था न होने की समस्या अवगत कराई गई, जिस पर विद्युत विभाग के संबंधित इंजीनियर को तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही प्राचार्य को छात्रों की दैनिक उपस्थिति बढ़ाने तथा समय-सीमा में



पाठ्यक्रम पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। ग्राम पंचायत सचिव को विद्यालय परिसर में बच्चों के खेल मैदान की भूमि को तार फेंसिंग कर सुरक्षित करने हेतु भी निर्देशित किया गया।

भ्रमण के दौरान यह तथ्य संज्ञान में आया कि विद्यालय के समीप एक चबूतरे पर पूर्व से दाह संस्कार संबंधी गतिविधियां होती रही हैं, जिससे शैक्षणिक गतिविधियों में बाधा उत्पन्न होती है। निरीक्षण में यह भी पाया गया कि विद्यालय के सामने ही एक अन्य सर्वे नंबर पर टीन शेड युक्त मुक्तिधाम पूर्व से निर्मित है। ग्राम पंचायत एवं ग्रामवासियों की सहमति से विद्यालय के समीप स्थित दाह संस्कार चबूतरे को तत्काल हटाने हेतु सरपंच एवं सचिव को निर्देश दिए गए। साथ ही निर्देशित किया गया कि भविष्य में सभी ग्रामवासी टीन शेड वाले मुक्तिधाम का ही उपयोग करें एवं विद्यालय के समीप किसी भी प्रकार की दाह संस्कार गतिविधि नहीं की जाए।

अनुविभागीय अधिकारी द्वारा ग्राम लामाखेड़ा स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर (उप स्वास्थ्य केंद्र) का भी निरीक्षण किया गया। ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर द्वारा अवगत कराया गया कि भवन निर्माण कार्य पूर्ण होने के बावजूद हैंडओवर प्रक्रिया लंबित है। इस संबंध में बीएमओ के माध्यम से संबंधित संविदाकार को तत्काल हैंडओवर की कार्रवाई पूर्ण करने के निर्देश दिए गए तथा 03 दिवस के भीतर उप स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सेवाएं प्रारंभ करने के आदेश दिए गए। भवन में पानी एवं साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु ग्राम पंचायत को निर्देशित किया गया।

### चांचौड़ा स्नातक महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान

शासकीय महाविद्यालय चांचौड़ा में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत एक कार्यशाला रजिस्ट्रीकरण अधिकारी चांचौड़ा रवि मालवीय एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं तहसीलदार मयंक खेमरिया द्वारा आयोजित की गई, जिसमें उपस्थित लगभग 200 छात्र-छात्राओं को चुनाव आयोग द्वारा विशेष पुनरीक्षण महाअभियान की गतिविधियों से अवगत कराया गया एवं नवीन मतदाताओं के नाम जोड़ने संबंधी फॉर्म भरवाए गए। कार्यशाला के दौरान अधिकारियों द्वारा विद्यार्थियों को मतदान के महत्व, मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों तथा निर्वाचन आयोग की विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई। उपस्थित विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उन्हें लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया गया। प्रभारी प्राचार्य द्वारा अवगत कराया गया था कि महाविद्यालय के सामने अवैध रूप से गुमटी रखकर अतिक्रमण किया जा रहा है, जिससे मुख्य मार्ग पर ब्लैक स्पॉट की स्थिति निर्मित होती है। इसको संज्ञान में लेते हुए एसडीएम चांचौड़ा एवं नगर पालिका द्वारा शासकीय स्नातक महाविद्यालय कुंभराज के सामने रखी गई अवैध गुमटी को तत्काल प्रभाव से हटाने की कार्रवाई की गई।

### रामभक्ति में डूबा सुसनेर, सायं फेरी में शामिल हुए सैकड़ों श्रद्धालु

# झांझ-मंजीरों और राम भजनों से गूंजा नगर, उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर

अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ के पावन अवसर पर बुधवार को नगर में भव्य सामूहिक सायं फेरी का आयोजन किया गया। श्रीराम मंदिर धर्मशाला से प्रारंभ हुई इस फेरी में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा और पूरा नगर राममय वातावरण में डूब गया। पुरुषों, महिलाओं के साथ-साथ नन्हे-नन्हे बच्चे भी झांझ-मंजीरे लेकर प्रभु श्रीराम के मधुर भजनों का गायन करते हुए उत्साहपूर्वक फेरी में शामिल हुए। सायं फेरी श्रीराम मंदिर से प्रारंभ होकर हाथी दरवाजा, सब्जी मंडी, मैना रोड, इतवारिया बाजार, सराफा बाजार, शुक्रवारिया बाजार, पालिका बाजार, पुराना बस स्टैंड, पांच पुलिया, साईं चौराहा एवं डाक बंगला मार्ग से होते



हुए श्रीमनकामेश्वर महादेव मंदिर पहुंची। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर फेरी का स्वागत किया, वहीं सामाजिक संस्थाओं एवं रामभक्तों द्वारा शरबत व प्रसाद वितरण कर पुण्य लाभ अर्जित किया गया।

सायं करीब 7.30 बजे श्रीमनकामेश्वर महादेव मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महाआरती की गई, जिसके साथ फेरी का विधिवत समापन हुआ। इस अवसर पर मानस मर्मज्ञ डॉ. सच्चिदानंद शर्मा सहित बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। आयोजकों ने नगरवासियों के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में संस्कार, समरसता और भक्ति भाव का विस्तार होता है।

## शासन की घोषणा के बावजूद आज तक नहीं बना श्रमिक विश्राम भवन

**देवास।** मुख्यमंत्री यादव ने प्रदेश के नागरिकों के कल्याण के लिए अनेक योजनाओं का संचालन करने के संदर्भ में अनेक घोषणाएं की थी उनमें एक घोषणा श्रमिकों के विश्राम के लिए श्रमिक विश्रामगृह बनाने का प्रस्ताव 2024 में किया गया था जिसके तहत कहा गया था कि प्रदेश के 17 नगर निगम में श्रमिक विश्रामगृह बनाए जाएंगे जहां श्रमिक और उनके परिवारों को ठहरने की सुविधा मिल सकेगी यहां तक की श्रमिकों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से श्रमोदय आवासीय विद्यालय बनाने का भी प्रस्ताव था । कांग्रेस नेता सुधीर शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री की घोषणा के 2 वर्ष होने के उपरांत आज तक देवास में श्रमिकों के विश्राम के लिए कोई विश्रामालय का निर्माण नहीं किया गया है । जबकि देवास औद्योगिक शहर होने के नाते प्राथमिकता से श्रमिकों के लिए श्रमिक विश्राम वाले अभी तक बन जाना था।इस संदर्भ में जब श्रम विभाग के अधिकारी से बात हुई तो उन्होंने कहा कि बालगढ़ स्थित कबीट नगर में भवन बनाना प्रस्तावित है लेकिन अभी कोई काम शुरू नहीं हुआ है यह काम पीडब्ल्यूडी को करना है ।

### पुरुषोत्तम श्रीराम के विवाह प्रसंग ने रचा भक्तिमय वातावरण

# मर्यादा,धर्म और त्याग सिखाती है रामायण-डॉ शर्मा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर

अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ के पावन अवसर पर सुसनेर स्थित श्रीराम मंदिर धर्मशाला प्रांगण में आयोजित श्रीराम कथा के तीसरे दिन बुधवार को श्रद्धा, भक्ति और भावनाओं का अद्भुत संगम देखने को मिला। मानस मर्मज्ञ डॉ. सच्चिदानंद शर्मा ने भगवान श्रीराम के जन्म, बाल लीलाओं एवं मर्यादित जीवन प्रसंगों की सजीव व्याख्या करते हुए श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। कथा का शुभारंभ भजन ठुमक चलत रामचंद्र बाजत पैजनिया से हुआ। जिसने वातावरण को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। कथा के दौरान डॉ. शर्मा ने भगवान शिव के श्रीराम दर्शन प्रसंग का मार्मिक वर्णन किया। उन्होंने कहा कि ईश्वर को ढूंढने के लिए कहीं दूर जाने की आवश्यकता नहीं होती। जिस देश, काल, समय और परिस्थिति में मनुष्य का जन्म होता है। उसी में अपने धर्म का पालन करते हुए भक्ति युक्त कर्म करने से परमात्मा की प्राप्ति संभव है। सच्चे मन से स्मरण करने पर भगवान स्वयं भक्त के जीवन में प्रकट होते हैं। उन्होंने रामायण को धर्म, मर्यादा और त्याग का अनुपम ग्रंथ बताते हुए कहा कि भगवान श्रीराम का संपूर्ण जीवन मानवता के लिए आदर्श है। माता-पिता की सेवा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए डॉ. शर्मा ने कहा कि माता-



पिता की सेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा है। एक योग्य पुत्र को अपने माता-पिता के दोष नहीं देखने चाहिए बल्कि श्रद्धा और निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। वहीं, एक बहू के लिए पति के माता-पिता स्वयं के माता-पिता से भी बढ़कर होते हैं, जिनकी निस्वार्थ और पवित्र भाव से सेवा करना ही परम धर्म है। कथावाचक ने कहा कि जीवन में मान और अपमान आते-जाते रहते हैं। लेकिन प्रत्येक व्यक्ति को अपनी मर्यादा का ध्यान रखते हुए अपने-अपने धर्म का पालन करना चाहिए। भगवान श्रीराम ने अपने अवतार में यही शिक्षा देकर मानव समाज को मर्यादा के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। उन्होंने शिक्षा के महत्व पर विशेष बल देते हुए कहा कि शिक्षा से समाज का सुधार होता है, किंतु शिक्षा के साथ नैतिकता और संस्कारों का होना अत्यंत आवश्यक है। यदि संस्कारों का अभाव हो, तो शिक्षित व्यक्ति भी जनकल्याण नहीं कर सकता। डॉ. शर्मा ने कहा कि इस संसार में कोई भी व्यक्ति सदैव पूर्ण नहीं रहा है, इसलिए पद, प्रतिष्ठा और संपत्ति में आसक्ति नहीं रखनी चाहिए। सत्य और धर्म के लिए त्याग करना ही श्रेष्ठ मार्ग है। जब भी स्वयं से श्रेष्ठ व्यक्ति सामने आए, तो अहंकार त्यागकर अपना आसन छोड़ देना चाहिए। त्याग और विनम्रता से युक्त मनुष्य ही वास्तव में श्रेष्ठ कहलाता है। कथा के विभिन्न प्रसंगों में राजा जनक द्वारा धनुष-भंग, लक्ष्मण-परशुराम संवाद एवं श्रीराम-सीता विवाह का सुंदर और भावपूर्ण वर्णन भजनों के साथ किया गया। डॉ. शर्मा ने कहा कि भगवान सर्वत्र व्याप्त हैं, प्रेम से पुकारने और सच्चे मन से सुमिरन करने पर प्रभु कहीं भी और किसी भी रूप में प्रकट हो सकते हैं। उन्होंने मनुष्य की चार श्रेणियों का उल्लेख करते हुए बताया कि प्रथम नर-राक्षस, जो सदैव दूसरों को हानि पहुंचाता है; दूसरा नर-पशु, जो जीवन को निरीह प्राणी की तरह व्यतीत करता है; तीसरा सामान्य नर, जो अच्छा जीवन यापन करता है, किंतु न तो अच्छे का साथ देता है और न ही बुरे को रोकने का प्रयास करता है।

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पिता स्वर्गीय शेर खान पिता फिदा हुसैन के स्वामित्व व आधिपत्य का भवन म्युनिसिपल क्रमांक 13/1, गेबी हनुमान गली चंद्रशेखर आजाद मार्ग, उज्जैन में स्थित है। मेरे पिता की मृत्यु के पश्चात नगरपालिक निगम उज्जैन में वारिसान की हैसियत से सिद्दीक शेख, इकरार शेख, जावेद शेख का नाम दर्ज हो चुका है। उक्त भवन का कोई विभाजन नहीं हुआ है उक्त भवन के एक भाग को जावेद शेख विक्रय करने के प्रयास में है उक्त भवन भाग को बिना विभाजन के तथा बिना सहमति के विक्रय नहीं किया जा सकता है। यदि कोई व्यक्ति उक्त भवन का भाग को बिना बंटवारे के व बिना सहमति के क्रय करता है तो संपूर्ण जवाबदारी व जिम्मेदारी क्रेता की होगी। सूचित हो । इति दिनांक 22.01.2026

**सिद्दीक शेख पिता शेर खान**
**निवासी-13/1, गेबी हनुमान गली चंद्रशेखर आजाद मार्ग, उज्जैन (म.प्र.) मो.नं. 9685238138**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी कोठीमहल जिला उज्जैन म.प्र.**
**प्र. क्र. 0096/अ-20(3)/2025-26** **प्रो.र.नं. :-25**
**दिनांक :- 9 जनवरी 2026**

**जाहिर सूचना**

कार्यालय कलेक्टर नजूल शाखा जिला उज्जैन के पत्र क्रमांक 08 दिनांक 7.1.2026 अनुसार ग्राम कोठी महल की भूमि सर्वे क्र. 7 रकबा 5.942 हे. मेंसे 0.12 है. पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग उज्जैन को MVS आवास निर्माण हेतु भूमि आबंटन हेतु मांग की गई।

प्रकरण में आगामी सुनवाई दिनांक 30 जनवरी 2026 नियत हैं।

अतः आवेदित भूमि आबंटित करने में आपत्ति हों, वह अपनी आपत्ति प्रकरण में नियत दिनांक तक स्वयं/अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत करें। नियत दिनांक तक आपत्ति प्राप्त न होने पर आपत्ति अविचारणीय होकर नगण्य होगी।

**अनुविभागीय अधिकारी**
**अनुभाग कोठी महल जिला उज्जैन**

## चोरी करने वाले 2 बदमाश गिरफ्तार, बजरंग नगर के सूने आवास में हुई वारदात, 90 हजार का सामान बरामद

**देवास।** पुलिस ने बजरंग नगर स्थित एक सूने मकान में चोरी करने वाले दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से चोरी किया गया 90,000 रुपये का शत-प्रतिशत सामान बरामद कर लिया गया है। यह घटना 25 से 27 दिसंबर 2025 के बीच हुई थी। बजरंग नगर निवासी मनीष जैन ने 29 दिसंबर 2025 को औद्योगिक क्षेत्र थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि जब वे परिवार के साथ इंदौर गए हुए थे, तब उनके सूने मकान का ताला तोड़कर सोने की अंगूठी, दो हाथ घड़ियां और सिक्कों से भरा गुल्लक चोरी कर लिया गया। फरियादी की शिकायत पर थाना औद्योगिक क्षेत्र देवास में अप.क्र. 1125/2025, धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस 2023 के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए, देवास पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी के आदेश दिए थे। थाना प्रभारी शशिकांत चौरसिया के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने घटनास्थल और उसके आसपास 'ऑपरेशन त्रिनेत्रम' के तहत लगे 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। कैमरों की मदद से आरोपियों की पहचान कर उनका पीछा किया गया। 19 जनवरी 2026 को पुलिस ने कुशाल उर्फ खुशी (19) और सुशील किटोदिया (18), दोनों निवासी लक्ष्मणनगर देवास को गिरफ्तार कर लिया।

### देवास में फिर चेन स्नेचिंग की कोशिश

## बाइक सवार हेलमेटधारी बदमाश सीसीटीवी में कैद

**देवास।** राधागंज क्षेत्र में चेन स्नेचिंग का एक और असफल प्रयास सामने आया है। बीते चार दिनों में यह इसी इलाके में दूसरी घटना है, जिसमें महिलाएं निशाना बन रही हैं। यह ताजा घटना बुधवार रात राधागंज कॉलोनी में हुई। रात करीब 9:15 बजे, एक 19 वर्षीय युवती अपनी दोस्त के साथ कॉलोनी में टहल रही थी। तभी अपाचे बाइक पर सवार एक अज्ञात युवक ने उसके गले पर हाथ डालकर चेन खींचने का प्रयास किया। युवती के भाई कुणाल पटेल ने बताया कि बाइक सवार युवक हेलमेट पहने हुए था। वह घटना से पहले कुछ समय से कॉलोनी में चक्कर लगा रहा था, जिससे प्रतीत होता है कि बदमाश पहले से ही मौके की तलाश में था। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर जांच शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि इस घटना से दो दिन पहले भी इसी राधागंज क्षेत्र में चेन स्नेचिंग की एक वारदात हुई थी। उस समय पूजा करने जा रही एक महिला के गले से दो अज्ञात बदमाश चेन छीनकर फरार हो गए थे। लगातार हो रही इन घटनाओं से क्षेत्र की महिलाओं में भय का माहौल है। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से इलाके में गश्त बढ़ाने और जल्द आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की है। पुलिस फिलहाल सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की गहनता से जांच कर रही है।

## स्नेहा मालवीय का सीआईएसएफ में चयन, ऑल इंडिया रैंक 330 हासिल की

**सुसनेर।** नगर की होनहार बेटी स्नेहा मालवीय ने एसएससी जीडी परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 330 प्राप्त कर केंद्रीय



औद्योगिक सुरक्षा बल में चयनित होकर सुसनेर और पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। 22 वर्षीय स्नेहा मालवीय पिता स्वर्गीय बालचंद मालवीय की सुपुत्री हैं। सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों के बावजूद स्नेहा ने अपने लक्ष्य के प्रति अडिग रहते हुए यह उल्लेखनीय सफलता अर्जित की। उनकी इस उपलब्धि को महिला सशक्तिकरण और युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत माना जा रहा है। स्नेहा की सफलता की खबर मिलते ही परिवार, रिश्तेदारों एवं नगरवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई। लोगों ने उनके घर पहुंचकर बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। नगर के गणमान्य नागरिकों एवं शिक्षकों ने कहा कि स्नेहा की मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास ने यह सिद्ध कर दिया कि बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। स्नेहा की इस उपलब्धि से अन्य छात्र-छात्राओं को भी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए नई प्रेरणा मिलेगी।

## मुख्य सचिव म.प्र.शासन की अध्यक्षता में वीसी के माध्यम से समीक्षा

**ब्यावरा।** मुख्य सचिव म.प्र.शासन की अध्यक्षता में कलेक्टरझ्रकमिश्नर कॉन्फ्रेंस के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा वीसी के माध्यम से आयोजित हुईं। आयोजित वीसी में जिले के एनआईसी कक्ष से कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा, पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी, सीईओ जिला पंचायत डॉ इच्छित गढ़पाले, अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चौहान, सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन स्वामी 01-श्री अरविंदरसिंह नील पिता श्री हरदयालसिंहजी, 02-श्रीमती हरजीत नील पति श्री अरविंदरसिंह नील, दोनो निवासी-सी-403 शिवांश एलीगेन्स, सांवेर रोड, उज्जैन (म. प्र.) के संयुक्त मालिकी स्वामित्व में भवन पुराना क्रमांक-64 वर्तमान म्यु नं.-64/2 व 64/3 वररूचि मार्ग, माधव नगर, फ्रीगंज उज्जैन उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। भवन तीन मंजिला आर. सी. सी. की छत का बना है। सम्पूर्ण भवन के भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल-93.44 वर्गमीटर है। सम्पूर्ण भवन की चर्तु:सीमा में-पूर्व दिशा में रास्ता सरकारी, पश्चिम दिशा में मकान मोहिनी धनरानी का, उत्तर दिशा में कॉमन गली व उसके बाद मकान इब्राहीम मोहम्मद कासम का एवं दक्षिण दिशा में मकान अनंतलाल माहेश्वरी का स्थित है। उक्त चर्तु:सीमा के मध्य स्थित भवन तल मंजिल, प्रथम मंजिल, द्वितीय मंजिल मय हवाई हक सहित को क्रय करने का सौंदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भवन स्वामीयो से कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। उक्त भवन पर अन्य किसी व्यक्ति, सोसायटी, संस्था, समूह, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व हित व अधिकार अथवा भार, बोडा, दान, विक्रय, बक्षीस, बकाया आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करे ताकि उसका निराकरण किया जा सके अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त सम्पत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उक्त अवधि गुजर जाने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो।

इति दिनांक-22.01.2026

**राजकुमार प्रजापत एडवोकेट**
**कार्यालय-A-1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन (म.प्र.)**
**मोबा. 94259-46659**

## बैंकों में 5 डे वीक वर्किंग की मांग...27 को हडताल

**भोपाल।** बैंकों में 5 डे वीक वर्किंग यानी, पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह की मांग को लेकर अब बैंककर्मी हडताल पर जाएंगे। 27 जनवरी को एक दिवसीय हडताल होगी। फिर भी मांग नहीं मानी गई तो अनिश्चितकालीन हडताल शुरू होगी। इससे पहले गुरुवार शाम को अरेरा हिल्स में बैंककर्मी इकट्ठा हुए। उन्होंने मोबाइल की टॉर्च जलाकर विरोध जताया। गुरुवार को यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस ने राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन का आह्वान किया था। इसके चलते ही फोरम की स्थानीय भोपाल इकाई के आह्वान पर राजधानी भोपाल के सैकड़ों बैंक कर्मचारी और अधिकारी शाम 5.30 बजे पंजाब नैशनल बैंक इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स के सामने एकत्रित हुए। उन्होंने अपनी मांग के समर्थन में जोरदार नारेबाजी कर प्रदर्शन किया और सभा की। फोरम में शामिल बैंक यूनियंस के पदाधिकारी केके शर्मा, सुविन सिन्हा, प्रवीण मेघानी, नजीर कुरैशी, दिनेश झा, विशाल जैन, संजय कुदेशिया, वीएस नेगी, सुनील सिंह आदि ने संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि 27 जनवरी को अखिल भारतीय बैंक हड़ताल का आह्वान किया गया है। इस हड़ताल में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, निजी क्षेत्र के बैंक, विदेशी बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक और सहकारी बैंकों के 8 लाख कर्मचारी और अधिकारी शामिल होंगे। आंदोलित बैंक कर्मियों की मांग है कि बैंकिंग उद्योग में 5 दिवसीय कार्य सप्ताह लागू करने के लिए केंद्र सरकार मंजूरी दें। शेष सभी शनिवार (वर्तमान में केवल दूसरा और चौथा शनिवार अवकाश है), को अवकाश घोषित किया जाए। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स लंबे समय से बैंकिंग क्षेत्र में सप्ताह में 5 कार्य दिवस लागू करने की मांग करता आ रहा है। 2015 में हुए 10 वें द्विपक्षीय समझौते/7वें जॉइंट नोट में भारतीय बैंक संघ और केंद्र सरकार द्वारा सहमति व्यक्त की गई थी। जिसके अनुसार प्रत्येक माह के दूसरे और चौथे शनिवार को अवकाश घोषित किया गया और अन्य शनिवारों को आधे दिन के बजाय पूरा कार्य दिवस लागू किया गया।

## जयपुर में एटीएम बूथ से केश चोरी की कोशिश

**जयपुर।** एटीएम बूथ के बाहर लगे सीसीटीवी में बदमाश नजर आ रहा है। वहीं पहले उसने रुपए निकालने का नाटक किया। फिर मशीन को औजार से तोडने का प्रयास किया। जयपुर के एक बदमाश ने बूथ से कैश चोरी करने का प्रयास किया। बूथ में घुसा बदमाश अपने कपडों में औजार छिपाकर लाया था। बदमाश ने मशीन का सेफ कवर तोडकर कैश चोरी का प्रयास किया। फुटेज में बदमाश की करतूत कैद हो गई। मामला रविवार सुबह सिविल लाइंस में एक मॉल स्थित केनरा बैंक का है। सदर थाना पुलिस में बैंक मैनेजर ने बुधवार को मामला दर्ज कराया है। फुटेज के आधार पर बदमाश की पुलिस तलाश कर रही है। करणी विहार निवासी अर्चना (51) ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। इसमें बताया वह सिविल लाइंस के ऑर्बिट मॉल स्थित केनरा बैंक ब्रांच की मैनेजर है। बैंक के बाहर ही एटीएम बूथ लगा है। रविवार को छुट्टी होने के कारण बैंक बंद था। सुबह करीब 8:45 बजे एक बदमाश बूथ में अंदर घुसा।

## कोटा के गांव में 10 फीट का मगरमच्छ घुसा

**कोटा।** कोटा ग्रामीण जिले के कनवास क्षेत्र के पास गुर्जर खेड़ी गांव में सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब गांव 10 फीट लंबा मगरमच्छ घुस आया। सुबह के समय मगरमच्छ को देखकर ग्रामीणों में दहशत फैल गई और उसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी, जिसके बाद मुकुंदरा टाइगर रिजर्व की टीम मौके पर पहुंची। नाका प्रभारी सावन भादो डैम, राजवीर सिंह ने बताया कि रेंज ऑफिसर प्रद्युम्न सिंह राठौर के निर्देशन में मगरमच्छ के रेस्क्यू की कार्रवाई शुरू की गई। कर्मचारियों ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद मगरमच्छ को काबू में किया। रेस्क्यू के दौरान मगरमच्छ के आसपास मौजूद लोगों को सुरक्षित दूरी पर रखा गया। उन्होंने बताया कि जिस स्थान पर मगरमच्छ निकला, उसके पास ही भैंसों का बाड़ा भी था, लेकिन राहत की बात यह रही कि मगरमच्छ ने किसी भी व्यक्ति या पशु को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया। रेस्क्यू के बाद मगरमच्छ को सुरक्षित नदी में छोड़ दिया गया। नाका प्रभारी राजवीर सिंह ने बताया कि यह उनका अब तक का 30वां मगरमच्छ रेस्क्यू है। वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि इस तरह की स्थिति में घबराएं नहीं और तुरंत प्रशासन को सूचना दें।

## जम्मू में सेना की गाड़ी 400-फीट गहरी खाई में गिरी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में ऊपरी पोस्ट पर जाते वक्त सेना का वाहन खाई में गिर गया। घायल जवानों को हेलिकॉप्टर से एयरलिफ्ट किया गया। जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में गुरुवार को सेना की गाड़ी 400 फीट गहरी खाई में गिर गई। इसमें 10 जवानों की मौत हो गई, जबकि 11 को एयरलिफ्ट कर उधमपुर मिलिट्री हॉस्पिटल भेजा गया है। हादसा भद्रवाह-चंबा इंटरस्टेट रोड पर खन्नी टॉप के पास हुआ। डोडा के डिप्टी कमिश्नर हरविंदर सिंह ने बताया कि सड़क पर बर्फ होने की वजह से ड्राइवर ने गाड़ी से कंट्रोल खो दिया। सेना के अधिकारी ने बताया कि गाड़ी में सवार 21 जवान डोडा से ऊपरी पोस्ट पर जा रहे थे। सेना ने अभी यह नहीं बताया है कि जान गंवाने वाले और घायल जवान किन राज्यों से हैं। भद्रवाह-चंबा रोड जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश को जोड़ता है। रास्ते में ऊंचे पहाड़, गहरी खाइयां और घने जंगल हैं। सड़क बेहद संकरी है और कई जगह तीखे मोड़ (हेयरपिन बेंड) हैं। जहां हादसा हुआ, उस खन्नी टॉप इलाके की समुद्र तल से ऊंचाई 9 हजार फीट है। यहां मौसम तेजी से बदलता है। ठंड और कोहरा छाया रहता है। बर्फबारी के बाद यह रास्ता ज्यादा खतरनाक हो जाता है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 790-6 | 124-5 |
| मेन बाजार | 155-1 | 499-2 |
| कल्याण नाइट | 468-8 | 499-2 |
| मिलन डे | 390-2 | 234-9 |
| मिलन नाइट | 135-9 | 789-4 |
| मधुर डे | 688-2 | 134-8 |
| मधुर नाइट | 399-1 | 170-8 |
| शुभांक | 3 5 | 0 |

# रास्ता विवाद की जांच करने के दौरान हुआ विवाद

## मौके पर तहसीलदार व अन्य भी मौजूद थे, वीडियों भी सामने आया

**दैनिक अवन्तिका » शुजालपुर**

क्षेत्र के गांव ताजपुर गौरी व कादीखेडी के मध्य स्थित कृषि भूमि के रास्ते को लेकर दो पक्षों में विवाद चल रहा है, जिसकी शिकायत के बाद राजस्व विभाग का अमला मौके पर पहुंचा और जांच कार्यवाही की जा रही थी इसी दरमियान दो पक्ष आपस में भिड़ गए और मारपीट की घटना हुई। इस दरमियान वीडिया बना रहे एक युवक को भी थप्पड मारा गया। इस घटनाक्रम का वीडियों सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ।

एक पक्ष की शिकायत पर जहां पुलिस ने 6 लोगों के विरूद्ध मामला दर्ज किया, वहीं दूसरे पक्ष ने खेत में लगे पौधों को कीट्नाशक डालकर नष्ट करने का आरोप लगाया। मिली जानकारी अनुसार कादीखेडी निवासी व ताजपुर गौरी निवासी के मध्य रास्ते को लेकर विवाद चल रहा था, जिसकी शिकायत राजस्व विभाग को की गई थी। इस मामले में जांच के लिए गुरूवार की सुबह नायब तहसीलदार नरेश सोनी के साथ पटवारी व अन्य कर्मचारी मौके पर पहुंचे, जब राजस्व अमला जांच पड़ताल कर रहा था तभी दोनों पक्षों में विवाद शुरू हो गया। एक पक्ष के अंकित मेवाडा की शिकायत पर पुलिस ने रामनारायण, धर्मेन्द्र, केदारसिंह, संतोष, ओमप्रकाश आदि पर मामला दर्ज किया।





### आम के पौधे नष्ट करने का आरोप

जिस भूमि को लेकर रास्ते का विवाद चल रहा है वहां पर कीटनाशक दवाई डालकर पौधे नष्ट करने का आरोप भी लगाया गया। इस संबंध में विभिन्न अधिकारियों को आवेदन भी दिए गए है। किसान केदारसिंह मेवाडा पिता सवाईसिंह ने बताया कि मैरे द्वारा अपनी भूमि पर लगभग चार वर्ष पूर्व आम के पौधे लगाए थे, जिसकी नियमित देखभाल करता था, जब 6 जनवरी की सुबह में खेत पर गया तो वहां पर देवजी पिता पूनमचंद व अंकित पिता देवजी इन आम के पौधों में दवाई डालते हुए नजर आए, जिस पर मेने ललकारों तो दोनों मौके से भाग गए, जब पास जाकर देखा तो पौधों में कीटनाशक दवाई डाली गई थी, जिससे पौधे मुरझा गए। इस संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया।

# ग्राम सिंगापुरा जाटव समाज के लोगों ने लगाई एसपी से न्याय की गुहार

**गुना।** जिले के चांचौड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम सिंगापुरा जाटव समाज के पीड़ित लोगों ने पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी से न्याय की गुहार लगाते हुए कानूनी कार्यवाही की मांग की है। फरियादियों ने बताया कि गुना पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी को लिखित आवेदन दे चुके हैं, लेकिन घटना के एक माह हो जाने के बावजूद भी आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नही की गई। पीड़ित परिवार कार्यवाही ना होने से असंतुष्ट नजर आ रहा हैं और बार बार पुलिस अधीक्षक से कानूनी रूप से न्याय दिलाने की गुहार लगा रहा है।

हम आपको बता दें कि मामला गुना जिले के चांचौड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम सिंगापुरा का है। जहां विगत माह 12-13 दिसंबर 2025 को गुर्जर समाज की लापता हुई लड़की के अपहरण का आरोप इसी गांव के जाटव परिवार के एक लड़के पर लगा था, उस दौरान लापता लडकी की मौत हो गई थी। मौत से आक्रोशित लडकी के परिजन और समाज के लोगों ने जाटव परिवार पर हमला कर दिया। घरों में तोडफोड़ कर नगदी, जेवर, अनाज, समान, मवेशी और भैंसे सब कुछ लूटकर ले गए थे। इतना ही नही पीड़ित परिवार ने जेसीबी से घरों में तोडफोड़ करने का आरोप भी लगाया है। शिकायतकर्ता जाटव परिवार ने बताया कि घटना को गंभीर स्थिति को देखते हुए कलेक्टर, एसपी ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा भी लिया था। जाटव परिवार के एक लडके को पुलिस ने आरोपी बनाया और उसे गिरफ्तार कर जेल भी भेज दिया है।

**एक माह बाद न्याय के लिए एसपी से मिला पीड़ित परिवार**

घटना को एक माह से ज्यादा समय होने के बाद भी जाटव समाज की सुनवाई न होने के बाद 21 जनवरी 2026 की देर शाम पीड़ित जाटव परिवार के लोगों ने गुना पुलिस अधीक्षक से एक बार फिर लिखित में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई हैं। जाटव परिवार का कहना है कि जिस लडके पर गुर्जर समाज की लडकी के अपहरण का आरोप था वह व्यक्ति अब जेल में है। हमारे घरों पर की गई लूटपाट का सामान पुलिस प्रशासन हमें वापस दिलाए जिससे उन्हें न्याय मिल सके। आज स्थिति ये है कि घरों में बर्तन तक नहीं है, खाने पीने का अनाज घर गृहस्थी का कुछ भी सामान नहीं है वह गुर्जर समाज के लोगों ने सब कुछ लूट लिया। दोबारा घर गृहस्थी को संभालना बहुत पीड़ादायक है इसलिए शासन प्रशासन हमारी मदद करे।

**इनका कहना है**

इस मामले में प्रकरण दर्ज कर लिया गया है, कानूनी कार्रवाई जारी है और भैंसों की भी तलाश की जा रही है।

**अंकित सोनी**
**पुलिस अधीक्षक गुना**

# महाविद्यालय मैदान पर होगा सरस्वती उत्सव

**शुजालपुर।** मॉं सरस्वती प्राकट्य दिवस बसंत पंचमी के अवसर पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर शुजालपुर द्वारा वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम, सरस्वती उत्सव का आयोजन बीटीआई क्रीडा परिसर में 24 जनवरी शनिवार को शाम 6 बजे आयोजित किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए संस्था प्राचार्य विनोद कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार, विशेष अतिथि हुकुमसिंह धनगर, डॉ. सौरभी मिश्रा, डॉ विजयसिंह खीची, प्रो. राजेश शर्मा मौजूद रहेंगे तथा अध्यक्षता प्रकाशचंद्र धनगर करेंगे।

साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में संस्था के पूर्व छात्र डॉ. मुक्तादित्य शर्मा, सुरिभ सपन जैन एवं विनित बकोदिया उपस्थित रहेंगे। संस्था अध्यक्ष रामगोविंद नेमा, उपाध्यक्ष कमल किशोर तिवारी, सचिव डॉ. महेन्द्र सितपरा, सह सचिव बीना गुरेनिया, कोषाध्यक्ष हरबानसिंह मालवीय आदि ने इस वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की।

# अवैध मदिरा के विरूद्ध आबकारी विभाग की ताबड़तोड़ कार्यवाही

**गुना।** जिले में आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के विनिर्माण, विक्रय, संग्रह, परिवहन एवं जहरीली शराब के विरूद्ध लगातार ताबड़तोड़ कार्यवाही की जा रही है। गुरुवार आबकारी विभाग ने ग्राम गढ़लागिर्द में पारदियों के डेरों पर दबिश दी। जिसमें 3 लाख रूपये से अधिक की मदिरा और लाहन जप्त किया गया।

दरअसल कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल गुना के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान एवं संदीप शर्मा उपायुक्त संभाग ग्वालियर के निर्देशन में अवैध मदिरा के विनिर्माण, विक्रय, संग्रह, परिवहन एवं जहरीली शराब के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी गुरुप्रसाद केवट के मार्गदर्शन में गुरुवार आबकारी वृत्त गुना-1 के प्रभारी राधाकिशन अटारिया, के द्वारा ग्राम गढ़ला गिर्द में पारदियो के डेरो में दबिश दी गई। इस दौरान आबकारी पुलिस को देखकर पारदियों में अफरा तफरी मच गई। मुखबिर द्वारा बताए गए चिन्हित स्थान पर देखा तो जंगल के पठार से भारी मात्रा में टंकिया गाढ़ी हुई थी, जिनमें भारी मात्रा में लाहन भरा हुआ था।

आबकारी प्रभारी राधाकिशन अटारिया ने बताया कि लोहे एवं प्लास्टिक की बड़ी टंकियों में लगभग 3000 किलोग्राम गुड़ लाहन था जिससे मदिरा बनाने की तैयारी चल रही थी। लाहन को लाने की असमर्थता के कारण मौके पर ही सैंपल लेकर नष्ट कर दिया गया। मौके से 25 लीटर, हाथ भट्टी मदिरा भी जब्त की गई। आरोपी महिला शिवानी पत्नी अक्षय पारदी, पूजा पत्नी विक्की पारदी एवं कृष्णा पिता नीतू पारदी के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत 4 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए।

# जामनेर में शांति समिति की बैठक संपन्न

**शुजालपुर।** बसंत पंचमी के पर्व पर ग्राम जामनेर में 23 जनवरी को मॉं महिषासुर मर्दिनी की निकलने वाली पालकी को लेकर ग्राम जामनेर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी शुजालपुर राजकुमार हलधर, एसडीओपी शुजालपुर निमेष देशमुख, नायब तहसीलदार नरेश सोनी, पटवारी हरिओम हनोतिया, सरपंच मोहन मालवीय, मेला समिति अध्यक्ष कमल पाटीदार, मेला समिति सदस्य सुन्दर धाकड, जयंत सक्सेना, अम्बाराम मालवीय एवं अन्य गणमान्य नागरिकगण उपस्थित थे। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी शुजालपुर हलधर ने सभी को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से पालकी निकालने के लिए, निर्देशित किया। इस दौरान एसडीओपी शुजालपुर निमेष देशमुख द्वारा मार्ग में खडे वाहनों एवं अन्य सामग्री को हटाने के लिए अधीनस्थ अमले को निर्देशित किया।

## बोस की जयंती पर होगा आयोजन

**शुजालपुर।** सुभाषचन्द्र बोस जयंती के अवसर पर नेताजी सुभाषचंद्र बोस चौराहा शुजालपुर मंडी पर 23 जनवरी शुक्रवार को कायस्थ महासभा शुजालपुर द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए अखिल भारतीय कायस्थ महासभा युवा इकाई के गौरव सक्सेना ने बताया कि जयंती अवसर पर यह आयोजन सिटी मंडी मार्ग पर एसडीएम बंगले के सामने प्रात: 8.45 बजे होगा जिसमें कायस्थ समाजजनों सहित गणमान्य नागरिकों से शामिल होने की अपील की।

## नाम परिवर्तन सूचना

मैं मलखान सिंह आंजना पिता हाकम सिंह आंजना (MALKHAN SINGH ANJANA S/O HAKAM SINGH ANJANA), निवासी 72, कुलाला जिला इन्दौर (म.प्र.) पिनकोड नंबर 453220, का निवासी होकर निवेदन करता हूँ मेरे पुत्र के जन्म प्रमाणपत्र क्रं. बी-2023.23-90153-003121 में त्रुटिवश घरेलु नाम मीतांश आंजना पिता मलखान सिंह आंजना (MITANSH ANJANA S/O HAKAM SINGH ANJANA) दर्ज हो गया हैं जो कि गलत हैं जबकि मेरे पुत्र का वास्तविक व सही नाम माधव आंजना पिता मलखान सिंह आंजना (MADHAV ANJANA S/O HAKAM SINGH ANJANA) दर्ज हैं। जो कि सत्य एवं सही हैं। अत: राजपत्र प्रकाशन उपरांत भविष्य में मेरे पुत्र का नाम सभी शासकीय / अर्द्धशासकीय / व्यक्तिगत दस्तावेजों एवं समस्त दस्तावेजों में माधव आंजना पिता मलखान सिंह आंजना (MADHAV ANJANA S/O HAKAM SINGH ANJANA) के नाम से जाना पहचाना व लिखा पढ़ा जावे।

**पुराना नाम**
**मीतांश पिता मलखान सिंह आंजना**
**नया नाम**
**माधव आंजना पिता मलखान सिंह आंजना**
**MITANSH ANJANA S/O HAKAM SINGH ANJANA**
**MADHAV ANJANA S/O HAKAM SINGH ANJANA**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी 1. देवनारायण जाटवाजगदीश राठौर पिता नानुराम राठौर, निवासी 84 नीलगंगा, उज्जैन (म.प्र.) के एकांकी स्वत्व, स्वामित्व एंव आधिपत्य की कृषि भूमि, भूमि सर्वे क्रमांक 843/1/1 रकबा 1.463 हेक्टेयर कुल किता 01 कुल रकबा 1.463 हेक्टेयर भूमि जो कि ग्राम उंडासा, तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है, का सौदा मेरे पक्षकार से कर लिया है। मेरे पक्षकार ने उक्त कृषि भूमि को बयाना राशि अदाकर क्रय अनुबंध कर लिया है। यह कि कृषि भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, साहुकार, बैंक, वित्तीय संस्थान या अन्य कोई सरकारी संस्थान का ऋण अथवा वारिसाना हक हो अथवा कोई हक, स्वत्व, हित अथवा उक्त भूमि रहन, बय, दान आदि हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के पश्चात् मेरा पक्षकार उक्त कृषि भूमि का विक्रय पत्र अपने हित में सम्पादित व निष्पादित करवा लेगा। तथा बाद में कोई उज्र आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**अनिल सिसोदिया ( सेवा प्रदाता )**
**कार्यालय पता पंवासा, हजारी हनुमान मंदिर के पास, मक्सी मार्ग, उज्जैन**
**मो. 9827505501**

## अविमुक्तेश्वरानंद विवाद, योगी बोले-कुछ लोग सनातन को कमजोर कर रह

**प्रयागराज।** प्रयागराज में अविमुक्तेश्वरानंद और माघ मेला प्रशासन के बीच टकराव बढ़ता जा रहा है। 48 घंटे के अंदर प्रशासन ने अविमुक्तेश्वरानंद को दूसरा नोटिस भेजा है। इसमें मौनी अमावस्या के दिन बैरियर तोड़ने और जबरन भीड़ में बग्घी घुसाने को लेकर सवाल किए हैं। पूछा है कि क्यों न आपको हमेशा के लिए माघ मेले से बैन कर दिया जाए? अगर 24 घंटे के भीतर संतोषजनक जवाब नहीं मिला, तो संस्था को दी गई जमीन और सुविधाएं वापस ले लेंगे। अविमुक्तेश्वरानंद के मीडिया प्रभारी शैलेंद्र योगिराज ने कहा- प्रशासन ने बुधवार शाम 7 बजे शिविर के पीछे नोटिस चस्पा किया, जिस पर 18 जनवरी की डेट थी। अविमुक्तेश्वरानंद ने गुरुवार सुबह 8 बजे 3 पेज में दूसरे नोटिस का जवाब मेला ऑफिस भिजवाया। प्रशासन नोटिस-नोटिस खेल रहा है। अभी मेरा मौनी अमावस्या का स्नान नहीं हुआ है, तो मैं बसंत का स्नान कैसे करूंगा? पहले मौनी अमावस्या का स्नान करूंगा, तभी दूसरा स्नान करूंगा। सीएम योगी ने अविमुक्तेश्वरानंद का बिना नाम लिए कहा- किसी को परंपरा बाधित करने का हक नहीं। ऐसे तमाम कालनेमि हैं, जो धर्म की आड़ में सनातन धर्म को कमजोर करने की साजिश रच रहे हैं।

## 10 दिन में 11 लाख वोटर्स को हटाने की दरख्वास्त, कांग्रेस का आरोप

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के तहत वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने, काटने और सुधार की प्रक्रिया का 23 जनवरी आखिरी दिन है। इसी बीच कांग्रेस ने इस पूरी प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाते हुए बीजेपी पर सुनियोजित तरीके से वोटर लिस्ट से नाम कटवाने की साजिश का आरोप लगाया है। कांग्रेस का दावा है कि सिर्फ 10 दिनों में करीब 11 लाख वोटरों के नाम काटने के लिए भारतीय जनता पार्टी द्वारा बूथ लेवल ऑफिसर्स को बड़े पैमाने पर फॉर्म-7 उपलब्ध कराए गए हैं। आरोप है कि इन फॉर्मों का इस्तेमाल विशेष रूप से एससी, एसटी, अल्पसंख्यक और कांग्रेस के परंपरागत वोट बैंक को मतदाता सूची से बाहर करने के लिए किया जा रहा है। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि जिन फॉर्म-7 के जरिए वोटर के नाम हटाने की प्रक्रिया चल रही है, वे प्री-प्रिंटेड हैं।

## जाहिर-सूचना का प्रतिवाद

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि 21/01/2026 में दैनिक अवंतिका में प्रकाशित जाहिर सूचना का प्रतिवाद, मै यश शर्मा पिता श्री प्रवीण शर्मा निवासी 40, रवीन्द्र नगर, हाथी वाला पार्क के पास उज्जैन निवास करता हूं मेरे द्वारा दीपक मोटवानी पिता श्री दिनेश मोटवानी से उनके स्वत्वाधिपत्य का भूखण्ड क्रमांक E-17 EWS तिरूपति सिलिकॉन सिटी' कॉलोनी ग्राम ढेंढिया तहसील कोठीमहल जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित होकर फ्री होल्ड स्वरूप का है उक्त भूखंड का कुल क्षेत्रफल 39.72 वर्गमीटर अर्थात 427.50 वर्गफीट है, उक्त भूखण्ड को मेरे द्वारा गाईड मूल्य अनुसार राशि 3,97,500/- अक्षरी तीन लाख सतानवे हजार पांच सौ रूपये जो कि मेरे द्वारा दीपक मोटवानी को विक्रयपत्र में दर्शाये अनुसार सम्पूर्ण धनराशि अदाकर विक्रय पत्र दस्तावेज रजिस्ट्रेशन दिनांक 17/11/2025 को रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दस्तावेज रजिस्ट्रेशन नम्बर MP17IGR18842025A101037045 के द्वारा विधिवत विक्रय पत्र सम्पादन मेरे द्वारा करवाया था, और मेरे द्वारा दीपक मोटवानी को विक्रय पत्र में जो 2,00,000/- अक्षरी दो लाख रूपयें नगद दर्शाये गये वही भी राशि दीपक मोटवानी को नगद अदा कर दिये थे, किन्तु दीपक मोटवानी द्वारा राशि 2,00,000/- अक्षरी दो लाख रूपयें नगद नही प्राप्त हुए है ऐसा उसके द्वारा असत्य कथन किया जा रहा है और उसके द्वारा दैनिक अवंतिका में दिनांक 21/01/2026 में जाहिर सूचना प्रकाशित करवायी गई थी उक्त जाहिर सूचना के प्रतिवाद में मेरे द्वारा इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि दीपक मोटवानी द्वारा उक्त जाहिर सूचना के माध्यम से 2,00,000/- अक्षरी दो लाख रूपयें नगद प्राप्त नही किये यह उसका कथन असत्य है जबकि दीपक मोटवानी द्वारा गाईड मूल्य की सम्पूर्ण धनराशि प्राप्त कर मेरे हित में विक्रय पत्र का सम्पादन किया गया है। जो कि विक्रय पत्र में दर्शाये अनुसार राशि प्राप्त करने के पश्चात ही विक्रय पत्र का सम्पादन मेरे हित में हुआ है, मेरे द्वारा दीपक मोटवानी की किसी भी राशि को ना तो रोका गया या बाद में नगद दे दूंगा ऐसा कथन मेरे द्वारा किया गया था।

इति इति दिनांक:-22-01-2026 उज्जैन

**यश शर्मा पिता श्री प्रवीण शर्मा**
**निवासी 40, रवीन्द्र नगर, हाथी वाला पार्क के पास**
**उज्जैन मो. 9540383316**

## कार्यालय कलेक्टर जिला उज्जैन एवं समुचित सरकार
## मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग

राजस्व प्रकरण क्रमांक : 0071/अ-82/2024-25

क्रमांक : 556/भू-अर्जन/2026 — उज्जैन, दिनांक : 16.01.2026

### सार्वजनिक/व्यापक सूचना

**'भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013' (क्रमांक 30 सन् 2013) अन्तर्गत धारा -21**

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि, ग्राम चिंतामन जवासिया तहसील व जिला उज्जैन की भूमि का अधिग्रहण सार्वजनिक प्रयोजन अर्थात इन्दौर-उज्जैन ग्रीनफिल्ड 4-लेन निर्माण हेतु भू-अर्जन अधिनियम 2013 द्वारा किया जा रहा है, अत: आप स्वयं अथवा अपने अधिकृत मुख्त्यार के मार्फत उपस्थित होकर अधोलिखित वर्णित भूमि पर अपने हित, अधिकार, मुआवजा, राशि के में हित संबंधी दावे तथा भूमि के परिमाप/नप्ती संबंधी अथवा अन्य आपत्ति (यदि कोई हो) मय अभिलेखों, दस्तावेजों, एवं प्रमाणों के साथ जारी होने की दिनांक से 30 दिवस तक **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) उज्जैन ग्रामीण जिला उज्जैन** में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें। सूचना उपरांत अनुपस्थित रहने की दशा में यह माना जाकर कि, आपको कुछ नहीं कहना है व प्रकरण की कार्यवाही विवरण सही है, एकपक्षीय कार्यवाही की जाकर निराकरण किया जावेगा :-

**अनुसूची-1**
**भूमि का वर्णन**

(क) जिला - उज्जैन
(ख) तहसील - उज्जैन
(ग) ग्राम - चिंतामन जवासिया
(घ) अर्जित रकबा - 0.568 हेक्ट.

**अनुसूची-2**
**निजी भूमि का विवरण**

| स. क्र. | भूमि स्वामी का नाम | खसरा नं. | अर्जित रकबा हेक्ट. | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 |
| 1. | रामेश्वर पिता अमरसिंह, तेजूबाई बेवा अमरसिंह | 321/1 | 0.016 | |
| 2. | भगतसिंह पिता दौलतराम जाति आंजना | 333/2 | 0.020 | |
| 3. | ज्योति पति दिलीप | 326/2/3/2 | 0.064 | |
| 4. | अंतरसिंह पिता बद्रीलाल | 325/2 | 0.001 | |
| 5. | नो हाउ टेक्नोलॉजीज डायरेक्टर पूजा तल्लेरा पति संदेश तल्लेरा | 326/1/2 | 0.013 | |
| 6. | सन्नी ट्रेडर्स कार्यालय दानीगेट उज्जैन द्वारा प्रोपायटर चन्दा कोटवानी पति जवाहरलाल कोटवानी | 327/1/2 | 0.233 | |
| 7. | प्रमोदम क्लब एंड रिसोर्ट प्राइवेट लिमिटेड बलजीत अरोरा पिता जसवंत सिंह अरोरा जाति अरोरा | 396/1/1/2 | 0.059 | |
| 8. | | 397/1/1 | 0.003 | |
| 9. | | 398/1/2 | 0.007 | |
| 10. | मांगिलाल पिता माना | 400 | 0.032 | |
| 11. | जगदीश पिता भेरूलाल जाति बांछड़ा | 401/1 | 0.058 | |
| 12. | दीपक पिता रमेश जाति बांछड़ा, सुगनबाई बेवा रमेश जाति बांछड़ा, मीराबाई पिता रमेश जाति बांछड़ा, लक्ष्मीबाई पिता रमेश जाति बांछड़ा, | 401/2 | 0.062 | |
| | | कुल रकबा | 0.568 | |

हस्ता/-
(रौशन कुमार सिंह)
कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव
म.प्र. शासन राजस्व विभाग, जिला उज्जैन (म.प्र.)

म.प्र. माध्यम/124096/2026

## न्यूज-कॉलम

### जुआ खेलते 8 आरोपी पकड़ाए, शराब और मोटरसाइकिलें भी बरामद

**मन्दसौर।** जिले के गरोठ थाना पुलिस ने ग्राम बोलिया रोड स्थित शमशान के पास दबिश देकर अवैध रूप से जुआ खेलते हुए 8 व्यक्तियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से अवैध शराब और वाहन भी जब्त किए गए हैं। प्राप्त जानकारी अनुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमलता कुरील एवं एसडीओपी विजय कुमार यादव के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी हरीश मालवीय की टीम ने 22 जनवरी को घेराबंदी कर मौके से 8 आरोपियों को पकड़ा। पुलिस ने आरोपियों से 32 हजार रू. नगद, 2 पेटी में 80 क्वार्टर अवैध देशी प्लेन शराब, 3 मोटरसाइकिलें, 3 मोबाइल फोन एवं 52 ताश पत्ते जप्त किये। पुलिस ने 8 आरोपियों सिराज पिता यूसुफ, राहुल पिता रामलाल, दयाराम पिता देवीलाल, गोपाल पिता मांगीलाल, सोनू पिता शांतिलाल, श्यामलाल पिता बालाराम, दीपक पिता श्यामलाल और राजेंद्र पिता बालाराम को पकड़ा है। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### इनामी आरोपी राजस्थान से गिरफ्तार

**मन्दसौर।** दलौदा थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के मामले में पिछले कई महीनों से फरार चल रहे 5 हजार रुपये के इनामी आरोपी जाफर पिता लाल खान को राजस्थान के डग (झालावाड़) से गिरफ्तार कर लिया है। 28 जून 2025 को दलौदा पुलिस ने महू-नीमच हाईवे पर कार्यवाही करते हुए शोयल खां निवासी सुरजनी को 150 ग्राम एम.डी. और १ किलोग्राम डोडाचूरा के साथ पकड़ा था। इस मामले में जाफर खान तभी से फरार चल रहा था। प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अब तक 10 से अधिक फरार तस्करों को सलाखों के पीछे भेजा जा चुका है।

### पुलिस ने 4 साल से फरार ईनामी स्थाई वारंटी को पकडा

**नीमच।** जिला पुलिस अधीक्षक , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवलसिंह सिसौदिया के दिशा-निर्देशन में चलाए जा रहे फरार वारंटियों की धरपकड. अभियान के तहत अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, जावद रोहित राठौर एवं थाना प्रभारी जावद जितेन्द्र कुमार वर्मा के कुशल नेतृत्व में चौकी प्रभारी सरवानिया महाराज निलेश सोलंकी व टीम द्वारा 20 जनवरी को मुखबिर सुचना पर कार्यवाही करते हुए अपराध कं. 274/19 धारा 323, 294, 506, 34 भादवि व अप.क्र. 78/19 धारा 3(1)(द) एससी एसटी एक्ट में फरार ईनामी स्थाई वारंटी रोशन पिता गब्बा बंजारा उम्र 40 साल निवासी खेरखेडा थाना जावद को पकडनें में सफलता प्राप्त हुई। उपरोक्त फरार ईनामी स्थायी वारंटी के अपराध में 4 साल से फरार चल रहा था जिसे गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। पुलिस चौकी सरवानिया महाराज टीम का सराहनीय योगदान रहा ।

### चायनीज मांझे की चपेट में आए बुजुर्ग

**रतलाम।** कस्तूरबा नगर में बाइक पर सवार एक बुजुर्ग गुरुवार दोपहर चाइनीज मांझे की चपेट में आने से घायल हो गए। जैसे ही मांझा बुजुर्ग के गले पर आया तो उन्होंने अपना बचाव करते हुए डोर को हाथ से हटाया तो डोर से सीधे नाक और आंख के नीचे गाल को चिर दिया। अपने बचाव दौरान बुजुर्ग बाइक समेत डिवाइडर से टकरा गए नीचे गिर गए। राहगीरों व परिचीत उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे। बुजुर्ग का नाम इंद्र शर्मा (60) पिता जमुनालाल निवासी नेमीनाथ विहार कॉलोनी है। जिन्हें 80 फीट रोड स्थित प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया है। इंद्र शर्मा ने बताया कि वह राम मंदिर क्षेत्र से कस्तूरबा नगर मेन रोड से होते हुए अपनी फर्नीचर की दुकान पर जा रहे थे। तभी बीच रास्ते में अचानक से डोर गले में आकर लगी। सीधे हाथ से डोर को पकड़ कर बचाव किया तो अंगूठे, गाल नाक व आंख के नीचे डोर की रगड़ लग गई। नाक व आंख के नीचे 2 सेंटीमीटर का घाव हो गया है। दोनों जगहों पर 4 से 5 टांके आए है। इंद्र शर्मा ने बताया कि अगर डोर को हाथ से नहीं हटाता तो गला कट सकता था। प तो उन्होंने अपने सीधे हाथ से बचाव किया। लेकिन डोर गले से रगड़ मांझी से एक बुजुर्ग घायल हो गया।

**सूचना**
समाचार पत्र में समाचार प्रकाशन व विज्ञापन के लिए संपर्क करें
मोबा. 7771090777, 7773077762

# एमडी ड्रग बनाने की फैक्ट्री संचालित करने वाले आरोपियों से पूछताछ जारी, 12 आरोपी को जावरा कोर्ट लेकर पहुंची पुलिस

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम

चिकलाना में एमडी ड्रग बनाने की फैक्ट्री संचालित करने वाले आरोपियों से पूछताछ जारी है। कई अहम जानकारियां पुलिस को मिली है। अब तक कुल 17 आरोपी गिरफ्तार हो चुके है। ड्रग फैक्ट्री में से मिले निलंबित सब इंस्पेक्टर रउफ खान के नाम के आईडी कार्ड को लेकर भी पुलिस ने नोटिस भेजा है।

पुलिस ने गांव में मुख्य सरगना दिलावर के भांजे नदीम के घर भी तलाशी ली। दिलावर के घर से एक बाइक भी जब्त की है। दिलावर की भांजी की ड्रग निर्माण में भूमिका आने के बाद गिरफ्तार कर लिया है। भांजी भी केमेस्ट्री की स्टूडेंट निकली है। चिकलाना में एमडी ड्रग फैक्ट्री के भंडाफोड़ के बाद हर दिन नए खुलासे हो रहे है। पुलिस हर एक पहलु को ध्यान में रख अपनी जांच को आगे बढ़ा रही है।



गिरफ्तार आरोपियों को रिमांड 22 जनवरी तक है। ऐसे में पुलिस गुरुवार को आरोपियों को जावरा कोर्ट में पेश कर और रिमांड मांग सकती है।

**निलंबित सब इंस्पेक्टर को भेजा नोटिस**

ड्रग फैक्ट्री में दबिश के दौरान पुलिस को दो साल पूर्व निलंबित सब इंस्पेक्टर रउफ खान के नाम का पुलिस आई कार्ड मिला था। साथ ही आर खान लिखी पुलिस वर्दी भी मिली थी। दो साल पूर्व अवैध गतिविधियों में संलिप्तता के चलते सब इंस्पेक्टर रउफ खान का निलंबन किया था। तब से लेकर आज तक वह निलंबित है। पीएचक्यू व सीआईडी द्वारा इसके निलंबन के केस व विभागीय जांच कर रही है। रउफ खान को भोपाल पीएचक्यू में अटैच कर रखा है। सीआईडी विभागीय जांच कर रही है। इस कारण सीआईडी के मार्फत इसको एक सूचना पत्र भेजा है। इससे पूछा गया है कि आखिर आईडी कार्ड दिलावर खान के घर से क्यों मिला है। वर्दी के संबंध में जानकारी मांगी है। इसके अलावा पुलिस के जो आईडी कार्ड जारी होते है वह इंदौर से होते है। पुलिस वहां से भी इस आईडी कार्ड के बारे में जानकारी जुटा रही है। दिलावर के बेटे अजहर का फोटो लगा एक इंडियन आर्मी जम्मू एंड काश्मीर राइफल का भी आईडी कार्ड मिला था। जिसमें अजहर ने अपने आपको लांस नायक बता रखा है। इस बारे में पुलिस तस्दीक कर रही हैष



### जंक फूड से बढ़ रहा है एनीमिया का खतरा -प्राचार्य श्री दुबे

**मन्दसौर।** पी.एम. कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में महिला एवं बाल विकास विभाग और गृह विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में च्एनीमिया रोकथाम-एक सहयोगात्मक पहलज् विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। प्राचार्य प्रो. जे.एस. दुबे ने युवाओं को आगाह किया कि जंक फूड की बढ़ती आदत बच्चों और किशोरियों में एनीमिया का मुख्य कारण है। जिला कार्यक्रम अधिकारी बी.एल. विश्नोई ने आयरन युक्त आहार और नियमित जांच के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. वर्षा सिंह राजपूत ने पीपीटी के माध्यम से पोषण प्रबंधन की जानकारी दी। कार्यशाला के दौरान आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम ममता शर्मा, द्वितीय अशरफ व तृतीय भूपेंद्र बागड़ी रहे। इस अवसर पर डॉ. टी.के. झाला, डॉ. अनिल कुमार आर्य सहित समस्त स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित थे।

## सीतामऊ में 29 से सजेगा नॉलेज कुंभ, साहित्य महोत्सव में जुटेंगी देश की जानी-मानी हस्तियां

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मन्दसौर

मंदसौर जिले के सीतामऊ स्थित नटनागर शोध संस्थान में आगामी 29 से 31 जनवरी तक द्वितीय सीतामऊ साहित्य महोत्सव का भव्य आयोजन होने जा रहा है। गुरुवार को आयोजित एक प्रेस वार्ता में कलेक्टर अदिती गर्ग ने कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा साझा करते हुए बताया कि इस महोत्सव को एक च्नॉलेज कुंभज के रूप में विकसित किया जा रहा है, जो इतिहास, संस्कृति और कला का अद्भुत संगम होगा।

तीन दिवसीय कार्यक्रम की शुरूआत प्रसिद्ध अभिनेता, संगीतकार एवं वेब सीरीज पंचायत में च्प्रधान जीज् के किरदार के लिए प्रसिद्ध रघुबीर यादव द्वारा की जाएगी। इसके अतिरिक्त प्रमुख वक्ताओं में संजीव सान्याल (अर्थशास्त्री एवं लेखक), पद्मश्री सुरेंद्र शर्मा (कवि, लेखक एवं हास्यकार), पद्मश्री ज्ञान चतुर्वेदी (कवि एवं व्यंग्यकार), आलोक



श्रीवास्तव (कवि एवं लेखक), मीर रंजन नेगी (भारतीय पुरुष हॉकी टीम के पूर्व गोलकीपर), विवेक चतुर्वेदी (कवि एवं लेखक), राजेश कुमार, निदेशक आईसीएचआर (इतिहासकार) रविंद्र कुमार शर्मा, विभागाध्यक्ष, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय (इतिहासकार), जेरी पिंटो (साहित्य अकादमी पुरस्कार विजेता लेखक), रुबीका लियाकत (पत्रकार), रजा काजमी (पर्यावरणविद्) वक्ता के रूप में शामिल होंगे।

कलेक्टर ने बताया कि इस वर्ष महोत्सव में पहली बार च्नेचर सेंससज का विमोचन किया जाएगा। साथ ही, मंदसौर के पुराने साहित्य महोत्सवों की यादों को समेटे हुए एक विशेष प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। 30 जनवरी की शाम को एक भव्य कवि सम्मेलन आयोजित होगा, जिसमें स्थानीय प्रतिभाओं को भी मंच प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि महोत्सव केवल चर्चाओं तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि आगंतुकों के लिए कई रोमांचक गतिविधियाँ भी होंगी। चंबल नदी में रिवर सफारी (मगरमच्छ व पक्षी दर्शन), नेचर वॉक और जंगल सफारी, सीतामऊ किले का भ्रमण और अफीम व क्विनोआ के खेतों का दौरा, जासु मंगानियार समूह की प्रस्तुति, कबीर स्टूडियो द्वारा लाइव संगीत, शहनाई और तबला वादन भी आकर्षक का केन्द्र रहेंगे। इस दौरान स्कूली बच्चों के लिए तारामंडल से जुड़ी गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी।

### पुलिसकर्मी ने मायके में रह रही पत्नी पर किया चाकू से हमला, आरक्षक के खिलाफ प्रकरण दर्ज

**रतलाम।** शहर के स्टेशन रोड थाने पर पदस्थ एक आरक्षक ने नीमच में अपने मायके में रह रही पत्नी पर चाकू से हमला कर दिया। बीच बचाव करने आए सास का भी आरक्षक ने गला दबा दिया। पुलिस ने आरक्षक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार शहर के स्टेशन रोड थाने पर पदस्थ आरक्षक हरिसिंह बावरी बीते दिन बुधवार रात को शराब के नशे में पत्नी जीवनबाला को लेने नीमच स्थित ग्राम केलुखेड़ा में अपने ससुराल पहुंचा। पत्नी ने उसके साथ आने से मना कर दिया। इसी बात को लेकर आरक्षण और पत्नी के बीच विवाद होने लगा। विवाद इतना बढ गया कि आरक्षक ने अपनी जेब से चाकू निकाला और पत्नी पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले से पत्नी की उंगलियों में गंभीर चोट आई। बीच बचाव करने आई सास का भी आरक्षक ने गला दबाया और उसे भी जान से मारने की धमकी देने लगा। घायल पत्नी को परिजन तुरंत अस्पताल ले गए, जहां उसका इलाज किया जा रहा है। पत्नी ने बताया कि आरक्षक पति उसे डराता धमकाता रहता है। इस वजह से वह छह माह से मायके में ही रह रही है। रात में मेरे पति नशे में आए और झगड़ा करते हुए चाकू से हमला कर दिया। नीमच सिटी थाना पुलिस ने आरोपी आरक्षक हरिसिंह बावरी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

### 1500 विद्यार्थियों के स्वर से गूंजा मंदसौर में वंदे मातरम



**मंदसौर।** गुरूवार को स्थानीय नूतन स्टेडियम में वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में केशव स्मारक समिति और भारत विकास परिषद द्वारा भव्य सामूहिक गायन का आयोजन किया गया। इस समारोह में जिले के 20 से अधिक विद्यालयों के 1500 छात्र-छात्राओं ने एक स्वर में संपूर्ण वंदे मातरम का गान कर वातावरण को देशभक्ति के रंग में सराबोर कर दिया। मुख्य वक्ता आरएसएस के मालवा प्रांत प्रचारक राजमोहन सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के दौर में देशभक्ति केवल सीमाओं पर लड़ना नहीं, बल्कि नागरिक अनुशासन का पालन करना है। उन्होंने जल संरक्षण, स्वच्छता, और बिजली की बचत को सच्ची सेवा बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सीआरपीएफ से सेवानिवृत्त डीआईजी डॉ. पी.एन. सोलंकी ने की। मंच पर जिला संघचालक दशरथसिंह झाला भी मौजूद रहे। लोटस वैली स्कूल के विद्यार्थियों ने संगठन गढ़े चलो गीत पर सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन नरेंद्र कुमार त्रिवेदी ने किया।

## ग्रामोदय से अभ्युदय के तहत आयोजित ग्राम स्तरीय हुई संगोष्ठी

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ जावरा

सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण ,स्वावलंबन, स्वदेशी भावना ,नागरिक सेवा शिक्षा एवं संस्कार नशा मुक्त समाज को संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा ।शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पात्र हितग्रा हियो को योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया जाएगा।

उक्त बात ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश अभियान के तहत आयोजित ग्राम स्तरीय संगोष्ठी में जिला समन्वयक रत्नेश विजय वर्गीय ने कही ।

कार्यक्रम के विशेष अतिथि विकासखंड समन्वयक युवराज सिंह ने कहा कि युवाओं को छोटे-छोटे प्रयास कर ग्राम विकास की परिकल्पना को साकार करने का संकल्प दिलाया तथा युवा उद्यम की दिशा में काम करें। साथ ही जैविक खेती अपना कर जहर मुक्त राष्ट्र बनावे।

ग्राम पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शंभू लाल ,नवाकुवर समिति अध्यक्ष एवं पार्षद शिवेंद्र माथुर। सरपंच सुमेर सिंह सोलंकी ,पंचायत सचिव विश्वनाथ सिंह सोलंकी, नारायण ठन्ना, सुनील देवड़ा ने भी संबोधित किया। स्वागत भाषण ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के महेश गोवरिया ने दिया ।

कार्यक्रम में बबलू सेन, महेश मेहता ,धर्मेंद्र सिंह सोलंकी, बीएल ओ राजकुमारी जायसवाल एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन युवा छात्र-छात्राएं उपस्थित थे । कार्यक्रम का संचालन ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष महेश धाकड़ ने किया ।समिति सचिव महेश मेहता ने आभार व्यक्त किया।

## विद्युत मंडल में अवैध वसूली के विरोध में कपड़े उतार कर किया अनूठा प्रदर्शन

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ जावरा

नगर में विद्युत मंडल कंपनी के कार्यालय में उसे समय हड़कंप मच गया ।जब अवैध वसूली और भ्रष्टाचार के विरोध में लोगों ने कपड़े उतार कर कंपनी कार्यालय में अधिकारियों के समक्ष जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

नगर में गुरुवार को वैध एवं अविकसित कॉलोनी में रहने वाले कुछ लोग बिजली कंपनी कार्यालय पहुंचकर वहां पर इनमें से कई लोगों ने ठंड के बीच अपनी शर्ट एवं पेट तक उतारने शुरू कर दिए। इन्हें देखकर वहां मौजूद अन्य लोग भी सकते में आ गए ।कर्मचारी एवं अधिकारी भी हडबडाट में कार्यालय के बाहर दौड़े और अपने उच्च अधिकारियों को सूचना दी। इन लोगों ने वहीं इसी अवस्था में बैठकर प्रदर्शन भी किया ।

परेशान एवं प्रभावित लोगों ने कहा कि जब इनमें वेध और अवैध कॉलोनी में नया कनेक्शन लेने के लिए नियम मांगे गए तो उनके पास कोई जवाब भी नहीं है। कई बार लिखित शिकायत भी कि बिना सहमति लगाएं गए स्मार्ट मीटर की शिकायतों का कोई जवाब या आज तक निराकरण नहीं किया गया ।

यहाँ उपस्थिति असलम मेंव ने बताया कि नगर में बिजली विभाग द्वारा अवैध एवं अनधिकृत कॉलोनी में रहने वालों से मीटर लगाने के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है। बिजली कंपनी द्वारा इनमें ४५हजार रुपए प्रारंभिक तौर पर फिर १०हजार वसूले जाते हैं। बच्चों को अंधेरे एवं गर्मी से बचाने के लिए परेशान व्यक्ति के पास जब इतने रुपए नहीं होते तो अस्थाई कनेक्शन लेने के लिए बोलते हैं। लेकिन मीटर व तार डालने के नाम पर फिर 15 हजार रुपए तक लिए जाते हैं ।लेकिन इसमें केवल ५हजार की ही रसीद दी जाती है। इतना ही नहीं बल्कि मीटर लाइन में सुधार के लिए भी कभी-कभी तीन तो कभी 5 हजार भी वसूले जाते हैं। उपस्थित लोगों ने निराकरण नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी । इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता असलम मेंव, अली जमान ,भेरूलाल नेका, मदन माली, कमलेश कीर, इरफान , दानिश हुसैन आदि कई पीड़ित लोग उपस्थित थे।

## श्री पशुपतिनाथ मंदिर में भक्तों ने चढ़ाया २५.४३ लाख का दान, गणना में विदेशी मुद्राएं भी निकली

**मन्दसौर।** विश्व प्रसिद्ध अष्टमुखी भगवान श्री पशुपतिनाथ मंदिर के दानपात्रों से निकली राशि की गणना का कार्य दो दिनों तक चला। श्रद्धालुओं की अटूट आस्था का परिणाम है कि मंदिर के भंडार से भारी मात्रा में नगदी के साथ-साथ सोना, चांदी और विदेशी मुद्रा भी प्राप्त हुई है।

मंदिर प्रबंध समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार, दान राशि की गणना का कार्य दिनांक 21 और 22 जनवरी को किया गया। प्रथम दिन गणना के दौरान 19 लाख 72 हजार 50 रुपये निकले वहीं द्वितीय दिन 5 लाख 71 हजार 300 रुपये की प्राप्ति हुई। इस प्रकार दो दिनों की कुल गणना में 25 लाख 43 हजार 350 रुपये की राशि दानपात्रों से प्राप्त हुई है।

नगदी के अलावा भक्तों ने भगवान के चरणों में आभूषण और विदेशी मुद्रा भी अर्पित की है। गणना में कुल 75 ग्राम चांदी और 22 ग्राम सोने के छोटे-बड़े आइटम प्राप्त हुए। साथ ही गणना के दौरान अमेरिका के 100 डॉलर और एक सिक्का, कतर का 50 का नोट, नेपाल का 60 का नोट व 3 सिक्के, संयुक्त अरब अमीरात का 1 सिक्का, चीन का 1 सिक्का और पॉकेन का 1 सिक्का भी मिला है। विदेशी मुद्राओं को बैंक के माध्यम से भारतीय मुद्रा में परिवर्तित कराया जाएगा। गणना के दौरान मंदिर संस्कृत पाठशाला के बटूक, प्रबंध समिति के सदस्य और संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पुलिस ने दुकान में चोरी करने वाले आरोपी को सामान सहित किया गिरफ्तार

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ नीमच

प्रदेश भर में पुलिस द्वारा चलाये जा रहे चोरी के अपराधों में आरोपियों की धरपकड हेतु अभिया न में पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीमच श्री नवलसिंह सिसौदिया व नगर पुलिस अधीक्षक सुश्री किरण चौहान के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी नीमच केंट निरीक्षक नीलेश अवस्थी के नेतृत्व में पुलिस थाना नीमचकेंट टीम द्वारा बी.एन.एस में आरोपी को गिरफतार कर चोरी किया मश्रुका व चोरी हेतु उपयोगी उपकरण जप्त करने में सफलता प्राप्त की है।

घटना 21 जनवरी को फरियादी अली अजगर बोहरा ने थाना हाजिर आकर रिपोर्ट किया की मेरी बंगला नम्बर



48, हनुमान चाट वाली गली में मेरी सैफी आयरन के नाम से स्टोर है। दिनांक 19 जनवरी की रात 19 बजे करीबन मैं मेरी उक्त दुकान से बुरहानी आयरन स्टोर भी है। दोनो दुकानो का ताला लगाकर घर चला गया था। दिनांक 20 जनवरी को सुबह 10 बजे के आस पास मैं मेरी दुकान को खोलने गया तो मेरी सैफी आयरन स्टोर का ताला खोलकर देखा तो गुल्लक का ताला टूटा पडा था। जिसके अन्दर 10-10 के नोट एवं एक आईफोन मोबाईल मय सीम के था। दो मोबाईल सैम्संग कम्पनी के एक चार्जर विवो कम्पनी का मय केबल, एक ब्लुटूथ एंव मेरा आधार कार्ड रखा था। मेरी उक्त दुकान के छत पर टीनशेड लगा है। कोई अज्ञात व्यक्ति मेरी दुकान के टीनशेड की छत पर लगे नटबोल्ट को खोलकर छत हटाकर रात्रि में दुकान के अन्दर घुसकर अन्दर रखा उक्त सामान चोरी कर ले गया है। फरियादी की उक्त रिपोर्ट पर थाना नीमचकेंट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

दौराने विवेचना उक्त अपराध में अज्ञात आरोपी की तलाश हेतु हरसम्भावित प्रयास किये जाकर लगभग 50 सीसीटीवी कैमरे देख अज्ञात आरोपी की तलाश हेतु मुखबीर मामुर किये गये। बाद दिनांक 21 जनवरी को आरोपी 1. अशफाक पिता नियाज मोहम्मद, उम्र 19 साल, निवासी वार्ड नम्बर 34 बघाना को गिरफ्तार कर सदर अपराध में पुछताछ करते उक्त आरोपी द्वारा दिनांक 19 जनवरी की रात्रि बंगला नम्बर 48 में सैफी आयरन स्टोर में घुसकर चोरी करना स्वीकार किया गया। जो उक्त आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर आरोपी अशफाक की निशादेही से अपराध में चोरी गया मश्रुका, नगदी व चोरी करने हेतु उपयोगी उपकरण जप्त किये गये है।

### युवा कांग्रेस कमेटी की बैठक गांधी भवन नीमच में आयोजित की गई

**पिपलिया मंडी।** नीमच जिला युवा कांग्रेस कमेटी की बैठक गांधी भवन नीमच में आयोजित की गई जिसमें जिला प्रभारी युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव विनोद पटेल ,सहप्रभारी शिबू शहरयार उपस्थित रहे! बैठक में यूथ कांग्रेस के आगामी कार्यक्रमों ओर रणनीति पर चर्चा की गई ,बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी विनोद पटेल ने कहा भाजपा सरकार के वादा खिलाफी के लिए कैसे युवा साथी काम करे और यूथ कांग्रेस के कार्यक्रम "चलो पंचायत" के जरिए हर गांव में गली गली पहुंच कर आमजन से चर्चा कर उनको कांग्रेस की रीति नीति को जन जन तक पहुंचाए! इसके साथ ही भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों को जनता के समक्ष उजागर करे ! पूरी यूथ कांग्रेस , दूषित पानी पिलाने वाले ,घटिया निर्माण करने वालों के खिलाफ मोर्चा खोले,! इसके पश्चात युवा कांग्रेस नीमच विधानसभा के ग्राम पंचायत घसुंडी बामनी ओर चेनपुरा खदान पहुंची ,वहां चौपाल पर ग्रामीणों से उनकी समस्याओं पर चर्चा की ! इस मौके पर चेनपुरा खदान के ग्रामीणों ने उनकी पानी की समस्या बताई!, घसुंडी बामनी के ग्रामीणों ने भी अपनी अलग अलग समस्याएं साझा की ! इसके पश्चात युवा कांग्रेस ने इन सभी जरूरी मुद्दों पर संघर्ष ओर लड़ाई लड़ने की बात कही !



### मोटर मालिक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष के नगर आगमन पर किया भव्य स्वागत



**पिपलियामंडी ।** मोटर मालिक संघ के प्रेदेश उपाध्यक्ष राजेश जटिया के पिपलिया नगर आगमन पर भव्य स्वागत अभिनन्द स्थानीय गायत्री शक्ति पीठ पर किया गया। इस अवसर पर मोटर मालिक जिला संघ के अध्यक्ष आदरणीय शेखर जी रातडिया बेगम बस मालिक सोहेल बाउजी रॉयल बस मालिक अकील कुरैशी मुन्ना भैया निक्की बस अनिल गुरु वेदी सेठ जगदीश जी चाड लाला गुर्जर पल्लव भूत वसीम रहमत मनोहर सेठ प्रेम जी पांमडा धीरज गायरी शाहिद परसराम पाटीदार दीपक शर्मा लाला बापू प्रिंस बस एवं सभी मोटर मालिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम पश्यात आभार मुकेश सोनी ने माना।

### तुरंत बालाजी मंदिर के द्वितीय स्थापना दिवस पर विशाल भंडारा सम्पन्न

**पिपलिया मंडी।** स्थानीय तुरंत बालाजी मंदिर के द्वितीय स्थापना दिवस पर विशाल भंडारा आयोजित किया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार मंदिर समिति के तत्वाधान में प्रथम यज्ञ आयोजित किया गया। नगर के कई गणमान्य दंपतियों ने यज्ञ में आहुतियां देकर धर्म लाभ लिया। तत्पश्चात कन्या भोजन बाद आयोजित भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण कर धर्म लाभ लिया।

दैनिक अवन्तिका

www.awantika.com
REGIONAL





निमार्णाधीन जपं भवन का निरीक्षण

## नये भवन निर्माण का एसडीएम, जपं अध्यक्ष और सीईओ ने किया निरीक्षण

**सारंगपुर।** सारंगपुर शहर में पुराने रेस्ट हाउस के पास निर्माणाधीन जनपद पंचायत कार्यालय भवन का बुधवार दोपहर 12 बजे सारंगपुर एसडीएम रोहित बम्हौरे ने जपं अध्यक्ष देवनारायण नागर, जपं सीईओ हेमेंद्र गोविल एवं एसडीओ कृपाल पैरवाल के साथ औचक निरीक्षण किया। एसडीएम ने मटेरियल उसकी गुणवत्ता में लापरवाही न हो, इसके संबंध में एसडीओ से बातचीत की है। इसके साथ ही साथ भवन के लिए कितनी जमीन अलॉट है, आसपास कितनी जमीन से बाउंड्रीवॉल बननी है, इस पर जानकारी ली है। सारंगपुर जनपद कार्यालय भवन अस्पताल रोड पर करीब वर्षो से संचालित है। भवन छोटा है और जगह के आभाव से कार्यालय की व्यवस्थाएं नहीं हो पा रही थीं, जिसके बाद इस भवन की स्वीकृत हुई है। जिसका निर्माण करीब 5 करोड 25 लाख रुपये की लागत से किया जा रहा है। निर्माण कार्य जारी है और जनवरी 2027 तक इसका निर्माण पुरा होना है। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद पंचायत भवन का निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता और समय सीमा में पूर्ण किया जाए।

## सारंगपुर में 23 को लगेगा विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य महाशिविर

**सारंगपुर।** अमलतास सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, देवास द्वारा कौशल विभाग एवं रोजगार विभाग राज्यमंत्री डॉ. गौतमजी टेटवाल के मार्गदर्शन एवं श्याम परिवार के सहयोग से जनहित



में एक विशाल सर्व रोग निदान महाशिविर का आयोजन आगामी 23 जनवरी शुक्रवार को सारंगपुर में किया जा रहा है। इस शिविर में हृदय रोग, कैंसर और मस्तिष्क रोग जैसी गंभीर बीमारियों का निशुल्क परामर्श और सोनोग्राफी, इसीजी, एक्सरे , खून पेशाब की जांच की जाएगी। साथ ही अमलतास आयुर्वेदिक एवं होम्योपेथिक अस्पताल के द्वारा भी निशुल्क परामर्श दिया जाएगा। साथ ही शिविर के अगले दिन चिह्नित मरीजों का निशुल्क इलाज किया जायेगा एवं अस्पताल तक जाने हेतु नि:शुल्क बस सेवा भी उपलब्ध रहेगी। यह शिविर सारंगपुर में श्री बालाजी मैरिज गार्डन, बस स्टैंड के पास सुबह 10 बजे से 3 बजे रहेगा। शिविर में आने वाले मरीज अपनी पुरानी जांच रिपोर्ट, आयुष्मान कार्ड, समग्र आईडी, वोटर कार्ड और आधार कार्ड साथ अवश्य लाएं। गौतम टेटवाल मित्र मण्डल एवं श्याम परिवार ने समस्त क्षेत्रवासियों से अपील की है कि इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाएं और अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराएं।

## यति सुमतिसुंदरजी मसा का जन्म दिवस गौ सेवा कर मनाया




**महिदपुर।** जंगम युग प्रधान,वृहद भट्टारक,खरतरगच्छाधिपति,जैनाचार्य,व्याख्यान वाचस्पति,श्री पूज्य श्री जिनचंद्र सूरिजी महाराज साहब के सुशिष्य सुमतिसुंदर जी मसा का जन्म दिवस झारड़ा कटन स्थित गौशाला में गौ माताओं को आहार करा कर मनाया।आहार में खल, कपासिया,पशु आहार,गुड़,हरा चना,जलेबी, केले,घी लगी चपाती आदि सामग्री सम्मिलित रही।श्वानों को बिस्किट खिलाए गए।यति महाराज साहब के सांसारिक सरदारमल चोपड़ा दलाल परिवार जन,इष्ट मित्र, समाज जन,रिश्तेदार आदि इस अवसर पर उपस्थित रहे।सबसे पहले गौ माताओं को नमस्कार महामंत्र नवकार श्रवण करवाया गया।

## देवपुरी गोस्वामी को राष्ट्रीय कार्यकारिणी का सदस्य नियुक्त किया




**बड़नगर।** श्री रुद्र पंचायती दशनामी अखाड़ा न्यास की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की एक बैठक नागचंद्रेश्वर मंदिर विक्रम वाटिका परिसर उज्जैन में आयोजित की गई। इसके मुख्य अतिथि रुद्र पंचायती दशनामी अखाड़ा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महामंडलेश्वर महंत रवि गिरी कच्छ गुजरात थे। इसमें राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सभी सदस्यों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष ने समाजसेवी देवपुरी गोस्वामी बड़नगर को राष्ट्रीय कार्यकारिणी का सदस्य नियुक्ती प्रमाण पत्र देकर एवं उज्जैन संभाग का प्रभारी बनाकर दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया। बैठक में गुजरात, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, मध्य प्रदेश एवं उज्जैन इंदौर के संत महंतों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। गोस्वामी की नियुक्ति पर महंत जितेंद्र भारती, किशोर गिरी, भेरू गिरी, कैलाश गिरी आदि ने बधाई दी ।

# पीएम श्री शासकीय कन्या उमा विद्यालय में वार्षिकोत्सव समारोह में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ तराना




पीएम श्री शासकीय कन्या उ मा विद्यालय में वार्षिकोत्सव के अंतर्गत पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मालवा प्रांत के सह कार्यवाह रघुवीरसिंह सिसोदिया ने पुरस्कृत छात्राओं को बधाई देते हुए अपने संबोधन में कहा कि गुरुजन ही शिक्षा दान के साथ साथ नई पीढ़ी में संस्कारों का बीजारोपण कर चरित्र निर्माण का महनीय कार्य करते हैं । और चरित्र निर्माण ही सशक्त राष्ट्र की नींव है ।

इतिहास के उज्ज्वल चरित्रों से प्रेरणा प्राप्त करके ही हम अपने जीवन को सही दिशा दे सकते हैं।विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार गेहलोत की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।विशिष्ट अतिथि के रूप में मार्केटिंग सोसायटी के अध्यक्ष लक्ष्मणसिंह बडाल, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष उमेश शर्मा, शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश रावल, विधायक प्रतिनिधि प्रदीप बाजपेई, समाजसेवी पप्पू सेठ डोडिया, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक बजरंगसिंह तोमर, नवीन हाईस्कूल के प्राचार्य बृजेश शर्मा और पत्रकार व अभिभावक पीयूष कलोसिया उपस्थित थे।

अतिथियों द्वारा सरस्वती पूजन एवम् दीप प्रज्जवलन के पश्चात मां सरस्वती की वंदना पर क्लासिक नृत्य की प्रस्तुति विद्यालय की छात्रा पायल मालवीय और शिवानी जायसवाल ने दी । छात्राओं द्वारा प्रस्तुत देश वंदना, देशभक्ति से परिपूर्ण नृत्य एवं अनुष्का मालवीय व शिवानी जायसवाल के एकल नृत्य से आयोजन का प्रारंभ हुआ । अतिथियों का अभिनंदन छात्रा कैबिनेट की अध्यक्ष तनीषा मालवीय, सुमैया शेख, आशा बडाल,लक्ष्मी चौहान दिव्यांशी कुमावत, दीपिका राठौर और गीतांजलि मालवीय ने किया। स्वागत भाषण एवं अध्यक्षीय उद्बोधन प्राचार्य अशोक गेहलोत ने दिया। वार्षिक गतिविधियों का ब्यौरा छात्रा कैबिनेट की सचिव रोशनी चौहान और उपाध्यक्ष चेरिलीशा कलोसिया ने दिया। इस अवसर पर अतिथियों के द्वारा वर्ष भर की विभिन्न सांस्कृतिक, शैक्षणिक और खेल गतिविधियों के लिए छात्राओं को विशिष्ट पुरस्कार, विशेष पुरस्कार, श्रेष्ठ पुरस्कार और विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर विद्यालय परिवार के दीपक कारपेंटर, सुषमा पाल, जगदीश पंवार , संदीप विजयवर्गीय, बत्तीलाल बेरवा, विपिन राठौर नंदकिशोर सिसोदिया, पुष्पेंद्र वर्मा,माधुरी पलिया, शकुंतला प्रजापति, दिव्या सिसोदिया, राधा राठौर, दिनेश गोयल, योगेंद्र पांडेय, किस्मतुनिशा शेख, जगदीश मालवीय, जोरावरसिंह परमार, कोमलचंद्र कुंभकार, सरिता शर्मा, शलभ पाठक, घोष प्रमुख ज्योति सोमानी, संगीत शिक्षिका सुनीता लंजवार, फरहानाज खान, लक्ष्मी सोनी, नूतन पांडे, आदित्य मालवीय, बलराम पंवार तूफान शर्मा, अतुल अवस्थी, राकेश बोड़ाना, मनीषा गेहलोत, सुरेखा जोशी, रेखा राठौर, टीना मेघवाल, रसना सोलंकी, पूजा शर्मा सहित सभी सदस्य उपस्थित थे इस अवसर पर सभी अतिथियों को विद्यालय की ओर से स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया ।

सत्ता के लिए धर्म की आड़ में राजनीति करती है

# भाजपा प्रदेश में सत्ता का दुरुपयोग कर भ्रष्टाचार कर रही- रामचंद्र दांगी

अवन्तिका ▸▸ राजगढ़-ब्यावरा



राजगढ़ जिले के ब्यावरा शहर का हृदय स्थल पीपल चौराहे पर गौ माता की सेवा सुरक्षा संरक्षण एवं राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग को लेकर एक दिवसीय उपवास पर बैठी सुश्री रचना भार्गव ने गायों की दुर्दशा को लेकर महामहीम राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन स्थानीय प्रशासन को सौपा सुश्री भार्गव ने कहा कि सत्ता में बैठे गायों के नाम पर राजनीति और भाषणबाजी करते हैं मगर ना तो गायों के लिए समुचित चारे पानी की व्यवस्था है और ना ही उनकी सुरक्षा और संरक्षण की जवाबदेही, आपने कहा कि जिले में करीब 20 गायों की दुर्दशा के चलते मौत हुई, प्रदेश की राजधानी भोपाल नगर निगम में 26 टन गौमांस से भरा हुआ ट्रक पकड़ा गया।

पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी ने कहा कि भाजपा सत्ता पाने के लिए सनातन धर्म और गौमाता की बात करती है। सत्ता पाने के बाद उन्हें इनसे कोई लेना देना नहीं, हिंदू मुसलमान और सनातन धर्म के नाम पर लोगों को डराने का काम करती है, श्री दांगी ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल में यदि गायों की इस तरह दुर्दशा होती तो भाजपा पूरे देश में अराजकता का माहौल पैदा कर देती भाजपा के शासनकाल में गौमांस खुलेआम बिक रहा, भाजपा सत्ता पाने के लिए धर्म का उपयोग करती हैं हम इसका विरोध करते हैं कांग्रेस जो कहती है वह करती है दिग्विजय सिंह के शासनकाल में गौ आयोग बनाया गया था, भाजपा धर्म की आड़ में राजनीति करती है और सनातन धर्म के नाम पर जनता को भ्रमित करती है, सरकार छोटे मोटे लोगों पर कार्रवाई कर दिखावा करती है जबकि दोषी और अपराधी सरकार में बैठकर खुले आम सत्ता का दुरुपयोग कर भ्रष्टाचार करते रहे हैं।

## चौड़ी सड़क नाली निर्माण के बाद सकड़ी हो गई

**महिदपुर।** महिदपुर रोड से घोंसला तक की सड़क 10 मीटर चौड़ी बनाने का कार्य पिछले 3 वर्षों से चल रहा है। 10 मीटर सड़क के चौड़ीकरण के साथ दोनों और नाली निर्माण किया जा रहा है यह नाली निर्माण सड़क से कई जगह 8 से 10 इंच ऊंचा होने से नाली के पास वाहनों के खड़े रहने से चौड़ीकरण का लाभ नहीं मिलते सड़के पहले से भी सकड़ी हो गई है। महिदपुर नगर, महिदपुर रोड, खेड़ा खजुरिया, भीमाखेड़ा, जमातखाने में स्पष्ट दिखाई दे रहा है। सड़को के पास नाली निर्माण से नाली के पीछे की भूमि जो वाहनों के खड़े होने के काम आती थी वह अतिक्रमण का निमंत्रण दे रही है। कई स्थानों पर सड़क चौड़ीकरण सड़क सकड़ीकरण बनता जा रहा है। सड़क निर्माण करने वाले विभाग नगरपालिका पंचायतों के सहज समन्वय बनाकर चौड़ीकरण किया जाता है तो जनता को उसका लाभ मिलता। सड़क चौड़ीकरण कार्य पूर्ण हुए एक एक वर्ष से अधिक समय हो गया है परन्तु बिजली के पोल बीच सड़क पर अभी भी खड़े हुए है। सड़क चौड़ीकरण में सभी विभागों का समन्वय बनाकर, कार्य किया जाता है तो डाक बंगले और नए थाने के आगे का नाला अलग कहानी नहीं कह रहा होता। नए थाने के सामने स्टेट बैंक के सामने पुराना बस स्टैंड , नारायणा रोड पर यातायात व्यवस्था के लिए रोटरी बनाई जाती तो सुंदरता के साथ यातायात में बार बार होने वाले जाम से बचा जा सकता था।

गणतंत्र दिवस समारोह

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले बच्चे

**सारंगपुर।** गणतंत्र दिवस बडे ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया जाना है। हमारी अपील है कि शहरवासी बढ-चढकर इस कार्यक्रम में भाग लें। गणतंत्र दिवस समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्कूली बच्चे भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले। यह हमारा राष्ट्रीय पर्व है। इसके उत्साह के साथ शामिल हो। यह बातें बुधवार को 26 जनवरी को होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर स्थानीय शा उत्कृष्ट उमावि सारंगपुर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों को लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रम चयन समिति के समक्ष हुई फाइनल रिहर्सल के दौरान समिति की अध्यक्षता करते हुए सारंगपुर तहसीलदार आकाश शर्मा ने कही। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम मे सामुहिक नृत्य देशभक्ति भावना से ओत प्रोत गीत पर आधारित प्रस्तुत किया जाएगा। विवादित गानों का प्रयोग प्रतिबंधित रहेगा। मुख्य कार्यक्रम 60 मिनिट मे प्रस्तुत किया जाएगा। उक्त समिति में तहसीलदार आकाश शर्मा, बीईओ सुरेश विरमाल, प्राचार्य पूजा विजयवर्गीय, युवा कल्याण विभाग प्रशिक्षक भरत भैरवे आदि उपस्थित रहे। दोपहर 12.00 बजे उत्कृष्ट विद्यालय सारंगपुर मे आयोजित हुई अंतिम रिहर्सल में विद्यालयवार प्रस्तुत किये जाने वाले कार्यक्रम का अंतिम चयन किया गया, जिसमें 9 विद्यालयों ने भाग लिया।



## आँखों में सपने, दिल में यादें: 12 की छात्राओं का विदाई समारोह सम्पन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ झारडा

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झारडा में प्रतिवर्षानुसार कक्षा 12 की छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन गरिमामय एवं भावनात्मक वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के पूजन के साथ किया गया।

विदाई समारोह में कक्षा 9वीं, 10वीं एवं 11वीं की छात्राओं द्वारा कक्षा 12वीं की छात्राओं को स्मृति स्वरूप भेंट प्रदान की गई। वहीं कक्षा 12वीं की छात्राओं ने विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षकों को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झारडा की प्राचार्या श्रद्धा विश्वकर्मा रहीं। विशिष्ट अतिथियों में उप प्राचार्य रामजीलाल कुमावत, आशुतोष दीक्षित, राघवेन्द्र कुमार वर्शी एवं भूपेंद्र कुमार त्रिवेदी उपस्थित रहे।

समारोह में विद्यालय के प्राचार्य नवीन कुमार गर्ग सहित हरिप्रसाद जायसवाल, संतोष कुमार सोनी, विजय कुमार पालीवाल, रामस्वरूप अहिरवार, प्रकाश जाटव, जितेन्द्र कुमावत, पूजा कुमावत, मोनिका गर्ग, चंद्रशेखर कुमावत, फूलचंद मेघवाल, मदनलाल बमनावत, विजय परमार, मुस्कान कुमावत, वर्षा ठाकुर, कमरुद्दीन मुलतानी, विक्रम प्रजापत, विष्णु कुमार पांडे, पायल मीणा, सोनिया बमिया एवं संध्या कुमावत सहित समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं तथा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कार वितरित किए गए। अंत में सहभोज का आयोजन किया गया।

# एसआइआर: फॉर्म-7 में गड़बड़ी को लेकर कांग्रेसजनों ने की एसडीएम से मुलाकात

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।

सारंगपुर के पूर्व विधायक कृष्ण मोहन मालवीय के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सारंगपुर निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम रोहित बम्हौरे से मुलाकात की और फॉर्म-7 में गडबडी की आशंका जताई। इस मौके पर मालवीय ने कहा कि फॉर्म 7 की तिथि और बूथवार जानकारी दी जाए। केवल वही फॉर्म मान्य हों, जो निर्वाचन आयोग द्वारा छपवाए गए हों। बाहर से छपे फॉर्म 7 को निरस्त किया जाए। उन्होंने मांग की कि एक दिन में अधिकतम 15 फॉर्म ही स्वीकार किए जाएं। इससे गलत नाम जोडने की आशंका कम होगी। फॉर्म 7 की अंतिम तीन दिन की जानकारी भी दी जाए, ताकि यह पता चल सके कि किस बूथ पर कितने फॉर्म जमा हो रहे हैं।

मालवीय ने आरोप लगाया कि सत्ताधारी दल के लोग सरकारी बीएलओ पर नाम कटवाने का दबाव बना रहे हैं। यह नियमों के खिलाफ है। इसे तुरंत रोका जाए। यदि कोई बीएलओ अनैतिक कार्य करता है तो उस पर तुरंत कार्रवाई हो। इस मौके पर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गेश सोमानी, पूर्व अध्यक्ष मोहम्मद अली एवं मोहन पाल सहित तहसीलदार आकाश शर्मा उपस्थित थे। एसडीएम बम्हौरे ने सभी को आश्वस्त किया कि एसआईआर के तहत पुरी तरह से निष्पक्ष रुप से मतदाता सूची का काम किया जा रहा है, किसी तरह की कोई गडबड़ी इस दौरान बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कांग्रेस ने प्रति बूथ प्रतिदिन अधिकतम 15 फॉर्म-07 की सीमा का सख्ती से पालन कराने की मांग की। साथ ही इस सीमा के उल्लंघन पर संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने का आग्रह किया गया। कांग्रेसजनों ने स्पष्ट किया गया कि किसी भी बूथ पर गलत नाम जोडने या वैध मतदाताओं के नाम काटने का प्रयास नहीं होना चाहिए। कांग्रेस ने इस तरह की किसी भी गतिविधि को लोकतंत्र के लिए घातक बताया। कांग्रेस ने अंत दिनों के बीच प्राप्त फॉर्म-07 की विशेष निगरानी और उनकी पृथक जानकारी उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि अंतिम समय में किसी भी प्रकार की अनियमितता को रोका जा सके।

## पिपलोनकलां में हिंदू सम्मेलन के तहत निकली जा रही प्रभातफेरी

**तनोडिया।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आगामी 22 जनवरी को पिपलोनकलां मंडल में हिंदू संगम सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर स्वयंसेवक पिछले महीने से ही तैयारियों में जुटे हैं। कार्यक्रम की भव्यता के लिए पिपलोन सहित पिपलिया सादिकपुर, लापाखेडी, लालाखेडी, बरखेडा, अलसिया कालियाखेडी,टुगंनी आदि गांव की टोलियां घर-घर जाकर पीले चावल और पत्रक बांटकर परिवारों को आमंत्रित कर रहे हैं। तो एक तरफ सुबह प्रभातफेरी भंजन किर्तन के साथ निकाली जा रही है। पिपलोनकलां आयोजन समिति के अनुसार सम्मेलन से पूर्व 'व्यापक जनजागरण किया जा रहा है, जिसमें महिलाएं और बच्चे भी उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। इस संगम का मुख्य आकर्षण सामूहिक सहभोज होगा, जो सामाजिक समरसता और संगठन की शक्ति का अनुपम उदाहरण पेश करेगा। बैठकों का दौर जारी है ताकि इस शताब्दी वर्ष के उत्सव को ऐतिहासिक बनाया जा सके। प्रभातफेरी में बडी संख्या में सकल हिन्दू समाज शामिल हो रहे हैं।

## आधी अधूरी चल रही स्ट्रीट लाइट जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

**तनोडिया।** नगर में आगामी राष्ट्रीय व अन्य त्योहार प्रारम्भ हो रहे है। वैसे तो स्ट्रीट लाइट वर्षों से लगी है जहां कहीं बार बीच में जिम्मेदारों के लापरवाही से बंद हो गई थी वहीं अब फिर स्ट्रीट लाइट बाजार ,गली मोहल्ले, मेन बाजार, क्षेत्र में ही चल रही जहां उसमें भी कुछ गलियो में कई अन्य जगहों पर आधी अधूरी लाइट बंद पड़ी हुई है जहां इसको लेकर कहीं बार सोशल मीडिया पर अभी जिम्मेदारों का अवगत कराया फिर भी कोई ध्यान नहीं दे रहे वही एक और नगर में से निकला आगर उज्जैन हाइवे रोड पर खीमाखेडी जोड से लगाकर रावण टेकरी तक रोड के ठेकेदार की लापरवाही की वजह से सर्विस रोड की दोनों तरफ की आधी अधुरी स्ट्रीट लाइट बंद पडी हुई है। जिससे आए दिन छोटी मोटी दुर्घटना तो आम बात हो गई है। नगरवासियों ने जिला प्रशासन व स्थानीय ग्राम पंचायत से मांग कि है कि आधी अधुरी स्ट्रीट लाइट बंद पड़ी हुई है, उसे ठीक करवाई जाए।

## श्रीमती पदमबाई पटेल का स्वर्गवास

**मक्सी।** स्व बलवंत सिंह पटेल की धर्मपत्नी एवं स्व



सिताबसिंह पटेल, मदनसिंह पटेल की माताजी नरेन्द्र पटेल की दादी माखन राहुल गणेश की दादी श्रीमती पदमबाई पटेल का स्वर्गवास 21 जनवरी को हो गया । शव यात्रा निवास बजरंग मोहल्ला से नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई मुक्तिधाम पहुंची जहां सैकड़ों की संख्या में उपस्थित लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की

## मुख्यमंत्री कृषि आधारित उद्योग की स्थापना करें-नवलखा

**महिदपुर।** महिदपुर तहसील में बैरोजगारी के कारण क्षेत्र के किसान, मजदूर, नौजवान रोजगार के अभाव



में मजबूरीवश पलायन करने के लिये विवश व लाचार होकर क्षेत्र से रोजगार की तलाश में बाहर जाने को मजबूर है। उदरपूर्ति व रोजगार के अवसर की तलाश में शिक्षित, किसान, कृषि मजदूर पलायन करने को विवश हो रहा है। क्षेत्र का नागरिक रोजगार के अभाव में भटक रहा है। क्षेत्र में लाचारी, मजबूरी व बैरोजगारी समाप्त करने क्षेत्र में कृषि आधारित उत्पादन पर वृहद पैमाने पर उद्योग स्थापित किया जावे ताकि क्षेत्र में रोजगार के अवसरों का सृजन हो सके जिससे क्षेत्र की माली हालात में सुधार होकर बिखरे हुए संगठित व असंगठित क्षमिकों को रोजगार के अवसर उत्पन्न हो सके तथा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास हो सके। म.प्र. कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता व सामाजिक कार्यकर्ता अशोक नवलखा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से क्षेत्र के माली हालत में सुधार रोजगार के अवसर उत्पन्न करने हेतु कृषि पर आधारित वृहद उद्योग स्थापित करने की मांग की है।

## साध्वी श्री शाश्वतप्रिया जी म.सा. आदि ठाणा का भव्य मंगल प्रवेश



**महिदपुर रोड।** राष्ट्रसंत श्रीमद् विजय जयन्तसेन सूरीश्वर जी महाराजा समुदायवर्ती व पुण्यसम्राट गुरुदेव की पोत्री साध्वी श्री शाश्वत प्रिया श्री जी म.सा. आदि ठाणा-4 का 21 जनवरी को सुबह रूपेटा गांव से विहार कर बुधवार को नगर के नागदा चौराहा से ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य एवं ऐतिहासिक मंगल प्रवेश हुआ। मंगल प्रवेश जुलूस में समाजजन गुरुदेव के जयघोष करते हुए श्रद्धा व भक्ति भाव से सहभागी बने। जुलूस के दौरान स्थान-स्थान पर समाजजनों द्वारा गुरुदेव की गहुली की गई एवं मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया गया। यह भव्य जुलूस नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए श्री राजेन्द्र सूरी ज्ञान मंदिर पहुँचा, जहाँ धर्मसभा में परिवर्तित हो गया। धर्मसभा को संबोधित करते हुए पूज्य साध्वी श्री ने कहा कि गुरु के प्रति सच्ची श्रद्धा और पूर्ण समर्पण ही मोक्ष का मार्ग है। उन्होंने भावपूर्ण उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे लोहे की कील जल में डालते ही डूब जाती है, वैसे ही गुरु सानि ध्य के बिना जीवन अस्थिर हो जाता है, जबकि गुरु का सान्निध्य उस नाव के समान है जो संसार रूपी भवसागर से पार लगा देता है। गुरु ही हमें असत्य से सत्य की ओर ले जाते हैं तथा अज्ञानता को दूर कर ज्ञान का प्रकाश प्रदान करते हैं। उक्त जानकारी समाज के मीडिया प्रभारी सचिन भंडारी ने दी।

'बॉर्डर 2' आज यानी 23 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। लेकिन भारत में रिलीज होने वाली इस फिल्म को खाड़ी देशों में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। जानिए आखिर क्यों खाड़ी देशों में नहीं रिलीज हो रही 'बॉर्डर 2'...

# अब 'बॉर्डर 2' भी... खाड़ी देशों में नहीं होगी रिलीज, पाकिस्तान के खिलाफ बयानबाजी बनी वजह?



सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी स्टारर 'बॉर्डर 2' रिलीज को तैयार है। फिल्म आज यानी 23 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। सेंसर बोर्ड से भी फिल्म को रिलीज की मंजूरी मिल गई है। लेकिन 'बॉर्डर 2' खाड़ी देशों में रिलीज नहीं हो सकेगी। खाड़ी देशों में इसे अभी तक रिलीज की अनुमति नहीं मिली है।

## खाड़ी देशों में अभी तक नहीं मिली अनुमति

सेंसर बोर्ड द्वारा यूए 13+ सर्टिफिकेट हासिल करने वाली 'बॉर्डर 2' के साथ ही 'धुरंधर' जैसा ही हाल होने की संभावना है। क्योंकि 'धुरंधर' भी खाड़ी देशों में रिलीज नहीं हो सकी। अब ऐसा ही 'बॉर्डर 2' के साथ भी होता दिख रहा है। 'बॉर्डर 2' को खाड़ी देशों में उसी तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा, जैसा कि पाकिस्तान विरोधी भावना वाली अधिकांश भारतीय फिल्मों के साथ होता है। ट्रेलर में देओल का 'आवाज कहां तक जानी चाहिए? लाहौर तक!' चिल्लाना इस बात का पर्याप्त सबूत है कि फिल्म अपने बयानबाजी में पाकिस्तान को बख्शने का कोई मौका नहीं छोड़ेगी। बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म को बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों में अभी तक रिलीज की अनुमति नहीं मिली है।

## अनुराग सिंह ने किया है निर्देशन

अनुराग सिंह द्वारा निर्देशित 'बॉर्डर 2' 3 घंटे 19 मिनट और 7 सेकंड लंबी फिल्म है। चूंकि फिल्म में कोई कट नहीं लगा है, इसलिए इसकी अवधि 3 घंटे से ऊपर है। फिल्म मोना सिंह, सोनम बाजवा, आन्या सिंह और मेधा राणा भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगी।

## बिना किसी कट के सेंसर से पास हुई फिल्म

'बॉर्डर 2' 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध पर आधारित है। यह फिल्म जेपी दत्ता और उनकी बेटी निधि दत्ता व भूषण कुमार की टी-सीरीज द्वारा निर्मित है। 'बॉर्डर 2' को भारत में सीबीएफसी द्वारा डायलॉग या सीन में बिना किसी कट के यूए (13+) सर्टिफिकेट दिया गया है। हालांकि, सीबीएफसी ने अपने दिशानिर्देशों के अनुसार कुछ संशोधन सुझाए हैं। जैसे युद्धक विमानों से भारतीय तिरंगा हटाने को कहा गया है। बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट के अनुसार, युद्धपोत का नाम बदलकर कवच कर दिया गया है। चूंकि बॉर्डर 2 वास्तविक जीवन पर आधारित है, इसलिए निमार्ताओं ने सीबीएफसी जांच समिति को सार्वजनिक रूप से उपलब्ध सहायक दस्तावेज प्रस्तुत किए। उनसे यह जांच करने को कहा गया कि भारतीय सेना की वर्दी के कंधे पर दिखाए गए प्रतीक चिन्ह सही है या नहीं। निमार्ताओं ने इसकी पुष्टि की और सीबीएफसी को आश्वासन दिया कि उन्होंने न केवल भारतीय सेना से, बल्कि फिल्म में वरुण धवन द्वारा निभाए गए मेजर होशियार सिंह दहिया के परिवार से भी इसकी पुष्टि की है।

## 'बॉर्डर 2' देखने के लिए बेताब हैं रितेश देशमुख

बॉलीवुड एक्टर रितेश देशमुख ने आज सोशल मीडिया हैंडल पर अपना एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह अहान शेट्टी से खास गुजारिश करते नजर आए। इस वीडियो को देखते ही अहान ने भी रितेश की यह ख्वाहिश पूरी की।

**रितेश का वीडियो:** रितेश ने इंस्टाग्राम पर अपना एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो के साथ लिखा, 'मैं अहान शेट्टी के कमेंट का इंतजार कर रहा हूं, तोकि मैं 'बॉर्डर 2' की टिकट बुक कर सकूं।' फिर रितेश ने लिखा, 'कमेंट जल्दी करो, मैं इस फिल्म को देखने के लिए बेद उत्सु दीजिए।'

**अहान का रिप्लाई:** इस वीडियो को देखते ही अहान शेट्टी ने कमेंट किया और लिखा, 'हा हा हा, ढेर सारा प्यार सर, आपने हमेशा बिना शर्त मेरा साथ दिया है, और यह ऐसी चीज है जिसे मैं इस सफर में हमेशा अपने साथ रखूंगा। दिल से आपका बहुत आभारी हूं।' अहान की इस पोस्ट पर रितेशन ने तुरंत रिप्लाई किया, 'वाह!!!! अभी टिकट बुक कर रही हूँ!!!!!! लव यू मेरे छोटे भाई - ब्लॉकबस्टर लोड हो रहा है।'

# परिवार के साथ बाहर निकलीं बिपाशा बसु, बेटी की तस्वीर लेने पर दिया रिएक्शन



बिपाशा बसु सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह अक्सर अपने परिवार की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं। हाल ही में वह अपने परिवार के साथ बांद्रा में नजर आईं। इस दौरान उनकी बेटी देवी भी उनके साथ थी। बिपाशा बसु ने वहां मौजूद फोटोग्राफरों से जो कहा उसने लोगों का ध्यान खींचा है।

## वायरल वीडियो में क्या है?

वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि बिपाशा बसु कार से निकल रही हैं। वह अपनी बेटी देवी को गोद में लिए हुए हैं। वह जब आगे बढ़ीं तो फोटोग्राफर ने बच्ची की तस्वीर लेनी चाही। इस बीच बिपाशा बसु ने बच्ची का चेहरा अपने हाथ से ढक लिया। फोटो लेने वाले शख्स से बिपाशा बसु ने पूछा कि कौन हैं आप? इसके बाद पीछे से करण सिंह ग्रोवर आए। वीडियो देख कर अंदाजा लगाया जा सकता है कि बिपाशा बसु अपनी बच्ची की प्राइवेसी का कितना ख्याल रखती हैं।

## कब हुई थी बिपाशा की शादी?

आपको बता दें कि बिपाशा बसु ने 30 अप्रैल 2016 को अभिनेता करण सिंह ग्रोवर से शादी की थी। नवंबर 2022 में दोनों ने बेटी देवी बसु का स्वागत किया।

## बिपाशा बसु और करण सिंह ग्रोवर का वर्कफ्रंट

बिपाशा बसु ने साल 2001 में फिल्म 'अजनबी' से बॉलीवुड में कदम रखा था। वह आखिरी बार फिल्म 'वेलकम टू न्यूयॉर्क' में कैमियो रोल में नजर आईं। करण सिंह ग्रोवर ने फिल्म 'अलोन' से बॉलीवुड में कदम रखा था। वह आखिरी बार फिल्म 'फाइटर' में नजर आए।

# स्टेज पर ही भावुक हो गईं रानी मुखर्जी



बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री रानी मुखर्जी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'मदार्नी 3' और करियर में 30 साल पूरे होने को लेकर चर्चाओं में हैं। फिल्म इंडस्ट्री में अपने 30 साल पूरे होने पर रानी मुखर्जी ने अपने पुराने दोस्त फिल्ममेकर करण जौहर के साथ अपने सफर पर बातचीत की। लेकिन इसी दौरान एक पल ऐसा आया, जब रानी मुखर्जी स्टेज पर ही भावुक हो गईं और उनकी आंखें भर आईं। इसके बाद स्टेज पर मौजूद करण जौहर ने रानी को संभाला और गले लगाकर उन्हें चुप कराया।

# Sport

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) अपनी जिद पर अड़ा हुआ है और उसने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि टीम भारत में टी20 विश्व कप के मैच नहीं खेलेगी। जानिए इस मामले में अब तक क्या-क्या हुआ?

# बांग्लादेश हठ पर कायम, आईसीसी की बात नहीं मानी; भारत में विश्व कप नहीं खेलने पर अड़े

**ढाका।** बांग्लादेश अपनी हठ पर कायम है और आईसीसी के अल्टीमेटम के बावजूद उसने एक बार फिर दोहराया है कि वह भारत में टी20 विश्व कप के मैच नहीं खेलेगा। ढाका में गुरुवार को बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) और खिलाड़ियों की अंतरिम सरकार के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल के साथ बैठक हुई। इस बैठक के बाद बीसीबी के अध्यक्ष अमिनुल इस्लाम बुलबुल ने बताया कि उनका रुख स्पष्ट है।

## खेल सलाहकार के साथ हुई बैठक

आसिफ नजरुल के साथ बैठक में बीसीबी अध्यक्ष अमिनुल, सीईओ निजामुद्दीन के साथ-साथ बांग्लादेश टीम के कुछ खिलाड़ी शामिल थे। ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार, खिलाड़ी विश्व कप में हिस्सा लेना चाहते हैं, लेकिन बीसीबी ने बैठक के बाद एक बार फिर पुराना राग अलापा है और कहा है कि उनकी टीम इस टूनार्मेंट के लिए भारत की यात्रा नहीं करेगी।

## अमिनुल ने आईसीसी के पाले में डाली गेंद

बैठक के बाद बीसीबी अध्यक्ष अमिनुल ने कहा, हम लगातार आईसीसी से संपर्क जारी रखेंगे। बांग्लादेश विश्व कप में खेलना चाहता है, लेकिन वे अपने मैच भारत में नहीं खेलेगा। हम लगातार लड़ाई जारी रखेंगे। आईसीसी बोर्ड की बैठक में कई आश्चर्यजनक फैसले हुए। मुस्तफिजुर का मामला एकमात्र मामला नहीं है। इसे लेकर एकमात्र फैसला भारत ले रहा है।



अमिनुल ने कहा, आईसीसी ने भारत से बाहर मैच आयोजित करने के हमारे अनुरोध को अस्वीकार कर दिया था। हमें विश्व क्रिकेट की स्थिति के बारे में कोई जानकारी नहीं है। इसकी लोकप्रियता घट रही है। उन्होंने दो करोड़ लोगों को कैद कर रखा है। क्रिकेट ओलंपिक में शामिल होने जा रहा है, लेकिन अगर हमारे जैसा देश वहां नहीं जा रहा है, तो यह आईसीसी की विफलता है। उन्होंने हमें 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया था, लेकिन वैश्विक संस्था ऐसा नहीं करती हैं। आईसीसी श्रीलंका को सह-मेजबान कह रहा है। वे सह-मेजबान नहीं हैं। यह एक हाइब्रिड मॉडल है।

## बांग्लादेश को अब भी उम्मीद

बांग्लादेश की अंतरिम सरकरार के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल ने कहा, हमें उम्मीद है कि आईसीसी हमें श्रीलंका में खेलने का मौका देगी। भारत न जाने का फैसला हमारी सरकार ने लिया है। हालांकि हमारे क्रिकेटरों ने विश्व कप के लिए क्वालिफाई करने के लिए कड़ी मेहनत की है लेकिन भारत में खेलने को लेकर सुरक्षा का खतरा अब भी बना हुआ है। यह चिंता किसी काल्पनिक विश्लेषण पर आधारित नहीं है। हम अब भी उम्मीद नहीं छोड़ रहे हैं। हमारी टीम तैयार है। हमें उम्मीद है कि आईसीसी हमारे वास्तविक सुरक्षा जोखिमों पर विचार करके हमें श्रीलंका में खेलने की इजाजत देकर न्याय करेगा।

# शरण्या राठौर ने बढ़ाया इंदौर का गौरव, रिदमिक पेयर योग स्पर्धा में स्वर्ण पदक

## मकाऊ (चीन) में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

शरण्या राठौर ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश, समाज एवं अपने विद्यालय का नाम रोशन करते हुए एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। 14-15 जनवरी, 2026 को गैलेक्सी मकाऊ (चीन) में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता में शरण्या राठौर ने विभिन्न योग स्पधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पदक प्राप्त किए। प्रतियोगिता में विश्व के 13 देशों के प्रतिभागियों ने भाग लिया, जहाँ शरण्या ने अपनी प्रतिभा, अनुशासन एवं योग साधना का प्रभावी प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के अंतर्गत रिदमिक पेयर योग स्पर्धा में स्वर्ण पदक, आर्टिस्टिक योग स्पर्धा में कांस्य पदक, एवं पारंपरिक योग स्पर्धा में चौथा स्थान प्राप्त कर शरण्या ने अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत की



गौरवशाली उपस्थिति दर्ज कराई।

इतने बड़े वैश्विक मंच पर अपने देश और विद्यालय का प्रतिनिधित्व करना शरण्या के लिए सम्मान की बात रही। उनकी यह सफलता निरंतर अभ्यास, समर्पण, अनुशासन एवं मार्गदर्शन का परिणाम है। यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार एवं विद्यालय, बल्कि संपूर्ण समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**आवश्यकता है**
कागज पत्तल बनाने हेतु पुरुष एवं महिलाओं की
पेपर ग्लास मशीन ऑपरेटर की पैकिंग हेतु महिलाओं की हेल्पर हेतु लड़को की
शीघ्र संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 इंडस्ट्रियल एरिया मक्सी रोड प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

**कृषि भूमि बेचना है**
• उज्जैन से मात्र 16 किमी पर 5 बीघा ग्राम आँवलिया में मात्र 22 लाख रुपये बीघा
• 25X60 का प्लॉट बेचना है एमपी नगर में
• 13X50 का मकान बेचना है मक्सी रोड एम आर 5 रोड पर
• 17X30 तीन मंजिला मकान बेचना है मेन रोड पर सांदीपनी नगर एम आर 5 रोड पर
मो. 9301388290, 9340903559

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है। प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**अमरूद बेचना है**
अमरूद का बगीचा जवासिया कुमार, लालपुर, उज्जैन में चार बीघा में करीब 400 अमरूद के पेड़ अच्छी बहार आई फल बेचना है।
: संपर्क :
7746856444

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**आवश्यकता**
गैस एजेंसी पर ऑफिस कार्य हेतु महिला/पुरूष की
कंप्यूटर का ज्ञान आवश्यक
गैस एजेंसी के अनुभवी को प्राथमिकता
शीघ्र संपर्क करे
मंगलमूर्ति गैस एजेंसी
नजर अली मार्ग, ललूजी एंड सस के सामने, उज्जैन
संपर्क: 9425093658

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क
9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### दिल्ली एयर शो की तैयारी के चलते फ्लाइट्स कैंसिल, इंदौर की चार उड़ानें रहेगी निरस्त

**इंदौर।** राजधानी दिल्ली में 26 जनवरी को होने वाली गणतंत्र दिवस परेड के एयर शो की तैयारियों से आम हवाई यात्री परेशान हैं। एयरफोर्स द्वारा किए जाने वाले एयर शो की तैयारी के लिए कल से दिल्ली एयरपोर्ट पर रोजाना 2 घंटे के लिए उड़ानों का संचालन बंद कर दिया गया है। इसके कारण बुधवार को इंदौर से दिल्ली के बीच संचालित होने वाली चार उड़ानें निरस्त रहीं और आज भी ये निरस्त रहेंगी। यह सिलसिला 26 जनवरी तक जारी रहेगा। विमानतल से मिली जानकारी के मुताबिक, एयर शो की तैयारी के लिए दिल्ली एयरपोर्ट पर 21 से 26 जनवरी तक रोजाना सुबह 10:20 बजे से दोपहर 12:45 बजे तक यात्री उड़ानों का संचालन पूरी तरह बंद किया गया है। इसके लिए नोटिस टू एयरमैन भी जारी किया गया है, जिसके माध्यम से दुनिया के सभी एयरपोर्ट्स को यह जानकारी दी गई है। इसी कारण इंदौर से दिल्ली जाने और वहां से आने वाली दोपहर की उड़ानों को अस्थायी रूप से निरस्त किया जा रहा है। बुधवार को एयर इंडिया की चार उड़ानें इसी क्रम में निरस्त रहीं। इनमें उड़ान संख्या एआई-1725/1860 और एआई-1787/1872 शामिल हैं। ये सभी उड़ानें सुबह से दोपहर के बीच संचालित होती हैं। एयर इंडिया के साथ ही इंडिगो की भी उड़ानें आने वाले दिनों में निरस्त हो सकती हैं। एयर इंडिया ने इस अवधि के लिए इंदौर से दिल्ली के बीच संचालित होने वाली कुछ उड़ानों की बुकिंग बंद कर दी है और वेबसाइट से हटा दिया है। उड़ानों के निरस्त होने से वे यात्री परेशान हैं जिन्होंने इनमें पहले से टिकट बुक कर रखी थी। कंपनी ऐसे यात्रियों को केवल रिफंड और रिबुकिंग का विकल्प दे रही है। आखिरी समय में उड़ानें निरस्त होने के कारण जब यात्री दूसरी उड़ानों में बुकिंग करने जाते हैं, तो उन्हें सामान्य से कहीं ज्यादा किराया चुकाना पड़ रहा है।

### इंदौर के जोन 14 में निगमायुक्त क्षितिज सिंघल ने किया निरीक्षण

**इंदौर।** इंदौर नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने गुरुवार को जोन क्रमांक 14 के अंतर्गत आने वाले सुदामा नगर, हवा बंगला रोड, 60 फीट रोड, प्रभु नगर, अन्नपूर्णा नगर सहित विभिन्न इलाकों का निरीक्षण किया। उन्होंने लोगों से बात की और गंदे पानी की समस्या और जलापूर्ति न होने से जुड़ी शिकायतें सुनीं। जलापूर्ति बाधित होने के मामलों में सुधार कार्य प्राथमिकता से करने को कहा। जल सुनवाई और जलप्रदाय समीक्षा बैठक के दौरान सामने आई शिकायतों को निगमायुक्त ने गंभीरता से लिया था। इसी के तहत वे संबंधित क्षेत्रों में जलप्रदाय और सीवरेज व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पाइपलाइन संधारण, लीकेज, वाल्व संचालन, क्लोरिनेशन तथा जलापूर्ति से जुड़े अन्य तकनीकी बिंदुओं का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन इलाकों में गंदे पानी की समस्या या जलापूर्ति बाधित है, वहां संधारण और सुधार कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि नागरिकों को स्वच्छ और नियमित पेयजल उपलब्ध कराना निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि काम पूरा होने के बाद दोबारा चेक कर सुनिश्चित करें कि समस्या का स्थायी समाधान हो। इस दौरान निगमायुक्त के साथ अपर आयुक्त आशीष पाठक, संबंधित जोनल अधिकारी, जलप्रदाय विभाग के अधिकारी व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। बता दें कि नगर निगम द्वारा हर मंगलवार को जल सुनवाई का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कई लोगों द्वारा पानी से संबंधित शिकायतें की जा रही हैं। इन्हीं शिकायतों को दूर करने के लिए निगम के अधिकारी मैदान में हैं।

### ट्रक की चपेट में आए बाइक सवार की मौत, हादसे के बाद चालक फरार

**इंदौर।** इंदौर के भंवरकुआ थाना क्षेत्र में नेमावर रोड पर प्रभु तोल कांटे के पास गुरुवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान राजेन्द्र शर्मा (45) पिता बाबूलाल शर्मा निवासी सिल्वर कॉलोनी के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार राजेन्द्र अपनी मां को बाइक पर बैठाकर बुआ के घर खजराना छोड़ने गए थे। बुआ के घर में शादी है। इसके बाद उन्हें अपनी कंपनी जाना था। इसी दौरान रास्ते में यह हादसा हो गया। राजेन्द्र ने हेलमेट पहना था पर ट्रक का पहिया उनके कंधे के पास से पेट के ऊपर चढ़ गया, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद आक्रोशित लोगों ने ट्रक को मौके पर ही रोक लिया, हालांकि चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक को जब्त कर लिया। पुलिस ने शव को पोस्ट मार्टम के लिए मचुर्री भिजवाकर मामले की जांच शुरू कर दी है। फरार ट्रक चालक की तलाश की जा रही है। भंवरकुआ थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक युवक का शव उसके घर में फंदे पर लटका मिला। परिजन उसे तत्काल नजदीकी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। भंवरकुआ पुलिस के अनुसार भावना नगर निवासी मोहित आर्य (19) पिता दीपक आर्य ने अपने घर की दूसरी मंजिल पर सीढ़ियों के पास फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह सबसे पहले उसके चाचा रवि ने उसे फंदे पर लटका देखा, जिसके बाद परिवार में हड़कंप मच गया। परिजनों ने बताया कि मोहित नगर निगम की कचरा गाड़ी पर हेल्पर था। मृतक के पिता ने आशंका जताई है कि मोहित का एक युवती से प्रेम प्रसंग था। संभवतः इसी कारण उसने यह कदम उठाया हो। मोहित तीन भाइयों में बीच का था। पिता मंडी में लोडिंग वाहन चलाते हैं।

### 9 पुलिसकर्मियों के खिलाफ जांच जेल में हुई थी युवक की मौत

**इंदौर।** इंदौर में कानून की रखवाली करने वाली वर्दी पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। ब्राउन शुगर के आरोप में पकड़े गए गंभीर रूप से बीमार युवक की जिला जेल में मौत के बाद सामने आए आरोपों ने पुलिस कार्रवाई की प्रक्रिया, गिरफ्तारी की वैधता को लेकर नई बहस छेड़ दी है। पीड़ित परिवार का दावा है कि युवक को बिना एफआईआर घर से उठाया गया, अवैध वसूली की गई और बाद में झूठे एनडीपीएस केस में फंसाया गया। जब पुलिस स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो जिला न्यायालय ने एमआईजी थाने के 9 पुलिसकर्मियों के खिलाफ जांच शुरू कर दी है। मामला 15 नवंबर 2024 का है। आरोप है कि जिस युवक को पुलिस ने घर से उठाया था वह टीबी का मरीज था। उसकी बहन राधिका सोनी पुत्री सुरेश सोनी, निवासी प्रकाशचंद्र सेठी नगर ने 23 मई 2025 को पुलिस कमिश्नर को शिकायत सौंपी थी। शिकायत में भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2), 127(2), 140(3), 201, 217, 229, 233, 238, 257, 308(6), 61(बी) और एनडीपीएस एक्ट की धारा 58 के तहत एमआईजी थाने के 9 पुलिसकर्मियों पर गंभीर आरोप लगाए गए थे। इसके बावजूद कार्रवाई नहीं होने पर राधिका ने वकील कृष्ण कुमार कुन्हारे एवं डॉ. रूपाली राठौर के माध्यम से जिला न्यायालय इंदौर में 8 जनवरी 2026 को परिवाद पेश किया। जिसके बाद कोर्ट ने जांच के आदेश दिए हैं। पीड़िता ने न्यायालय को बताया कि उसके भाई अजय सोनी को शासकीय टीबी अस्पताल इंदौर से छुट्टी दिलाकर घर लाया गया था। डॉक्टरों की सलाह अनुसार परिवार उसकी देखभाल कर रहा था। बीमारी के कारण अजय का वजन लगभग 30 किलो रह गया था। डॉक्टरों ने भी जवाब दे दिया था।

# दूषित पानी ने चार बेटियों का पिता छीना

## आंखों में रह गए आंसू और यादें, 15 दिनों से 2 लोग अब भी वेंटिलेटर पर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर





इंदौर के भागीरथपुरा इलाके में दूषित पानी के चलते चार बेटियों के सिर से पिता का साया उठ गया। घर के कमाने वाले मुखिया की तबीयत दूषित पानी के कारण बिगड़ी और कुछ ही दिनों में उन्होंने दम तोड़ दिया। पिता की मौत के बाद परिवार के सामने सवाल है- अब क्या होगा...?

हेमंत गायकवाड़ (50) की मंगलवार रात को अस्पताल में मौत हो गई। पहले तबीयत ज्यादा बिगड़ी तो उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया। थोड़ी देर बाद डॉक्टरों ने उन्हें घर ले जाने को कह दिया। ये बात सुनकर परिवार के पैरों तले जमीन खिसक गई। कुछ दिनों पहले तक जो हेमंत गायकवाड़ अपने ई-रिक्शा से स्कूली बच्चों को लाते ले जाते थे, वे इस दुनिया को अलविदा कह गए। हालांकि प्रशासन ने उनकी मौत डायरिया से नहीं होने की बात कही है। हेमंत गायकवाड़ की मौत के बाद बुधवार को भागीरथपुरा स्थित घर से उनकी अंतिम यात्रा निकाली गई। इस दौरान पत्नी कल्पना उर्फ टीना, बड़ी बेटी रिया (22), उससे छोटी जिया (21), खुशबू (15) और सबसे छोटी मनाली (12) का रो-रोकर बुरा हाल रहा। परिवार के लोग उन्हें ढांढस बंधाने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने कभी सोचा भी नहीं होगा कि दूषित पानी की वजह से इतने सालों का साथ चंद पलों में छूट जाएगा। पत्नी अपने पति को और बेटियां अपने पिता को आखिरी बार जाते हुए देखते हुए रो रही थीं। हेमंत गायकवाड़ के छोटे भाई संजय गायकवाड़ ने बताया कि दो साल पहले ही घर बनाया था। दोनों भाइयों के परिवार यहीं रहते हैं। जब घर बना था तब भाई ने घर के मेन गेट के बाहर पितृ छाया की प्लेट लगवाई थी। पितृ छाया यानी जहां पिता की छाया हो, लेकिन इस घर से और चार बेटियों के सिर से पिता का साया ही हमेशा के लिए उठ गया। संजय ने बताया कि हेमंत की सबसे बड़ी बेटी रिया का कॉलेज पूरा हो गया है। दूसरी बेटी जिया थर्ड ईयर में पढ़ाई कर रही है। तीसरी बेटी खुशबू 11वीं क्लास और सबसे छोटी मनाली 7वीं क्लास में पढ़ाई कर रही है। पत्नी घर से सिलाई का काम करती है। उन्होंने बताया कि बड़े भाई हेमंत की तबीयत 15 दिन पहले खराब हुई थी। दूषित पानी के कारण उन्हें दस्त की शिकायत हुई। उन्हें दवा दी, दवा से दस्त तो बंद हो गए, लेकिन उनके पैर में सूजन आ गई।

### 12 साल की मासूम ने दी पिता को मुखाग्नि

अंतिम यात्रा मालवा मिल मुक्तिधाम पहुंची, जहां अंतिम संस्कार की सभी प्रक्रिया हुई। सबसे छोटी बेटी मनाली भी पहली बार मुक्तिधाम पहुंची। उसकी आंखों से आंसू रुकने का नाम नहीं ले रहे थे। मासूम बच्ची ने कभी सोचा भी नहीं था कि पिता को इस हालत में देखना पड़ेगा। सभी प्रक्रिया पूरी होने के बाद चाचा संजय गायकवाड़ के साथ मिलकर मनाली ने अपने पिता को मुखाग्नि दी। इस पल ने वहां मौजूद सभी लोगों को झकझोर कर रख दिया। हर किसी की आंखें नम हो गईं।

# नर्मदा प्रोजेक्ट में एक और भ्रष्टाचार का खुलासा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

भागीरथपुरा में दूषित पानी से 25 लोगों की मौत के बाद नर्मदा जल परियोजना को लेकर एक और बड़ा भ्रष्टाचार सामने आया है। नगर निगम द्वारा 25 करोड़ रुपए प्रतिमाह बिजली बिल बचत के दावे के साथ 2022 में ग्रीन बॉन्ड के जरिए जुटाए गए 277 करोड़ रुपए अब सवालों के घेरे में हैं।

पूर्व पार्षद दिलीप कौशल ने इस मामले में प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और सीबीआई को प्रमाणों सहित ई-मेल भेजकर सीबीआई जांच की मांग की है। उनका आरोप है कि नगर निगम ने जलूद सौर ऊर्जा परियोजना पर 308 करोड़ रुपए खर्च किए, इसके बावजूद आज भी पीने के पानी के नाम पर हर माह करोड़ों रुपए का बिजली बिल चुकाया जा रहा है। साथ ही, ग्रीन बॉन्ड पर 8.25 प्रतिशत की दर से ब्याज भी लगातार दिया जा रहा है, जिससे नगर निगम को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है। कौशल ने आरोप लगाया कि ठेकेदार को जुलाई 2025 तक काम पूरा कर लेना था। लेकिन इसके बाद भी पूरा नहीं हुआ है। इतना ही नहीं नगर निगम को भी अनुबंध के अनुसार प्रोजेक्ट में देरी होने पर हर सप्ताह 0.5 प्रतिशत की दर से ब्याज वसूला जाना था, लेकिन नगर निगम ने ठेकेदार को अवैध रूप से लाभ पहुंचाया है।

# एयर इंडिया की लापरवाही से यात्री रातभर परेशान

## दंपती ने पुणे एयरपोर्ट की कुर्सियों पर गुजारी रात, ठहरने और न खाने की व्यवस्था की

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

एयर इंडिया की अव्यवस्था और लापरवाही का खामियाजा इंदौर की एक दंपती को भुगतना पड़ा। इंदौर से केरल घूमने के बाद कोच्चि से वापस इंदौर लौट रहे इस दंपती की यात्रा एयरलाइन की बार-बार फ्लाइट रिशेड्यूलिंग के कारण लगभग 16 घंटे से ज्यादा लेट हुई और दोनों को एयरपोर्ट की कुर्सियों पर रात गुजारना पड़ी। कल शाम के बजाय दोनों आज सुबह पुणे होते हुए इंदौर पहुंचे।

खातीवाला टैंक में रहने वाले आईटी प्रोफेशनल योगेश वाधवानी अपनी पत्नी खुशबू के साथ 7 दिनों के केरल टूर पर गए थे। कल वापसी में एयर इंडिया की कोच्चि से दिल्ली और दिल्ली से इंदौर की फ्लाइट बुक की थी। कोच्चि से दिल्ली जाने वाली फ्लाइट दोपहर 1.20 बजे रवाना होकर 4.30 बजे दिल्ली पहुंचना थी और दिल्ली से 6.50 बजे इंदौर की फ्लाइट थी।

योगेश ने बताया कि कोच्चि से ही फ्लाइट को कई बार रिशेड्यूल किया गया। पहले इसे 4.30 बजे जाना बताया गया, फिर 5.30 बजे, आखिरकार यह 5.42 बजे रवाना हुई और रात 8.21 बजे दिल्ली पहुंची। इस देरी के कारण दिल्ली-इंदौर की फ्लाइट पहले ही रवाना हो चुकी थी। योगेश ने बताया कि उन्हें दिल्ली से इंदौर की इंडिगो में शिफ्ट किया जाना था, जिससे वे रात को ही इंदौर पहुंच सकते थे, इसके बजाय कंपनी ने उन्हें पुणे जाने को कहा।

### दिल्ली से भेजा पुणे, रात कुर्सियों पर गुजारी

- पूरे दिन कोच्चि एयरपोर्ट पर इंतजार के दौरान यात्रियों को न तो लाउंज की सुविधा दी गई और न ही भोजन या विश्राम की कोई व्यवस्था की गई। कनेक्टिंग फ्लाइट छूटने के बाद एयर इंडिया ने वैकल्पिक व्यवस्था के तहत दंपती को दिल्ली से पुणे भेजा और फिर पुणे से सुबह इंदौर भेजने का प्लान बताया।
- रात 2.30 बजे उन्हें पुणे भेजा गया, यहां भी ना तो ठहरने की व्यवस्था की ना खाने पीने की। पूरी रात उन्होंने पुणे एयरपोर्ट की कुर्सियों पर गुजारी। यहां से सुबह की एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट से 9.10 बजे इंदौर पहुंचे। एयर इंडिया के अधिकारियों से बात करने की कोशिश की गई पर किसी ने जवाब नहीं दिया है।

### डीजीसीए के नियम

- नागर विमानन महानिदेशालय के नियमों के अनुसार, घरेलू फ्लाइट्स में डिले/कैंसिलेशन पर कंपनसेशन का प्रावधान है।
- 2 घंटे से ज्यादा डिले पर भोजन/रिफ्रेशमेंट 3-6 घंटे या ज्यादा डिले पर होटल/लाउंज (अगर ओवरनाइट)
- डिले की वजह एयरलाइन की (जैसे ऑपरेशनल) होने पर 5 हजार से 10 हजार तक मुआवजा (डिस्टेंस और डिले टाइम पर निर्भर)

कैलाश ॐ शिव शंकर यात्रा प्राइवेट लिमिटेड
7/1 परदेशीपुरा, मैन रोड, इंदौर
9302065100 - 9827072550 - 9589614200
एक धाम जगन्नाथपुरी, गंगासागर, कोलकाता यात्रा विवरण
यात्रा सुविधाएं
- दो समय भोजन, एक समय चाय नाश्ता
- टूर गाइड सुविधा
- आवास हेतु (Non AC) 4 बेड वाले रूम की सुविधा
- टेम्पो ट्रैवलर अथवा बस द्वारा भ्रमण
- आने जाने की स्लीपर ट्रेन टिकट
यात्रा प्रस्थान - 11, 25 मार्च 8,17,29 अप्रैल 2026
- प्रथम दिवस : इंदौर रेलवे स्टेशन से प्रस्थान पुरी हेतु दोपहर 3 बजे
- दूसरा दिन : पुरी आगमन, रात्रि विश्राम पुरी
- तीसरा दिन : समुद्र स्नान, जगन्नाथ मंदिर दर्शन सिंह द्वार एवं कोणार्क सूर्य मंदिर, भुवनेश्वर में लिंगराज मंदिर रात्रि विश्राम ट्रेन अथवा स्लीपर बस में
- चौथा दिन: कलकत्ता आगमन गंगासागर में सागर स्नान, कपिल मुनि मंदिर दर्शन रात्रि गंगासागर
- पांचवा दिन :कालीमाता मंदिर, विक्टोरिया मेमोरियल, हावड़ा ब्रिज
- छठा दिन :कलकत्ता से वापसी ट्रेन
इस यात्रा के अंत में जो यात्री नेपाल काठमांड बनारस यात्रा करना चाहेंगे उनके लिए 6000 रु प्रति सवारी अतिरिक्त
यात्रा शुल्क 15,500 प्रति सवारी
3 सी यात्रा (एसी होटल एवं गाडी सहित) किराया 22,500 रु प्रति सवारी

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

स्थान परिवर्तन
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पेंट्स, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

उज्जैन में पहली बार मालवा का नया स्वाद
नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

आवश्यकता है
(1) अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की
कार्य समयः दोपहर 12 से शाम 6
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो
कार्य समयः सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)
बागड़िया न्यूज़ एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com